


खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | शुक्रवार, 10 मई, 2024 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | epaper.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-6 रु. | वर्ष-6 | अंक-130

### आरएसएस नाम का फर्जी संगठन बना कर किया जा रहा दुष्प्रचार

# फर्जी वीडियो, फर्जी आरएसएस... सारे हथकंडे आजमा रहे 'इंडी'

### शैतानी हरकतों में शामिल तत्वों की पहचान हुई, गिरफ्तारी नहीं

कांग्रेस और इंडी गठबंधन में शामिल कुछ दलों ने लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए सारे हथकंडे इस्तेमाल किए। इसकी तैयारियां पहले से चल रही थीं। इन्हें लोकसभा चुनाव के मौके पर आजमाया गया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का फर्जी वीडियो हो या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नाम से फर्जी संगठन बना कर तरह-तरह के प्रचार और पर्चे छाप कर बांटे जाने लगे। पुलिस के आला अधिकारी आरएसएस नाम का संगठन बना कर दुष्प्रचार किए जाने को फ्रॉडगीरी का चरम बताते हैं। संघ के नाम का संगठन बना कर विपक्षी एजेंडा चलाने वाले सरगना जनार्दन मून और मुहम्मद पाशा समेत कई लोगों का पता चला लेकिन उनकी गिरफ्तारी अब तक नहीं हुई है।

छद्मी सेकुलर तत्व भाजपा सरकार और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बदनाम करने के लिए सारे हथकंडे अपनाते हैं। इसके लिए इन लोगों ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ नामक एक संगठन ही बना लिया है। जनार्दन मून राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का संस्थापक अध्यक्ष बना हुआ है। वह जगह-जगह कार्यक्रम करता है और डॉ. हेडगेवार द्वारा स्थापित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को बदनाम कर रहा है। उसने शैतानी की हदें पार कर दीं। उसने नागपुर में बाकायदा संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर यह घोषणा की कि लोकसभा चुनाव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने कांग्रेस का समर्थन करने का निर्णय लिया है। आप समझ सकते हैं कि इन तत्वों की मंशा लोकसभा चुनाव को लेकर क्या थी। खूबी यह है कि संघ के खिलाफ हो रहा षडयंत्र संघ मुख्यालय के जनपद नागपुर में ही हो रहा था।

**शुभ-लाभ चिंता**

जालसाज मून और पाशा के खिलाफ नागपुर के सीताबर्डी थाने में मुकदमा भी दर्ज हुआ है, लेकिन उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

लोकसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच ही जनार्दन मून और पाशा एवं उसके पीछे बैठे इंडी तत्वों ने अपनी गतिविधियां तेज कर दीं। इन्हीं हरकतों में शामिल थी संघ द्वारा कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा। इस फर्जी प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा गया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में संघ कांग्रेस का समर्थन कर रहा है। जालसाजों का दुस्साहस इतना कि प्रेस कॉन्फ्रेंस का वीडियो भी यूट्यूब पर अपलोड कर दिया गया। नतीजतन पूरे देश में यह भ्रम फैलने लगा कि संघ कांग्रेस का समर्थन कर रहा है। अखबार वालों का स्तर देखिए कि उन्हें फर्जी संघ की करतूत पता नहीं चली और अखबारों में खबरें भी छाप दीं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने निर्वाचन आयोग से इस फर्जीवाड़े के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।ऐसी हरकत पहली बार नहीं हुई है। आरएसएस के नाम का इस्तेमाल करने और संगठनों की छवि खराब करने के लिए फर्जी बातें फैलाने की कोशिशें पहले भी होती रही हैं। कुछ ही अर्सा पहले इंदौर पुलिस ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और बजरंग दल के खिलाफ आपत्तिजनक सामग्री वाले पर्चे बांटने के आरोप में 10 लोगों को गिरफ्तार किया थै। कुछ दिनों पहले आरएसएस ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के हजरतगंज पुलिस स्टेशन में आरएसएस के बारे में फर्जी खबर छापने और फैलाने के लिए तीन प्रमुख समाचार पत्रों के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई थी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के नाम का भी फर्जी पत्र प्रसारित कर देश में माहौल खराब करने की भी कोशिश की जा चुकी है।

### प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट चिंताजनक

# तेजी से घट रहे हिंदू तेजी से बढ़ रहे मुस्लिम

**65 साल में मुस्लिम आबादी 43.15% बढ़ी**

**65 साल में हिंदुओं की आबादी 7.8 प्रतिशत घटी**



**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के एक अध्ययन से पता चला है कि 1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी में 7.8 फीसदी की तेजी से गिरावट आई है। इस आंकड़े के सामने आते ही राजनीतिक गलियारे में हलचल मच गई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। अब भाजपा ने इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उसका कहना है कि अगर देश कांग्रेस के हवाले कर दिया गया तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।

भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने बुधवार को ईएसी-पीएम की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया। उन्होंने कहा, 1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी में 7.8 फीसदी की कमी आई है। वहीं, मुस्लिम आबादी में 43.15 फीसदी की वृद्धि हुई है। कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही किया है।

▶9पर

### जनसंख्या कानून ही एकमात्र उपाय है

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट से देश में सियासत गर्म होने लगी है। सियासी गलियारों से लेकर सामाजिक स्तर तक यह कहा जाने लगा है कि अगर हिंदुओं की आबादी कम हो रही है तो जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाए जाने की तैयारी की जानी चाहिए। कुछ लोगों का यह भी कहना है कि जब अभी तक जनगणना नहीं हुई है,

▶9पर

### तेलंगाना के भोंगिर में बोले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह

# तेलंगाना में मुस्लिम तुष्टिकरण का 'एबीसी' त्रिकोण

**ए-एआईएमआईएम**
**बी-बीआरएस**
**सी-कांग्रेस : (ए-बी-सी)**

**तेलंगाना को इस्लाम के आधार पर चलाना चाहते हैं इंडी दल**



**भोंगिर (तेलंगाना), 09 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तेलंगाना के लोगों से 10वीं लोकसभा में भाजपा को आशीर्वाद देने की अपील की और तेलंगाना को देश में नंबर एक राज्य बनाने का वादा किया। भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि तेलंगाना से दोहरे अंकों में विजय मिलने से भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को देश भर में 400 का आंकड़ा पार करने में मदद करेगी। 2019 के चुनावों में तेलंगाना के लोगों ने हमें चार सीटें दीं। हम इस बार 10 से अधिक सीटें जीतेंगे।

केंद्रीय गृह मंत्री ने दावा किया कि अब तक हुए तीन चरणों के चुनाव में पार्टी 200 के करीब पहुंच चुकी है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बीच है। उन्होंने कहा, यह चुनाव जिहाद के लिए वोट बनाम विकास के लिए वोट, एक परिवार के कल्याण बनाम लोगों के कल्याण और राहुल गांधी की चीनी गारंटी बनाम मोदी की भारतीय गारंटी के बारे में है।

▶9पर

### अमेरिकी मीडिया ने कहा, भारत आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर

# पीएम मोदी भारत को दे रहे नया आकार

**नई दिल्ली, 08 मई (एजेंसियां)।** भारत 21वीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की ओर अग्रसर है और आने वाले दशकों में वह यह मुकाम हासिल कर लेगा। भारत निवेशकों और आपूर्ति श्रृंखला के जोखिमों को कम करने के लिए चीन के विकल्प के तौर पर उभर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, कारोबारी मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी भारत को आर्थिक महाशक्ति बनाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

यह दावा अमेरिकी मीडिया सीएनएन की ताजा रिपोर्ट में किया गया है।रिपोर्ट में कहा गया है कि विकास को बढ़ावा देने के लिए



पीएम मोदी सरकार ने सड़कों, बंदरगाहों, हवाई अड्डों और रेलवे के निर्माण पर अरबों खर्च करके बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में बदलाव का कार्य शुरू किया है। भारत डिजिटल कनेक्टिविटी को भी काफी बढ़ावा दे रहा है, जिससे वाणिज्य और दैनिक जीवन दोनों में सुधार हो सकता है। देश इस क्रांति की ओर बढ़ रहा है। अडाणी और अंबानी दोनों इसमें अहम सहयोगी बन गए हैं। 2023 में 3.7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के साथ भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, जिसने पीएम मोदी के कार्यकाल के एक दशक के दौरान रैंकिंग में चार स्थानों की छलांग लगाई और ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया।

▶9पर

### लोकसभा चुनाव 2024

# चक्रव्यूह में आंध्र प्रदेश के धुरंधर

**अमरावती, 09 मई (एजेंसियां)।** सिद्धम। तेलुगु के इस शब्द का अर्थ है तैयार। विजयवाड़ा से विशाखापत्तनम और तिरुपति तक आंध्र प्रदेश में जगह-जगह सिद्धम के पोस्टर या बैज लगाए लोग दिखते हैं। चुनावी जंग में विपक्ष के सियासी चक्रव्यूह को मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी मेमंता-सिद्धम (हम तैयार हैं) नारे के साथ तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं। दरअसल, 2019 के चुनाव में एकतरफा जीत दर्ज करने वाले जगन इस बार चारों ओर से घिरे हैं। उनकी युवजन श्रमिक रायथु कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) के खिलाफ चंद्रबाबू की



तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) भाजपा और फिल्म स्टार पवन कल्याण की जन सेना को साथ लेकर मैदान में हैं। सीएम की सगी बहन भी उन्हें चुनाव मैदान में चुनौती दे रही है। ऐसे में सिद्धम नारे से जगन रेड्डी यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि वह जनता के सहारे इन सबसे लड़ने को तैयार हैं। लेकिन एंटी इनकंबेंसी, जातीय समीकरण और विपक्ष की मोर्चाबंदी उनके सामने बड़ी चुनौती है। आंध्र में 13 मई को लोकसभा के साथ विधानसभा का भी चुनाव है। इस चुनाव में विरासत की जंग, पारिवारिक ड्रामा, बदले की राजनीति, लोकलुभावन स्कीमों और बदले जातीय समीकरणों के बीच जगन मोहन रेड्डी और

▶9पर

### कार्टून कॉर्नर




### सर्राफ़ा बाज़ार



(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 74,140/- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 85,675/- (प्रति किलोग्राम)

### अकबरुद्दीन ओवैसी बनाम नवनीत राणा : 15 मिनट बनाम 15 सेकंड

### असदुद्दीन ओवैसी ने तब क्यों नहीं किया था भाई के बयान का विरोध?

# जैसे को तैसा... फिर दुख कैसा?

**हैदराबाद, 09 मई (एजेंसियां)।** चुनावी माहौल में विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता अपने विवादास्पद बयानों और प्रतिकारात्मक जवाबों के कारण चर्चा में बने रहना चाहते हैं। एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी के भाई अकबरुद्दीन ओवैसी ने कुछ अर्सा पहले हिंदुओं को धमकी देते हुए कहा था, अगर 15 मिनट के लिए पुलिस हटा ली जाए तो हम दिखा देंगे कि हम क्या हैं। अकबरुद्दीन के उस विवादास्पद बयान का अब जवाब देते हुए भाजपा की नेता नवनीत राणा ने कहा, छोटे भाई साहब आपको तो 15 मिनट लगेंगे, लेकिन हमें सिर्फ 15 सेकेंड लगेंगे। 15 सेकेंड के लिए अगर पुलिस हटी तो छोटे-बड़े को यह पता भी नहीं चल पाएगा कि वे कहां से आए और कहां गए। नवनीत राणा के इस जवाबी बयान पर एआईएमआईएम नेता वारिस पठान ने कहा कि नवनीत राणा समझ गई हैं कि वह बुरी तरह से हार रही हैं, इसलिए यह सब बकवास कर रही हैं।

हैदराबाद से भाजपा प्रत्याशी



माधवी लता के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए नवनीत राणा ने एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी और उनके भाई पर जमकर निशाना साधा था। राणा ने बिना नाम लिए कहा था, छोटा भाई बोलता है कि 15 मिनट के लिए पुलिस को हटा दो फिर हम दिखाते हैं, हम क्या करते हैं तो मैं उनको कहना चाहती हूं कि छोटे भाई साहब आपको तो 15 मिनट लगेंगे, लेकिन हमें सिर्फ 15 सेकेंड लगेंगे। 15 सेकेंड के लिए अगर पुलिस को हटाया तो छोटे-बड़े को यह पता भी नहीं चल पाएगा कि वे कहां से आए और कहां गए। नवनीत राणा ने इस भाषण का वीडियो भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। साथ ही उन्होंने इसमें दोनों ओवैसी बंधुओं को भी टैग किया है। भाजपा नेता नवनीत राणा ने यह भी कहा था कि अगर आप एआईएमआईएम और कांग्रेस को वोट देते हैं, तो यह सीधे पाकिस्तान चला जाता है। एआईएमआईएम नेता वारिस पठान ने कहा, अगर पुलिस को 15 सेकंड के लिए हटा दिया जाए तो आप क्या करेंगे? सभी मुस्लिमों को मार डालेंगे? पुलिस प्रशासन क्या कर रहा है? अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं की गई? चुनाव आयोग क्या कर रहा है? क्या चुनावों में ऐसे बयानों की अनुमति है? हम चाहेंगे कि चुनाव आयुक्त इस बयान पर संज्ञान लें और कड़ी कार्रवाई करें। वारिस पठान ने यही सवाल अकबरुद्दीन ओवैसी से नहीं पूछी थी।

▶9पर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : $36^0$
न्यूनतम : $26^0$

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की हत्या, पुलिस ने भारतवंशी दो भाइयों को गिरफ्तार किया



**कैनबरा, 09 मई (एजेंसियां) ।**

आस्ट्रेलिया में भारत के 22 साल के एमटेक में पढ़ रहे छात्र की हत्या में भारतीय मूल के दो भाई को आस्ट्रेलिया पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। इन्हें मेलबर्न मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया जाएगा। करनाल के मुनक क्षेत्र के गगसीना गांव के नवजीत सिंह की ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में चाकुओं से सीने पर तीन वार कर हत्या की थी। उसकी हत्या के आरोप में 26 वर्षीय अभिजीत और 27 वर्षीय रॉबिन गार्टन को मंगलवार को न्यू साउथ वेल्स के गॉलबर्न शहर से गिरफ्तार किया। पुलिस उन्हें विक्टोरिया प्रत्यर्पित करने की तैयारी कर रही है। बता दें के कि नोबल पार्क के नवजीत संधू की हत्या और नोबल पार्क के अन्य व्यक्ति को घायल कर दोनों भाई भाग रहे थे। पुलिस ने दोनों गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने बताया कि पर हत्या और दूसरे पर मारपीट का आरोप लगाया गया है। नवजीत के पिता जितेंद्र संधू ने बताया कि उसका 22 बेटा नवजीत सिंह संधू गांव से स्टडी वीजा पर नवंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया गया था। पढ़ाई के साथ-साथ काम भी करता था। बसताड़ा गांव के दो युवक एक कमरे में रहते थे। दो दिन पहले बीजना गांव के स्वर्ण व रिषभ नवजीत के पास आकर रहने लगे। रात के समय जब वे खाना खा रहे थे तो उसी दौरान बसताड़ा गांव के लड़के का फोन आया कि वे अपना सामान उनके यहां से उठाकर ले जाएं। नवजीत के पास गाड़ी थी तो वे दोनों उसे भी अपने साथ ले गए।

आरोप है कि स्वर्ण और रिषभ अपना सामान उठाने के लिए कमरे में गए। तब वहां बसताड़ा गांव के दो लड़के अभिजीत व पंकज नशे में धुत थे। दोनों लड़के नशे की हालत में उनके साथ हाथापाई करने लगे। जब स्वर्ण और रिषभ काफी देर बाद भी कमरे से बाहर नहीं आए तो नवजीत गाड़ी से उतर कर अंदर गया। उसने देखा कि वहां पर एक युवक स्वर्ण और रिषभ पर वार कर रहा था। जब नवजीत उनमें बीच-बचाव करने लगा तो उसी समय एक युवक ने उसके सीने पर तीन बार वार किए। जिससे उसकी मौत हो गई।

### किराए को लेकर हुआ था विवाद

हरियाणा के करनाल में नवजीत के चाचा यशवीर के अनुसार, नवजीत पर एक अन्य छात्र ने चाकू से जानलेवा हमला किया। उनका आरोप है कि कुछ भारतीय छात्रों में किराए को लेकर विवाद हुआ। पुलिस ने बताया कि घर पर एक हथियार मिला है और इसकी फोरेंसिक जांच की जाएगी। डिटेक्टिव इंस्पेक्टर डीन थॉमस ने बताया कि पुलिस का मानना है कि दोनों भाई ऑरमंड घर में रहते थे, जहां एक पार्टी आयोजित की गई थी।

## न्यूज ब्रीफ


### ट्रंप ने नशे की समस्या से निपटने के लिए बनाई योजना, मैक्सिको में घुसकर मारेंगे अपराधी



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका में राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अगर वे फिर से राष्ट्रपति चुने गए तो अमेरिका में ड्रग्स की सप्लाई करने वाले गिरोहों के प्रमुखों को मारने के लिए मैक्सिको में किलर स्कवॉड भेजेंगे। अमेरिका में फेंटानिल ड्रग्स की समस्या बढ़ रही है और बड़ी संख्या में युवा इस नशे का शिकार हो रहे हैं। ये ड्रग्स मैक्सिको से अमेरिका भेजी जा रही हैं। मैक्सिको में भेजेंगे किलर स्कवॉड रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप ने अपने सहयोगियों से बात करते हुए कहा कि अमेरिकी सेना में खतरनाक जवान हैं और उन्हें मैक्सिको में नशे के सौदागरों के खिलाफ कार्रवाई में इस्तेमाल किया जा सकता है। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के सैनिक गुपचुप तरीके से मैक्सिको में नशे के कारोबार के प्रमुखों को मारेंगे। इससे उनका गैरकानूनी धंधे का संचालन प्रभावित होगा और अपराधियों में डर बैठेगा। ट्रंप ने कहा कि इन ऑपरेशंस के लिए मैक्सिकी की सरकार की मंजूरी ली भी जा सकती है और नहीं भी। पूर्व राष्ट्रपति ने अपराधियों की सूची बनाने की बात कही और अमेरिका की स्पेशल फोर्सेस की मदद से उनका सफाया करने की बात कही। ट्रंप ने अब तक की अमेरिकी सरकारों से ऐसा कदम न उठाने पर हैरानी भी जताई। इससे पहले ट्रंप ने आईएसआईएस के सरगना अबु बकर अल बगदादी को भी इसी तरीके से मारने की बात कही थी। रिपब्लिकन नेताओं ने भी किया समर्थन खास बात ये है कि डोनाल्ड ट्रंप की इस योजना को उनकी पार्टी के नेताओं और थिंक टैक से समर्थन भी मिल रहा है। फ्लोरिडा के गवर्नर और रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद की दावेदारी करने वाले रोन देसांतिस ने भी ऐसा ही एलान किया था कि अगर वे राष्ट्रपति चुने गए तो अमेरिका की स्पेशल फोर्सेस की मदद से नशे का कारोबार करने वाले अपराधियों का खात्मा कराएंगे। हालांकि मैक्सिको के राष्ट्रपति ने ट्रंप के इस बयान की आलोचना की है और कहा कि इससे मैक्सिको के लोग नाराज हो सकते हैं। मैक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेस लोपेज ओब्राडोर ने कहा कि हम किसी विदेशी सरकार को हमारे क्षेत्र में दखल नहीं देने देंगे।

### भारत के चुनाव बाधित करना चाहता है संयुक्त राज्य अमेरिका, लोकसभा चुनाव के दौरान रूस का दावा

**मॉस्को ।** रूस ने खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या के प्रयास की साजिश



के मामले में भारत पर लगातार निराधार आरोप लगाने के लिए अमेरिका को आड़े हाथों लिया है। रूस ने कहा, अमेरिका का मकसद भारत के आंतरिक राजनीतिक हालात में गड़बड़ी पैदा करना है, जिससे आम चुनाव बाधित किए जा सकें। यह भारत के अंदरूनी मामलों में दखल का हिस्सा है। यह भारत का अनादर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने कहा कि हमारी जानकारी के अनुसार, वाशिंगटन ने अभी तक पन्नू नामक किसी व्यक्ति की हत्या की साजिश में भारतीय नागरिकों के शामिल होने की कोई भरोसेमंद जानकारी या सबूत पेश नहीं किया है। जखारोवा ने कहा, धार्मिक आजादी के उल्लंघन की बात अमेरिका की भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को लेकर कमजोर समझ और संप्रभु देश के तौर पर भारत के प्रति अनादर को दर्शाती है। क्या है गुरुपतवंत सिंह पन्नू का मामला अमेरिका के न्याय विभाग के अनुसार, 52 वर्षीय निखिल गुप्ता एक भारतीय नागरिक हैं। 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक में गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया था। अब चेक रिपब्लिक से निखिल गुप्ता को अमेरिका प्रत्यर्पण किया जाएगा। अमेरिकी न्याय विभाग का कहना है कि भारत के एक सरकारी अधिकारी, जिसके नाम का खुलासा नहीं हुआ है, वह निखिल गुप्ता और अन्य उस सरकारी अधिकारी के संपर्क में था। ये लोग अमेरिका में एक राजनीतिक कार्यकर्ता गुरुपतवंत सिंह पन्नू, जो भारतीय मूल का है और अमेरिकी नागरिक है, उसकी हत्या की साजिश रच रहे थे। पहले भी अमेरिका साफ कर चुका है मामला हाल ही में, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय उत्पीड़न को सहन नहीं करता, यह बात सिर्फ भारत के लिए नहीं है, बल्कि पूरे विश्व के लिए है। हम विरोध करते हैं फिर चाहे वह कोई भी देश हो। यह एक बड़ा मुद्दा है और हम मंचों से ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करते। हमें जैसे ही मामले की जानकारी मिली वैसे ही हमारे वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय वरिष्ठों के साथ बैठक की। हमने स्पष्ट कर दिया कि हम ऐसे किसी मामले को बेहद गंभीरता से लेते हैं।

# पन्नू के मामले में भारत के बचाव में उतरा रूस, अमेरिका पर लगाए बड़े आरोप, कहा- उनके पास सबूत नहीं





**मॉस्को, 09 मई (एजेंसियां) ।**

रूस खालिस्तान समर्थक आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू के मामले में भारत के बचाव में उतर आया है। उसने पन्नू की हत्या के प्रयास की साजिश के मामले में भारत पर लगातार निराधार आरोप लगाने के लिए अमेरिका को आड़े हाथों लिया है। रूसी विदेश मंत्रालय ने आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि वाशिंगटन ने अभी तक इस मामले में भारतीय नागरिकों की संलिप्तता का कोई विश्वसनीय सबूत नहीं दिया है।

**कोई भरोसेमंद जानकारी या सबूत पेश नहीं किया** – रूसी विदेश मंत्रालय की मारिया जखारोवा ने कहा, 'हमारे पास मौजूद जानकारी के अनुसार पन्नू नामक किसी व्यक्ति की हत्या के प्रयास की साजिश में भारतीय नागरिकों के शामिल होने की कोई भरोसेमंद जानकारी या सबूत पेश नहीं किया है। सबूत के अभाव में इस विषय पर अटकलें अस्वीकार्य हैं।

**अमेरिका को भारत की समझ नहीं** – जाखारोवा ने आगे कहा कि अमेरिका भारत के खिलाफ लगातार झूठे आरोप लगा रहा है। उसे भारत की राष्ट्रीय मानसिकता और इतिहास की समझ नहीं है। क्योंकि अमेरिका धार्मिक स्वतंत्रता के बारे में निराधार आरोप लगाता रहता है। वाशिंगटन की कार्रवाई स्पष्ट रूप से भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप है। जहां तक पन्नू की हत्या की साजिश की अटकलों का सवाल है, चूंकि कोई सबूत नहीं है, इसलिए यह स्वीकार्य नहीं है। अमेरिका एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं कर रहा है।

**यह भारत का अनादर** – उन्होंने कहा कि धार्मिक आजादी के उल्लंघन की बात अमेरिका की भारत की राष्ट्रीय मानसिकता को लेकर कमजोर समझ और संप्रभु देश के तौर पर भारत के प्रति अनादर को दर्शाती है। रूसी अधिकारी ने कई अन्य देशों के खिलाफ गलत आरोप लगाने के लिए अमेरिका की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय मामलों में वाशिंगटन से अधिक दमनकारी शासन की कल्पना करना कठिन है।

**यह सिर्फ भारत पर लागू नहीं होता** – उन्होंने आगे कहा, यह सिर्फ भारत पर लागू नहीं होता है। अमेरिका का मकसद भारत के आंतरिक राजनीतिक हालात में गड़बड़ी पैदा करना है, जिससे आम चुनाव बाधित किए जा सकें। यह भारत के अंदरूनी मामलों में दखल का हिस्सा है।

**रूस और सऊदी अरब की तरह** – दरअसल, अमेरिकी के 'द वाशिंगटन पोस्ट' में कहा गया था कि अपने दुश्मन के खिलाफ भारत अब रूस और सऊदी अरब की तरह ही करने की कोशिश कर रहा है। गुरपतवंत सिंह पन्नू एक भारत-नामित आतंकवादी है, जिसके पास अमेरिकी और कनाडाई नागरिकता है। इससे पहले नवंबर में अमेरिकी न्याय विभाग ने पन्नू की हत्या की नाकाम साजिश में कथित संलिप्तता के लिए एक भारतीय नागरिक के खिलाफ अभियोग को रद्द कर दिया था।

**पहले भी अमेरिका साफ कर चुका है मामला** – हाल ही में, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि अमेरिका अंतरराष्ट्रीय उत्पीड़न को सहन नहीं करता, यह बात सिर्फ भारत के लिए नहीं है, बल्कि पूरे विश्व के लिए है। हम विरोध करते हैं फिर चाहे वह कोई भी देश हो। यह एक बड़ा मुद्दा है और हम मंचों से ऐसे लोगों के बारे में बात नहीं करते। हमें जैसे ही मामले की जानकारी मिली वैसे ही हमारे वरिष्ठ अधिकारियों ने भारतीय वरिष्ठों के साथ बैठक की। हमने स्पष्ट कर दिया कि हम ऐसे किसी मामले को बेहद गंभीरता से लेते हैं। भारत मामले की जांच कर रहा है। हम जांच के नतीजे देखने के लिए उत्सुक हैं। क्या है गुरुपतवंत सिंह पन्नू का मामला अमेरिका के न्याय विभाग के अनुसार, 52 वर्षीय निखिल गुप्ता एक भारतीय नागरिक हैं। 30 जून 2023 को चेक रिपब्लिक में गुप्ता को गिरफ्तार कर लिया गया था।

### स्टडी वीजा पर कनाडा गया था निज्जर की हत्या के मामले में गिरफ्तार संदिग्ध, पंजाब के बठिंडा से है नाता

**ओटावा ।** कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के आरोप में गिरफ्तार तीन युवकों में से एक स्टडी वीजा पर कनाडा गया था। कनाडा के मीडिया ने एक वीडियो जारी की है, जिसमें एक आरोपी करन बरार ये कहते हुए दिख रहा है कि वह स्टडी वीजा पर कनाडा आया और कनाडा की वीजा मिलने में ज्यादा समय भी नहीं लगा। कनाडा मीडिया ने जारी किया आरोपी का वीडियो करन बरार का यह वीडियो साल 2019 का बताया जा रहा है। करन ने बठिंडा के एथिकवर्क्स इमीग्रेशन सर्विसेज के द्वारा वीजा के लिए आवेदन किया था। दरअसल यह वीडियो इमीग्रेशन सेवाएं देने वाली एजेंसी के प्रचार के लिए बनाई गई थी। यह एजेंसी बठिंडा के नजदीक कोटकपूरा इलाके में स्थित है। वहीं करन के इस वीडियो को लेकर कनाडा की सरकार घिर गई है। मीडिया ने इसे लेकर कनाडा के इमीग्रेशन मंत्री मार्क मिलर से सवाल किया, लेकिन उन्होंने जवाब देने से इनकार कर दिया। करन बरार के एक कथित फेसबुक पेज पर दी गई जानकारी के अनुसार उसने 30 अप्रैल 2020 को कैलगरी के बो वैली कॉलेज में अपनी पढ़ाई शुरू की और 4 मई 2020 को वह एडमंटन में शिफ्ट हो गया। कनाडा मीडिया ने करन के संबंध में इमीग्रेशन, शरणार्थी और नागरिकता विभाग से सवाल किए, लेकिन अभी तक विभागों की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया है।

# पाकिस्तान के ग्वादर में एक बार फिर आतंकी हमला, सात मजदूरों की मौत और एक घायल



**इस्लामाबाद, 09 मई (एजेंसियां) ।**

पाकिस्तान में आजकल आए दिन आतंकी हमले हो रहे हैं। अब एक बार फिर ग्वादर में आतंकवादियों ने हमला कर दिया। इस हमले में सात मजदूरों की मौत हो गई।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादियों ने ग्वादर के सरबंद में फिश हार्बर जेट्टी के पास आवासीय क्वार्टरों पर हमला किया। आतंकियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की। इसके कारण सो रहे सात लोगों की मौत हो गई और अन्य एक घायल हो गया।

### पाकिस्तान में लगातार बढ़ रहे आतंकी हमले

पाकिस्तान में आतंकवाद की घटनाओं में बढ़ोतरी देखने को मिली है। हाल ही में सेंटर फॉर रिसर्च एंड सिक्योरिटी स्टडीज द्वारा जारी एक वार्षिक सुरक्षा रिपोर्ट जारी की गई। इस रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में 2023 में 789 आतंकी हमले हुए। इन हमलों में 1,524 लोगों की मौत हुई और 1,463 लोग घायल हुए। यह बीते छह सालों में उच्चतम रिकॉर्ड है। पोर्ट में घुसे थे 8 हथियारबंद लोग इससे पहले 20 मार्च को पाकिस्तान के बलूचिस्तान स्थित ग्वादर पोर्ट पर आतंकी हमले की खबर सामने आई थी। बताया जा रहा था कि ग्वादर पोर्ट के अथॉरिटी कॉम्प्लैक्स में आठ हथियारबंद आंतकवादी जबरदस्ती घुसे। इसके बाद उनके द्वारा मौके पर गोलीबारी और बम धमाके किए गए थे। मकरान डिविजन के कमिश्नर सईद अहमद उमरानी का कहना था कि यह हमला प्रतिबंधित बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी द्वारा किया गया है। हमले में किसी स्थानीय के हताहत होने की खबर सामने नहीं आई थी। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि करीब आठ हथियारबंद लोग ग्वादर पोर्ट में जबरन घुसे। इस कॉम्प्लेक्स में पाकिस्तान चुनाव आयोग समेत कई सरकारी ऑफिस हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना था कि पहले गोलीबारी और फिर बम धमाके की आवाजें सुनाई दी। इसके बाद सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके को घेर लिया था। पाकिस्तान के एक अखबार की रिपोर्ट में दावा किया जा रहा था कि इस कार्रवाई में बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी के आठ हमलावर मारे गए हैं। वहीं ग्वादर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जोहैब मोहसिन ने मीडिया को बताया था कि जवाबी कार्रवाई में सात हमलावर मारे गए हैं ।

# अमेरिका में भारतीय छात्र लापता, पुलिस के संपर्क में है भारत का महावाणिज्य दूतावास



**वॉशिंगटन, 09 मई (एजेंसियां) ।**

भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका में पढ़ना एक सपना रहा है, लेकिन बीते कुछ समय से यह सपना बुरे सपने में बदलता जा रहा है। दरअसल अमेरिका में लगातार भारतीय छात्रों के गायब होने या हत्या होने की घटनाएं सामने आ रही हैं। अब एक बार फिर अमेरिका के शिकागो से एक भारतीय छात्र लापता हुआ है। छात्र की पहचान रुपेश चंद्रा चिंताकिंदी के रूप में हुई है, जो कि बीती 2 मई से लापता है। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने जारी किया बयान शिकागो स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने बताया है कि वह पुलिस और अमेरिका में रहने वाले भारतीय समुदाय के संपर्क में है। महावाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि महावाणिज्य दूतावास भारतीय छात्र रुपेश चंद्रा के लापता होने की खबर सुनकर बेहद चिंतित है।

दूतावास लगातार भारतीय समुदाय और पुलिस के संपर्क में है और उम्मीद है कि जल्द ही रुपेश का पता चल जाएगा। शिकागो पुलिस ने लोगों से अपील की है कि अगर उन्हें रुपेश के बारे में कोई भी जानकारी मिले तो उसे पुलिस के साथ साझा करें। रुपेश बीती 2 मई से शिकागो के 4300 ब्लॉक से एन शेरिडान रोड से लापता है। गौरतलब है कि इससे पहले मार्च में भी एक भारतीय छात्र लापता हो गया था, जिसका अप्रैल में शव बरामद हुआ था। हैदराबाद के रहने वाले मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव ओहायो के क्लीवलैंड से बरामद किया गया था। अरफात क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर की डिग्री की पढ़ाई करने अमेरिका गया था। अमेरिका में बढ़े भारतीय छात्रों पर हमले हाल के दिनों में अमेरिका में भारतीय छात्रों की मौत की घटनाएं बढ़ गई हैं। अप्रैल में एक भारतीय छात्र उमा सत्य साईं गड्डे की भी मौत हो गई थी, जिसकी जांच चल रही है। इससे पहले फरवरी में एक भारतीय छात्र पर हमला हुआ था।

# संगठन का पूर्ण सदस्य बनने पर बेलारूस ने भारत का किया धन्यवाद, राजदूत ने कहा- हम भारतीय पक्ष के आभारी हैं



**बेलारूस, 09 मई (एजेंसियां) ।**

बेलारूस ने शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) का पूर्ण सदस्य बनने पर भारत का धन्यवाद किया है। भारत में बेलारूस के राजदूत मिखाइल कास्को ने कहा कि बेलारूस पूर्ण सदस्य के रूप में राजनीतिक, आर्थिक, व्यापार, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक सहित अन्य एससीओ गतिविधियों को महत्वपूर्ण रूप में बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि हम बेलारूस गणराज्य के समर्थन के लिए भारतीय पक्ष के आभारी हैं।

एक साक्षात्कार में कास्को ने कहा कि बेलारूस गणराज्य रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण भौगोलिक स्थिति में होने के कारण एससीओ सहयोग के विकास में योगदान देने के लिए तैयार है। एससीओ देशों को पारंपरिक रूप से मजबूत और कुशल कृषि क्षेत्र, उच्च तकनीक उत्पादन, खाद्य, परमाणु, अर्थशास्त्र और सुरक्षा, औद्योगिक और वैज्ञानिक क्षमता के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में बेलारूस की क्षमताओं का उपयोग करने के लिए आमंत्रित किया जाता है। उन्होंने खाद्य सुरक्षा, सामान्य परिवहन, रसद विकास, वैज्ञानिक तकनीकी सहयोग और मानवीय संबंधों को मजबूत करने पर भी जोर दिया। कास्को ने कहा कि बेलारूस परंपरागत रूप से संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय संगठनों की गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेता है। बेलारूस अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सभी सदस्यों के लिए एकजुट एजेंडा पेश करता है। बेलारूस बातचीत को बढ़ावा देता है।

### क्या है एससीओ समिट

एससीओ समिट एक आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जो दक्षिणी एशिया में स्थित देशों के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के लिए बनाया गया है। इस संगठन का निर्माण 2001 में शंघाई में हुआ था और इसमें चीन, रूस, भारत, पाकिस्तान, कजाखस्तान, उजबेकिस्तान, तजाकिस्तान और किर्गिजस्तान शामिल हैं। बता दें रूसी और मंदारिन वर्तमान में एससीओ में आधिकारिक और कामकाजी भाषाओं के रूप में उपयोग की जाती हैं। ग्रुप के दस्तावेज भी इन्हीं दो भाषाओं में तैयार किए जाते हैं। रूस और चीन के अलावा चार मध्य एशियाई राज्य एससीओ के संस्थापक सदस्यों में से हैं। बैठक में रूसी व्यापक रूप से बोली और लिखी जाती है।

### एससीओ के सदस्य देश

भारत, भारत, कजाखिस्तान, किर्गिजस्तान, रूस, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, चीन, पाकिस्तान।

# एस जयशंकर से मिलेंगे मालदीव के विदेश मंत्री जमीर तल्ख रिश्तों के बीच साझेदारी मजबूत करने की जुगत




**माले ( मालदीव), 09 मई (एजेंसियां) ।**

कूटनीतिक गतिरोध के बीच मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर नई दिल्ली पहुंचे। बृहस्पतिवार को उनकी विदेश मंत्री एस जयशंकर से मुलाकात होगी, जिसमें दोनों नेता द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत की आधिकारिक यात्रा पर विदेश मंत्री मूसा जमीर का स्वागत है। उनकी यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय और क्षेत्रीय मुद्दों और हमारे बहुआयामी संबंधों को गति प्रदान करने के तरीकों को पर चर्चा होगी। मंत्रालय ने कहा कि मालदीव हिंद महासागर क्षेत्र में भारत का प्रमुख समुद्री पड़ोसी है और विदेश मंत्री जमीर की यात्रा से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और गति मिलने की उम्मीद है।

मालदीव और भारत के रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिशों के तहत विदेश मंत्री मूसा जमीर अपने पहले भारत दौरे पर हैं। इस दौरे का मकसद भारत के साथ दीर्घकालिक रिश्तों को और मजबूत बनाना है। जमीर की यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब भारत को मालदीव से अपने सैन्य कर्मियों को 10 मई तक वापस बुलाना है। इस संबंध में 3 मई को भारत और मालदीव के उच्च स्तरीय कोर समूह की चौथी बैठक हुई थी। गौरतलब है कि मालदीव का राष्ट्रपति बनने के तुरंत बाद मोहम्मद मुइज्जू ने भारत से अपने सैन्य कर्मियों को वापस बुलाने के लिए कहा था, जो वहां तीन उड्डयन प्लेटफॉर्म का संचालन कर रहे थे। भारतीय सैन्य कर्मियों का पहला जत्था वापस आ भी गया है।

मूसा की यात्रा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं। मालदीव के राष्ट्रपति ने अपने चुनावी अभियान में इंडिया आउट जैसे नारों का सहारा लिया, तो दूसरी तरफ उनके मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप प्रवास पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं। इसके बाद पर्यटन पर आधारित देश मालदीव को सोशल मीडिया पर कड़े विरोध का सामना करना पड़ा। चीन की तरफ झुकाव को लेकर आलोचना झेल रहे मुइज्जू का चीन दौरा भी चर्चा में रहा था। इस दौरे पर भी उन्होंने भारत का नाम लिए बिना किसी के सामने न झुकने जैसा बयान दिया था।

### दक्षिणी गाजा में सिर्फ तीन दिनों तक स्वास्थ्य सेवाओं को जारी रखने के लिए ईंधन बचा, डब्ल्यूएचओ ने जताई चिंता



**तेल अवीव ।** हमास और इजराइल में जारी युद्ध के बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चिंता जाहिर की है। डब्ल्यूएचओ ने कहा कि गाजा के दक्षिण में मात्र अगले तीन दिनों तक स्वास्थ्य सेवाओं को जारी रखने के लिए ईंधन बचा है। गौरतलब है कि इजराइली हमलों से बचने के लिए बड़ी संख्या में फलस्तीनियों ने दक्षिणी शहर में शरण ली है। इजराइल ने धमकी दी है कि वह दक्षिणी शहर राफा में बड़ा हमला करेंगे, जिससे बड़ी संख्या में हमास लड़ाकों को खत्म किया जा सके। डब्ल्यूएचओ के प्रमुख टेड्रोस अधनोम घेब्रेयसस ने कहा कि राफा के तीन अस्पतालों में से एक अबू यूसुफ अल-नज्जर पहले से ही काम नहीं कर पा रहा है। इसके कुछ उपकरण फील्ड अस्पतालों में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। हालांकि, डब्ल्यूएचओ एहतियातन गोदामों और अस्पतालों में कुछ आपूर्तियां पहले से ही कर चुका है लेकिन गाजा में और सहायता दिए बिना अस्पतालों को चलाना मुश्किल है। राफा पर हमले को लेकर कई बार आगाह कर चुका है अमेरिका अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से बात की थी और राफा को लेकर चिंता जाहिर की थी। अमेरिका सहित इजराइल के अन्य करीबी सहयोगियों ने कई बार कहा है कि इजराइल को राफा पर हमला नहीं करना चाहिए। बता दें, राफा में करीब 1.4 मिलियन फलस्तीनियों ने शरण ले रखी थी। शांति समझौते के प्रस्ताव का नेतृत्व कर रहे कतर ने भी कई बार कहा था कि राफा पर हमला होने से संघर्ष विराम के प्रयास पटरी से उतर जाएंगे।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ DAILY
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

### केंद्रीय मंत्री ने चुनाव आयोग में दर्ज कराई शिकायत

# भ्रामक दुष्प्रचार कर रहे हैं राहुल गांधी

**मुंबई, 09 मई (एजेंसियां)।** केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ चुनाव आयोग से शिकायत की है।



उन्होंने राहुल के खिलाफ केंद्र सरकार पर देश में आरक्षण हटाए जाने के भ्रामक दुष्प्रचार, बयानबाजी और तथ्यहीन आरोपों के संबंध में विधि सम्मत कार्रवाई करने की मांग की है।

अठावले ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारतीय संविधान को सर्वोच्च सम्मान देते हुए बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के आदर्शों और विचारों को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं लेकिन कांग्रेस नेता राहुल गांधी समेत इंडी गठबंधन के नेता जनसभाओं में देश के संविधान पर खतरा बता रहे हैं। विपक्षी दलों के नेता पीएम मोदी के खिलाफ जनता के बीच में यह दुष्प्रचार फैला रहे हैं कि भाजपा चुनाव में 400 सीटें इसीलिए जीतना चाहती है कि वह संविधान को बदल सके। इंडी गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी पर मिथ्या आरोप लगाकर उनकी छवि को धूमिल कर केवल अपने राजनीतिक हित साध रही है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की थी लेकिन उनकी यात्रा भारत तोड़ो यात्रा थी। कांग्रेस पार्टी ने सदा से देशविरोधी ताकतों का ही परोक्ष या अपरोक्ष रूप से समर्थन ही किया है। लंबे समय तक देश की सत्ता संभालने के बाद भी कांग्रेस एससी, एसटी, ओबीसी, किसान, मजदूर, वंचित व अन्य वर्गों को न्याय देने में पूर्ण रूप से असफल साबित हुई है। केंद्र सरकार ने महिला आरक्षण विधेयक पारित करा महिलाओं को आरक्षण देने का काम किया। भारतीय संविधान को किसी से कोई खतरा नहीं है और एनडीए सरकार ने सदैव ही संविधान के द्वारा लोक कल्याण हेतु जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के लिए कल्याण का कार्य किया है।

### केजरीवाल प्रकरण में ईडी का सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा

# चुनाव प्रचार मौलिक अधिकार नहीं है

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत का विरोध किया है। ईडी ने केजरीवाल को जमानत मिलने से पहले अदालत में एक हलफनामा दायर किया। इसमें कहा गया है कि कानून सभी के लिए बराबर है और चुनाव प्रचार कोई मौलिक, संवैधानिक या कानूनी अधिकार नहीं है।



प्रवर्तन निदेशालय ने अपने हलफनामे में कहा कि किसी भी नेता को चुनाव प्रचार के लिए जमानत नहीं दी गई है। इस तरह अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार करने के लिए केजरीवाल को जमानत देना एक गलत मिसाल कायम करेगा। ईडी का कहना है कि कोई भी राज-नेता किसी विशेष दर्जे का दावा नहीं कर सकते हैं और अपराध करने पर नेताओं को भी अन्य नागरिकों की तरह ही गिरफ्तार किया जा सकता है। जांच एजेंसी ने अपने हलफनामे में आगे कहा है कि केवल चुनाव प्रचार अभियान के लिए केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना समानता के नियम के खिलाफ होगा।

इससे पहले मंगलवार को एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल एक चुने हुए मुख्यमंत्री हैं और आदतन अपराधी नहीं हैं। अदालत ने कहा था कि चुनाव सिर पर हैं और ये दिल्ली के मुख्यमंत्री के लिए असाधारण परिस्थितियां हैं।

# तमिलनाडु में पटाखा फैक्ट्री विस्फोट में आठ की मौत, कई झुलसे



**विरुधुनगर, 09 मई (एजेंसियां)।** तमिलनाडु के दक्षिणी जिले विरुधुनगर में शिवकाशी के पास सेंगामालापट्टी गांव में गुरुवार को एक निजी पटाखा फैक्टरी में आग लगने के बाद हुए भीषण विस्फोट में पांच महिलाओं सहित कम से कम आठ श्रमिकों की मौत हो गई और कई अन्य झुलस गये, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि श्रमिक फैंसी किस्म के पटाखे बनाने के लिए अत्यधिक ज्व-लनशील रसायनों को मिलाने में लगे हुए थे, तभी घर्षण के कारण उनमें आग लग गई। आग की लपटों ने देखते ही देखते सात गोदामों को अपने चपेट में ले लिया, जहां भारी मात्रा में तैयार पटाखों और रसायनों का भंडार रखा हुआ था। इसके बाद हुए भीषण विस्फोटों में पांच महिलाओं समेत आठ श्रमिकों की मौत हो गई। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि रसायनों को मिश्रित करते समय घर्षण से आग लग गई, हालांकि विस्फोट के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है।

इस बीच, मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन ने श्रमिकों की मौत पर दुख व्यक्त किया और घोषणा की कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण चुनाव आयोग से अनुमति लेने के बाद पीड़ितों को आवश्यक सरकारी सहायता प्रदान की जायेगी। उन्होंने यहां एक बयान में घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। स्टालिन ने बताया कि इस दुखद घटना में 10 से अधिक कर्मचारी घायल हो गये। उन्होंने कहा कि घटना की जानकारी मिलते ही उन्होंने जिलाधिकारी से बात की और अधिकारियों को राहत कार्य तेजी से करने तथा घायलों को सर्वोत्तम उपचार प्रदान करने का निर्देश दिया।

आग और विस्फोट की सूचना मिलने पर सत्तूर, वेम्बकोट्टई और शिवकाशी से दमकल की गाड़ियां फैक्टरी पहुंचीं और कुछ घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। घायलों को शिवकाशी के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वरिष्ठ राजस्व और पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गये हैं और बचाव कार्यों की निगरानी

# श्रीनगर में 24 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे 17 लाख वोटर

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 09 मई।**

कई राजनीतिक दलों के लिए प्रतिष्ठा का प्रश्न बन चुकी हाई-स्टेक श्रीनगर संसदीय सीट 13 मई को एक गहन चुनावी मुकाबले के लिए तैयार हो चुकी है, जिसमें 8.7 लाख महिलाओं सहित 17.4 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। श्रीनगर संसदीय सीट के लिए 17.4 लाख से अधिक मतदाता दो दर्जन से अधिक उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला 13 मई को करेंगे।

श्रीनगर संसदीय चुनाव के लिए 24 उम्मीदवार मैदान में हैं, जिनमें नेशनल कॉन्फ्रेंस के आगा सैयद रुहुल्लाह भी शामिल हैं; पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के वहीद उर रहमान पारा; अपनी पार्टी के मोहम्मद अशरफ मीर; डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आज़ाद पार्टी के अमीर अहमद और गण सुरक्षा पार्टी के मोहम्मद यूसुफ भट। जेके नेशनल पैंथर्स पार्टी (भीम) के उम्मीदवार हकीकत सिंह, नेशनल लोकतांत्रिक पार्टी की रूबीना अख्तर, भारत जोड़ो पार्टी के यूनिस अहमद मीर और 16 स्वतंत्र उम्मीदवार।

जानकारी के अनुसार, श्रीनगर संसदीय क्षेत्र के लिए 1740015 से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं। इस सीट के क्षेत्रों में श्रीनगर, गांदरबल, पुलवामा और बडगाम जिले के तीन क्षेत्र शामिल हैं। गांदरबल जिले में दो विधानसभा क्षेत्र हैं, कंगन और गांदरबल।

गांदरबल में मतदाताओं की कुल संख्या 2,04,041 है, जिनमें से 77,537 कंगन में और 1,26,504 गांदरबल में हैं। श्रीनगर में 8 से अधिक विधानसभा क्षेत्र हैं जिनमें हजरतबल, खानयार, हब्बाकदल, लाल चौक, चन्नापोरा, जदीबल, ईदगाह और सेंट्रल शाल्टेंग शामिल हैं, जहां मतदाताओं की कुल संख्या 748863 है। 7,48,863 में से 3,75,622 पुरुष मतदाता और 3,73,218 महिला मतदाता हैं। हजरतबल में 1,08,467 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 54,380 पुरुष मतदाता और 54,087 महिला मतदाता शामिल हैं। खानयार खंड में, 89,814 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 44,897 पुरुष और 44,915 महिला मतदाता शामिल हैं। हब्बाकदल में 92,716 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 46,301 पुरुष और 46,410 महिला मतदाता शामिल हैं। लाल चौक क्षेत्र में 1,03,784 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 51,928 पुरुष और 51,854 महिलाएं शामिल हैं।

चनापोरा में 81,266 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 40,734 पुरुष और 40,531 महिला मतदाता शामिल हैं। जदीबल क्षेत्र में 1,08,938 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 54696 पुरुष और 54,238 महिला मतदाता शामिल हैं। ईदगाह में 59,994 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 30,233 पुरुष और 29,759 महिला मतदाता शामिल हैं। सेंट्रल शाल्टेंग खंड में, 1,03,884 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 52,453 पुरुष और 52,453 महिलाएं शामिल हैं।

कुल मिलाकर पांच खंड हैं, जिनमें से तीन श्रीनगर संसद सीट में आते हैं और इसमें खान साहिब, चार-ए-शरीफ और चादूरा शामिल हैं। खान साहब में 94,612 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 48,140 पुरुष और 46,467 महिला मतदाता शामिल हैं। चार-ए-शरीफ खंड में, 1,03,126 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 52,288 पुरुष और 52,288 महिला मतदाता शामिल हैं। वहीं चाडूरा में 89,068 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 44,312 पुरुष और 44,754 महिला मतदाता शामिल हैं। जहां तक शोपियां का सवाल है, जिले में दो खंड हैं, ज़ैनपोरा और शोपियां। शोपियां श्रीनगर संसद सीट में आता है. शोपियां में 98,933 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें 50,003 पुरुष और 48,925 महिलाएं हैं। पुलवामा में, चार से अधिक खंड हैं: पंपोर, त्राल, पुलवामा और राजपोरा, जहां मतदान करने वालों की आबादी 4,03,192 है। इनमें से 2,02,899 महिला मतदाता हैं, 2,00,277 पुरुष मतदाता हैं।

पंपोर में, 99,239 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 50,090 पुरुष और 49,145 महिलाएं हैं। त्राल में 97,477 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 48,350 पुरुष और 49,120 महिलाएं हैं। पुलवामा में, 98,713 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 48,989 पुरुष और 49,723 महिलाएं हैं। राजपोरा में 1,07,763 से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 53,793 पुरुष और 53,966 महिलाएं हैं।

# आईईवीपी के प्रतिनिधियों ने की भारत की चुनाव प्रक्रिया की प्रशंसा

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।** अंतरराष्ट्रीय चुनाव आगंतुक कार्यक्रम (आईईवीपी) के प्रतिनिधि लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करने के प्रति भारतीय मतदाताओं की प्रतिबद्धता और उनके अटूट विश्वास से प्रभावित हुए और चुनावों में ईवीएम-वीवीपैट के रैंडमाइजेशन सहित अन्य चुनावी प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग की भी सराहना की।




आम चुनाव 2024 में प्रत्यक्ष रूप से मतदान प्रक्रिया को देखकर अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों ने प्रसन्नता व्यक्त की है। कुछ प्रतिनिधियों ने जहां चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की सराहना की वहीं अन्य प्रतिनिधियों ने निर्वाचन आयोग की हरित मतदान केंद्र जैसी पहलों को प्रेरणादायक करार दिया। इन प्रतिनिधियों ने चुनावों में ईवीएम-वीवीपैट के रैंडमाइजेशन सहित दूसरी चुनावी प्रक्रियाओं में बड़े पैमाने पर प्रौद्योगिकी के उपयोग की भी सराहना की और लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करने के प्रति भारतीय मतदात-ाओं की प्रतिबद्धता और उनके अटूट विश्वास से प्रभावित हुए हैं।

भारत दौरे पर आए विभिन्न देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के सदस्यों के बीच इस बात पर सर्वसम्मति थी कि भारत में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, समावेशी तथा सुलभ है और यहां चुनाव उत्सव के रूप में होता है। आईईवीपी के भाग के रूप में भारत आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि हाल ही में संपन्न हुए आम चुनाव के तीसरे चरण को प्रत्यक्ष रूप से देखने के बाद आए थे। उल्लेखनीय है कि तीसरे चरण में 11 राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के 93 निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान सम्पन्न हुआ था। इन प्रतिनिधियों ने 6 राज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों में तैयारी कार्य सहित मतदान का अवलोकन किया।

कंबोडिया, ट्यूनीशिया, मोल्दोवा, सेशेल्स और नेपाल के प्रतिनिधियों ने कर्नाटक में बेलगाम संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और मतदान केंद्र के अंदर अधिकारियों तथा पीठासीन अधिकारियों से बातचीत की। मॉक पोल का अवलोकन किया, कमांड कंट्रोल सेंटर और मीडिया निगरानी केन्द्रों का दौरा किया। इन प्रतिनिधियों ने मॉक पोल, मतदान केंद्र के अंदर उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति तथा भागीदारी द्वारा दर्शायी गई पारदर्शिता की सराहना की।

वहीं, भूटान तथा मंगोलिया के प्रतिनिधियों और इज़राइल की एक मीडिया टीम ने गोवा में दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और संबंधित व्यवस्थाएं देखी। वे भी मॉक पोल में शामिल हुए और उन्हें कमांड कंट्रोल सेंटर, मीडिया निगरानी केंद्रों, प्रेषण केंद्र आदि से अवगत कराया गया। भूटान के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) और भूटान तथा मंगोलिया के चुनाव अधिकारियों ने चुनाव के संचालन में मतदान केंद्र के अंदर राजनीतिक दलों, मीडिया, उम्मीदवारों के प्रतिनिधियों को शामिल करने में पारदर्शिता की सराहना की। विदेश से आए इन प्रतिनिधियों ने दिव्यांग के लिए तैयार किए गए मतदान केंद्रों और पिंक मतदान की प्रशंसा की। मध्य प्रदेश गए 11 सदस्यीय टीम में श्रीलंका और फिलीपींस के प्रतिनिधि शामिल रहे।

इन प्रतिनिधियों ने भोपाल, विदिशा, सीहोर और रायसेन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान केंद्रों का दौरा किया और लोक सभा चुनाव की चुनावी प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा। इन्होंने मतदात-ाओं से बातचीत कर उनमें उत्साह और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भारतीय नागरिकों की भागीदारी की सक्रियता देखी। इस दौरान मिले अपने अनुभवों को साझा करते हुए इन प्रतिनिधियों ने भारत में देखे गए जीवंत लोकतंत्र की खुलकर प्रशंसा की। वे विशेष रूप से अटूट विश्वास और लोकतांत्रिक आदर्शों को मजबूत करने के प्रति भारतीय मतदाताओं की प्रतिबद्धता से प्रभावित थे। वहीं, चिली, जॉर्जिया, मालदीव, नामीबिया, पापुआ न्यू गिनी और उज़्बेकिस्तान से आए प्रतिनिधियों ने उत्तर प्रदेश में गत सात मई को फ़तेहपुर सीकरी और आगरा संसदीय क्षेत्र में मतदान को देखा।

विदेशों से आए गणमान्य व्यक्तियों को इन दोनों संसदीय क्षेत्र में पड़ने वाले ताज महल और फ़तेहपुर सीकरी के अद्भुत वास्तुशिल्प को दिखाया गया। उन्हें मतदान दिवस और मतदान दिवस से एक दिन पहले चुनाव संबंधी विभिन्न व्यवस्थाओं/गतिविधियों से अवगत कराया गया। दौरे पर आए इन देशों के चुनाव प्रबंधन निकायों के सदस्यों के बीच इस बात पर सर्वसम्मति थी कि भारत में चुनाव प्रक्रिया शांतिपूर्ण, समावेशी और सुलभ थी। फिजी, ऑस्ट्रेलिया, रूस, मेडागास्कर, किर्गिज़ गणराज्य के प्रतिनिधियों ने अहमदाबाद में लोकसभा चुनाव के लिए मतदान से पूर्व की व्यवस्था और मतदान प्रक्रिया देखी। प्रतिनिधिमंडल डबल लॉक सिस्टम वाले स्ट्रांग रूम और ईवीएम की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित करने वाले सशस्त्र पुलिस कर्मियों की तैनाती से प्रभावित हुआ। अहमदाबाद पूर्वी संसदीय क्षेत्र के साणंद विधानसभा क्षेत्र में महिला प्रबंधित मतदान केंद्रों की भी सराहना की गई।

उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी भागीदारी बढ़ती है। बुजुर्ग मतदाताओं की मदद के लिए स्वयंसेवकों के साथ-साथ सभी स्थानों पर रैंप और व्हीलचेयर की सुविधा की भी काफी सराहना की गई। दृष्टिबाधित दिव्यांग मतदाताओं के लिए ब्रेल बैलेट पेपर की अवधारणा को भी दृष्टिबाधित लोगों की मदद के लिए एक अच्छी पहल के रूप में पसंद किया गया।

बंगलादेश, श्रीलंका, कजाकिस्तान और जिम्बाब्वे के चुनाव प्रबंधन निकायों के प्रतिनिधियों ने महाराष्ट्र में रायगढ़ संसदीय क्षेत्र का दौरा किया और चुनाव पूर्व व्यवस्था, मतदान दलों के फैलाव और अन्य लाजिस्टिक्स को नजदीक से देखा। इन प्रतिनिधियों ने भारतीय चुनावों के विभिन्न पहलुओं के बारे में जिला चुनाव अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी, पीठासीन अधिकारियों और चुनाव संबंधित अन्य अधिकारियों के साथ बातचीत की। ये प्रतिनिधि मतदान केंद्रों पर पारदर्शिता उपायों से प्रभावित हुए।

# भारत एक विश्वसनीय मित्र एवं भागीदार के रूप में उभरा : जयशंकर



**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज कहा कि भारत विश्व बंधु की दृष्टि से आपसी सम्मान और सहयोग के आधार पर विभिन्न देशों के साथ संबंधों को मजबूत करके दुनिया भर में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार के रूप में उभरा है।

विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर ने राजधानी के गार्गी कॉलेज में भारत: वैश्विक मित्र विषय पर अपने व्याख्यान में यह कहा। वह इस कार्यक्रम में विशिष्ट वक्ता के तौर पर शामिल हुए थे। डॉ. जयशंकर ने बताया कि कैसे भारत एक विश्व बंधु है और यह दूसरों के प्रति न्याय, जिम्मेदारी और उदारता में विश्वास करता है। उन्होंने कहा, अपने इस सिद्धांत को भारत ने कई बार प्रदर्शित किया है, चाहे वह कोविड के दौरान अन्य देशों को दवाएं और वैक्सीन भेजना हो, या युद्ध क्षेत्रों से हमारे नागरिकों और दूसरों की सुरक्षित निकासी का मामला हो। भारत एक उभरती हुई शक्ति है और ग्लोबल साउथ यानी दक्षिणी देशों के अधिकारों का एक महत्वपूर्ण पैरोकार है।

उन्होंने कहा कि विश्व बंधु की दृष्टि यह है कि आपसी सम्मान और सहयोग के आधार पर दुनिया भर के देशों के साथ मजबूत संबंधों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। साथ ही, अपने उद्देश्यों के प्रति दृढ़ रहना है और अपने हितों को भी प्राथमिकता देना है। दुनिया भर में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए समर्पित एक विश्वसनीय मित्र और भागीदार के रूप में भारत उभरा है। डॉ. जयशंकर ने अंतरराष्ट्रीय सहयोग के प्रति भारत की अटूट प्रतिबद्धता तथा वैश्विक संबंधों के प्रति भारत के बहुमुखी दृष्टिकोण को अभिव्यक्त करते हुए कहा, वैश्विक मित्र होने का मतलब न केवल सम्मान प्राप्त करना है, बल्कि उद्देश्य और संकल्प के साथ हमारे हितों को प्राथमिकता देना भी है। सत्र के बाद उन्होंने छात्रों और शिक्षकों से बातचीत की और धैर्यपूर्वक उनके प्रश्नों के उत्तर भी दिए तथा भविष्य के लिए भारत के विकसित होते नज़रिये के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान की। इस कार्यक्रम ने बौद्धिक विमर्श और कूटनीतिक अंतर्दृष्टि की रोशनी के रूप में काम किया।

# आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

पारिवारिक सदस्यों के साथ सुकून भरे और शांत दिन का लुत्फ़ लें। अगर लोग परेशानियों के साथ आपके पास आएँ तो उन्हें नज़रअंदाज़ करें और उन्हें अपनी मानसिक शांति भंग न करने दें। आज आपके प्रिय को आपके अस्थिर रवैये के चलते आपसे तालमेल बिठाने में काफ़ी दिक़्क़त का सामना करना पड़ेगा। भरपूर रचनात्मकता और उत्साह आपको एक और फ़ायदेमंद दिन की ओर ले जाएंगे। आपके और आपके जीवनसाथी के बीच कोई बाहरी व्यक्ति दूरी पैदा करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आप दोनों चीज़ें संभाल लेंगें।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

सेहत से जुड़ी समस्याएँ आपके लिए परेशानी का सबब बन सकती हैं। काम–काज में ज़रूरत से ज़्यादा तनाव के चलते परिवार की ज़रूरतों और इच्छाओं को दरकिनार न करें। आपकी ऊर्जा का स्तर ऊँचा रहेगा– क्योंकि आपका प्रिय आपने लिए बहुत सारी ख़ुशी की वजह साबित होगा। यह ऐसा दिन है जब आप खुद को समय देने की कोशिश करते रहेंगे लेकिन आपको अपने लिए समय नहीं मिल पाएगा । सितारे इशारा कर रहे हैं कि किसी नज़दीकी स्थान की यात्रा हो सकत है। यह सफ़र मज़ेदार रहेगा और आपके प्रिय लोगों का साथ मिलेगा।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ङ,छ,के,को,ह**

बच्चे आपकी शाम को ख़ुशी की चमक लाएंगे । जिन लोगों ने लोन लिया था आज उन्हें उस लोन की राशि को चुकाने में दिक्कतें आ सकती हैं। जिन लोगों के घर वाले शिकायत करते हैं कि वो घरवालों को पर्याप्त समय नहीं देते वो आज घरवालों को समय देने के बारे में सोच सकते हैं लेकिन ऐन वक्त पर किसी काम के आने की वजह से ऐसा नहीं हो पाएगा। अगर आप वैवाहिक तौर पर लंबे समय से कुछ नाख़ुश हैं, तो आज के दिन आप हालात बेहतर होते हुए महसूस कर सकते हैं।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

दूसरों के साथ ख़ुशी बांटने से सेहत और खिलेगी। जेवर और एंटीक में निवेश फ़ायदेमंद रहेगा और समृद्धि लेकर आएगा। आपके जीवन–साथी की सेहत चिंता का सबब बन सकती है और उसे चिकित्सकीय देखरेख की ज़रूरत है। आज आप नए विचारों से परिपूर्ण रहेंगे और आप जिन कामों को करने के लिए चुनेंगे, वे आपको उम्मीद से ज़्यादा फ़ायदा देंगे। आपके और आपके जीवनसाथी के बीच कोई बाहरी व्यक्ति दूरी पैदा करने की कोशिश कर सकता है, लेकिन आप दोनों चीज़ें संभाल लेंगे। अगर आप थोड़ी कोशिश करें तो आपका दिन कुछ इसी तरह गुज़रेगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

जीवन–साथी ख़ुशी की वजह साबित होगा। अगर आप यात्रा पर जाने वाले हैं तो अपने कीमती सामान का ध्यान रखें उसके चोरी होने की संभावना है। खासकर अपने पर्स को आज बहुत संभालकर रखें।

आज रात को जीवनसाथी के साथ खाली वक्त बिताते समय आपको लगेगा कि आपको उन्हें और भी वक्त देना चाहिए। घरेलू मोर्चे पर बढ़िया खाने और गहरी नीन्द का पूरा लुत्फ़ आप ले पाएंगे। आपकी बातों को आपके घर वाले आज गौर से नहीं सुनेंगे इसलिए आज उनपर आपका गुस्सा फूट सकता है।

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

प्रभावशाली लोगों का सहयोग आपके उत्साह को दोगुना कर देगा। कोई बड़ी योजनाओं और विचारों के ज़रिए आपका ध्यान आकर्षित कर सकता है। किसी भी तरह का निवेश करने से पहले उस व्यक्ति के बारे में भली–भांति जाँच–पड़ताल कर लें। आज आपको अपने होशियारी और प्रभाव का उपयोग संवेदनशील घरेलू मुद्दों को हल करने के लिए करना चाहिए। शाम ढलते–ढलते कोई आकस्मिक रूमानी झुकाव आपके दिलोदिमाग़ पर छा सकता है। महत्वपूर्ण लोगों के साथ बातचीत करते वक़्त अपने शब्दों को ग़ौर से चुनें

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

ज़िंदगी की ओर एक उदार रवैया अपनाएँ। अपने हालात की शिकायत करने और उसे लेकर दुःखी होने से कुछ हासिल नहीं होने वाला। कुल मिलाकर फ़ायदेमंद दिन है। लेकिन आप समझते थे जिसपर आप आँखें बंद करके यक़ीन कर सकते हैं, वह आपके भरोसे को तोड़ सकता है। अगर आप कोशिश करें तो आप अपने जीवनसाथी के साथ अपने जीवन का सबसे अच्छा दिन आज गुज़ार सकते हैं। सेहत के लिहाज़ से दौड़ लगाना आपके लिए फ़ायदेमंद रहेगा, क्योंकि यह मुफ़्त भी है और अच्छी एक्सरसाइज़ भी।

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आपका तेज़ काम आपको प्रेरित करेगा। सफलता हासिल करने के लिए समय के साथ अपने विचारों में बदलाव लाएँ। अपने जीवन–साथी के साथ बेहतर समझ ज़िन्दगी में ख़ुशी, सुकून और समृद्धि लाएगी। अपने प्रिय से कुछ भी तल्ख़ कहने से बचें– नहीं तो बाद में आपको पछताना पड़ सकता है। दिन को कैसे अच्छा बनाया जाए इसके लिए आपको अपने लिए भी समय निकालना सीखना होगा। जीवन की परेशानियों को दूर करने के लिए आज आप किसी मनोवैज्ञानिक चिकित्सक से मिल सकते हैं।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

सुकून हासिल करने लिए कुछ पल क़रीबी दोस्तों के साथ बिताएँ। धन का आगमन आज आपको कई आर्थिक परेशानियों से दूर कर सकता है। प्यार, मेलजोल और आपसी जुड़ाव में इज़ाफा होगा। सच्चे और पवित्र प्रेम का अनुभव करें। सामाजिक और धार्मिक समारोह के लिए बेहतरीन दिन है। क्योंकि आज आपको सच्चे प्यार का एहसास होगा। खुशी आपके अंदर ही छुपी है आज बस आपको अपने अंदर झांकने की जरुरत है।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आप उन योजनाओं में निवेश करने से पहले दो बार सोचें जो आज आपके सामने आयी हैं। मनोरंजन से जुड़ी गतिविधियाँ मज़ेदार रहेंगी, अगर पूरे परिवार की उसमें सहभागिता हो। सफ़र के लिए दिन ज़्यादा अच्छा नहीं है। रोज़मर्रा की ज़रूरतें पूरी न होने से आपके वैवाहिक जीवन में तनाव संभव है। खाना, साफ़–सफ़ाई या कोई और घरेलू चीज़ इसका कारण हो सकती है। स्वास्थ्य को दुरुस्त करने के लिए आज किसी पार्क या जिम में आप जा सकते हैं।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

रियल एस्टेट सम्बन्धी निवेश आपको अच्छा–ख़ासा मुनाफ़ा देंगे। शाम के समय अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या फ़िल्म देखना आपको सुकून देगा और ख़ुशमिज़ाज बनाए रखेगा। आज के दिन आप भी उस संगीत को सुन सकेंगे, जो दुनिया के बाक़ी सभी गीतों को भुलवा देगा। सामाजिक और धार्मिक समारोह के लिए बेहतरीन दिन है। अच्छी नींद अच्छी सेहत के लिए बेहद ज़रूरी है; आप थोड़ा अधिक सो सकते हैं।

आपकी ख़ूबियां आज लोगों के बीच आपको प्रशंसा का पात्र बनाएंगी।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज आपकी सेहत पूरी तरह अच्छी रहेगी। आपके पास आज पैसा भी पर्याप्त मात्रा में होगा और इसके साथ ही मन में शांति भी होगी। घर में उल्लास का माहौल आपके तनावों को कम कर देगा। आप भी इसमें पूरी सहभागिता करें और महज़ मूक दर्शक न बने रहें। आपका व्यक्तित्व और लोगों से थोड़ा अलग है आप अकेले वक्त बिताना पसंद करते हैं। आज आपको अपने लिए वक्त तो मिलेगा लेकिन ऑफिस की कोई समस्या आपको सताती रहेगी। जीवनसाथी की वजह से आपकी कोई योजना या कार्य गड़बड़ हो सकता है; लेकिन धैर्य बनाए रखें।

## शुक्रवार का पंचांग

दिनांक : 10 मई 2024 , शुक्रवार
विक्रम संवत : 2081
मास : वैशाख , शुक्ल पक्ष
तिथि : तृतीया रात्रि 02:52 तक
नक्षत्र : रोहिणी प्रात: 10:47 तक
योग : अतिगंड दोपहर 12:06 तक
करण : तैतिल दोपहर 03:31 तक
चन्द्रराशि : वृषभ रात्रि 10:26 तक
सूर्योदय : 05:45 , सूर्यास्त 06:39 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 05:55 , सूर्यास्त 06:36 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 05:47 , सूर्यास्त 06:30 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 05:38 , सूर्यास्त 06:29 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**

चंचल : 06:00 से 07:30
लाभ : 07:30 से 09:00
अमृत : 09:00 से 10:30
शुभ : 12:00 से 01:30
राहुकाल : प्रातः 10:30 से 12:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : दूध पीकर यात्रा करें
दिन विशेष : अक्षय तृतीया , श्री परशुराम–बसवेश्वर जयंती , युगादि तिथि , कल्पादि तिथि




❊ पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें ❊
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com


# राजस्थान का टिकाऊ और दीर्घकालीन विकास बने प्राथमिकता : मिश्र



**जयपुर, 09 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि राज्य के संतुलित और सतत विकास के लिए सभी मिलकर कार्य करें और राज्य का टिकाऊ और दीर्घकालीन विकास प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री मिश्र गुरुवार को राजभवन में राज्यपाल सलाहकार मण्डल की बैठक में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सर्वांगीण विकास के तहत आदिवासी कल्याण, शिक्षा, कृषि, पर्यटन, उद्योग आदि क्षेत्रों में सुनियोजित योजनाओं के जरिए दीर्घकालीन विकास को ध्यान में रखते हुए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सबिलिटी (सीएसआर) के तहत राज्य के विकास से जुड़े प्रभावी कार्य हाथ में लेकर उनके क्रियान्वयन की भी आवश्यकता जताई।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल सलाहकार मंडल के अंतर्गत विषय विशेषज्ञों के सुझाव आमंत्रित कर उनके आधार पर प्रदेश के सतत, स्थायी और चहुंमुखी विकास के लिए कार्य किए जाने की पहल की गई है। विभिन्न क्षेत्रों में पूर्व की बैठकों में आए सुझावों के विश्वविद्यालयी शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में लागू करने से सकारात्मक परिणाम भी आए हैं। उन्होंने बैठक में राजस्थान में उपलब्ध संसाधनों का समुचित दोहन कर प्रदेश के युगानुकुल विकास के लिए कार्य किए जाने, उद्यमिता विकास के लिए प्रयास बढ़ाए जाने पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि राजभवन स्तर पर राज्यपाल राहत कोष के पुनर्गठन, जनजातीय क्षेत्रों के प्रभावी विकास, आदिवासी क्षेत्रों के टिकाऊ विकास से जुड़े मुद्दों की मॉनिटरिंग के लिए राजभवन स्तर पर जनजातीय एकक की स्थापना की गई है। राजभवन में देश का पहला संविधान उद्यान निर्मित किया गया है।

राज्य सलाहकार समिति के सदस्यों ने बैठक में वनस्थली विद्यापीठ की तर्ज पर आदिवासी क्षेत्र में महिला विश्वविद्यालय की स्थापना किए जाने का भी विशेष रूप से सुझाव दिया। स्वास्थ्य क्षेत्र के अंतर्गत पब्लिक हेल्थ कैडर बनाने और शिशु और मातृ मृत्यु दर कम करने के लिए व्यावहारिक प्रयास किए जाने, सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के इस्तेमाल और आयुष्मान भारत के समेकित क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। इसी तरह आदिवासी क्षेत्रों में ग्राम न्यायालयों की अधिकाधिक स्थापना, राजस्व मामलों में त्वरित न्याय पद्धति के विकास और ट्राइबल क्षेत्रों के लिए हाईकोर्ट बेंच स्थापित किए जाने का राजभवन स्तर पर प्रस्ताव भिजवाए जाने का भी सुझाव आया। उच्च और तकनीकी शिक्षा के अंतर्गत प्रशिक्षित मानव संसाधन के लिए उद्योग–एकेडमिया लिंक स्थापित करने, वित्तीय साक्षरता पर कार्य करने और रोजगारोन्मुखी पाठ्यक्रम विकसित करते हुए पूरी तरह से ई गवर्नेंस लागू करने के महती सुझाव दिए गए।

राज्य सलाहकार मंडल ने राज्य के आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के लिए समन्वित प्रयास किए जाने, राजस्थान से बाहर के राज्यों के लघु और मध्यम, सूक्ष्म लघु उद्योगों की राज्य में स्थापना, उद्यमिता को केंद्र में रखकर कार्य करने और उद्यमिता प्रोत्साहन के लिए विभिन्न स्तरों पर कदम उठाए जाने पर भी जोर दिया। बैठक में टीएमआई समूह के चेयरमैन टी. मुरलीधरन, एचआरएच ग्रुप के निदेशक लक्ष्यराज सिंह मेवाड़,वरिष्ठ अधिवक्ता आर. एन. माथुर, अर्थशास्त्री डॉ. मनोरंजन शर्मा, शिक्षाविद प्रो. एके गहलोत और डा. विश्वपति त्रिवेदी ने विभिन्न क्षेत्रों में विकास के लिए अपने सुझाव दिए।

राज्यपाल सलाहकार मंडल के सदस्यों ने राजभवन द्वारा नई शिक्षा नीति के आलोक में शैक्षिक गुणवत्ता के लिए किए गए कार्यों और राज्यपाल स्तर पर विभिन्न क्षेत्रों में स्वयं मॉनिटरिंग कर विकास के लिए प्रभावी वातावरण निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। राजभवन में देश के पहले संविधान पार्क की स्थापना की पहल को भी महत्वपूर्ण बताया गया।

### सैम पित्रोदा के विवादित बयान पर सीपी जोशी भड़के, बोले–

# रंग रूप के आधार पर टिप्पणी शर्मनाक





**जयपुर, 09 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के देशवासियों को लेकर दिए गए बयान की कड़ी भर्त्सना की हैं। श्री जोशी ने अपने बयान में गुरुवार को कहा कि इनका यह बयान अंग्रेजों द्वारा भारतीयों पर रंगभेद, नस्लभेद की मानसिकता के आधार पर किए गए अत्याचार को प्रदर्शित करता है।

उन्होंने कहा कि भारत विश्व गुरु रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में दूसरे देशों से तुलना कर भारत को आगे बढ़ने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

उन्होंने अनेकता में एकता भारत की ताकत बताते हुए कहा कि रंग रूप के आधार पर टिप्पणी करना शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि श्री मोदी दुनिया में भारत की ख्याति बढ़ा रहे हैं जबकि कांग्रेस अपने बयानों से देशवासियों को अपमानित कर रही है। श्री जोशी ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की विभाजनकारी नीति ने देश को कमजोर किया हैं। कांग्रेस ने देश की एकता और अखंडता को ठेस पहुंचाई, फूट डालो और शासन करो की नीति अपनाई। विभाजनकारी नीति कांग्रेस की सोच है और देश को धर्म, जाति और रंग के आधार पर बांटने की कोशिश की जा रही है।

# ई–मित्र संचालक को एक लाख रुपए रिश्वत लेते एसीबी ने दबोचा गिरफ्तार



**जयपुर, 09 मई (एजेंसियां)।** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जयपुर जिले में फागी पंचायत समिति की ग्राम पंचायत लसाड़िया में एक ई मित्र संचालक को गुरुवार को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

ब्यूरो के महानिदेशक डा रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि एसीबी की विशेष अनुसंधान इकाई (एसआईयू) जयपुर को परिवादी ने शिकायत की कि उसके पिता की मृत्यु होने पर श्रमिक डायरी के आधार पर श्रम विभाग से क्लेम पास कराने की एवज में आरोपी एवं ई मित्र संचालक विश्राम गुर्जर एक लाख रुपए की रिश्वत की मांग कर रहे हैं। इस पर एसीबी की टीम ने शिकायत के सत्यापन के बाद आरोपी विश्राम गुर्जर को परिवादी से एक लाख रुपए (30 हजार रुपए भारतीय मुद्रा एवं 70 हजार रुपए डमी करेंसी) की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। एसीबी के उपमहानिरीक्षक रणधीर सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ एवं कार्यवाही जारी है।

# हरियाणा की सभी सीटों पर कमल खिलेगा : मनोहर लाल खट्टर



**चंडीगढ़/पानीपत, 09 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने दावा किया है कि आने वाली चार जून को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आएंगे तो हरियाणा की जनता राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की झोली में डालने का काम करेगी।

श्री खट्टर ने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों और करनाल विधानसभा की सीट समेत बड़े अंतर से जीत का दावा किया। उन्होंने गुरुवार को घरौंडा और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा के बाद पत्रकारों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता ने फैसला कर लिया है कि वह विपक्ष के बहकावे में नहीं आने वाली है और हर हाल में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनाने का काम करेगी। पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि विपक्ष को चार जून को अपनी असलियत पता चल जायेगी। श्री खट्टर ने कहा कि राज्य के तीन निर्दलीय विधायकों द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के बावजूद नायब सिंह सैनी की सरकार बहुमत में है और पूरी तरह से मजबूत है। जननायक जनता पार्टी के अध्यक्ष दुष्यंत चौटाला द्वारा कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार गिराने के प्रयास पर उन्होंने कहा कि श्री चौटाला को जो करना है, वह करें, यह उसका काम है। जब उनसे यह पूछा गया कि श्री चौटाला अपने विधायकों की शिकायत विधानसभा अध्यक्ष से करने वाले हैं, तो उन्होंने कहा कि जब शिकायत आयेगी, तब उस शिकायत पर उस हिसाब से कार्रवाई की जायेगी।

# देश में संविधान–लोकतंत्र बचाने की जंग चल रही है : सैलजा



**चंडीगढ़/ रानियां, 09 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा सिरसा लोकसभा सीट से कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) की उम्मीदवार कुमारी सैलजा ने कहा है कि 10 साल की राजनीति में बहुत बदलाव आया है, देश में अब संविधान और लोकतंत्र बचाने की जंग चल रही है, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जनता के हित में कोई काम करने के बजाय उसके साथ पोर्टल–पोर्टल खेल रही है।

सैलजा ने गुरुवार को रानियां विधानसभा क्षेत्र के दर्जनों गांवों का दौरा कर कार्यक्रमों में भाग लिया और कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों को बर्बाद हुई फसलों का मुआ–वजा नहीं दे रही और धनाड्यों के लाखों–करोडों रुपये के कर्जे माफ कर दिये जाते हैं। सबका साथ, सबका विकास का नारा देने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार ने जब सरपंचों के सारे को अधिकार ही छीन लिये तो गांवों में विकास कैसे होगा, इस सरकार के कार्यकाल में बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, महंगाई तेजी से बढ़ रहे हैं। सरकार जनहित के मुद्दों पर ध्यान देने के बजाय जनता को मुद्दों से भटकाकर देश और समाज में धर्म के नाम पर बंटवारे की बात करती है।

सैलजा ने गांव भंभूर से चुनावी दौरा शुरू किया, वह जिस–जिस गांवों में गईं, वहां पर उनका जोरदार स्वागत किया गया। युवाओं में उत्साह देखते ही बनता था, महिलाओं और बुजुर्गों ने सिर पर हाथ रखकर उन्हें आशीर्वाद दिया।

# पुलिस ने छह साल से लापता लड़की को परिजनों से मिलवाया



**चंडीगढ़, 09 मई (एजेंसियां)।** हरियाणा पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने छह साल से प्रयागराज उत्तर प्रदेश से लापता लड़की को उसके परिजनों से मिलवाने में सफलता प्राप्त की है। यह लड़की (12) मानसिक रूप से बीमार है और छह वर्ष से लापता थी। इस किशोरी को स्टेट क्राइम ब्रांच की एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पंचकूला में कार्यरत एएसआई राजेश कुमार की कड़ी मेहनत और संवेदनशीलता की वजह से तलाश किया गया है। इसके लिये पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने उन्हें अपनी शुभकामनायें दीं और भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत और लगन के साथ कार्य करने के लिये प्रेरित किया।

हरियाणा पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट को 29 जनवरी 2024 को सूचना प्राप्त हुई कि एक गुमशुदा लड़की जिसकी आयु लगभग 18 वर्ष (वर्तमान आयु) है, नारायणगढ़ स्थित चाइल्ड केअर इंस्टीट्यूट में रह रही है। यह लड़की छह साल से यमुनानगर बाल कुंज छछरौली में रह रही थी जो 21 नवंबर 2019 में रेलवे स्टेशन अंबाला पर लावारिस हालत में मिली थी। इस मामले की जांच एएसआई राजेश कुमार को सौंपी गयी। एएसआई राजेश कुमार ने गुमशुदा लड़की से वीडियो कॉलिंग करते हुये उसकी कई बार काउंसलिंग की। चूंकि लड़की मानसिक रूप से बीमार थी, तो वह अपने बारे में ज्यादा जानकारी देने में सक्षम नहीं थी।

वह केवल बार–बार मुगलसराय नामक एक शब्द बोल रही थी जिसे आधार मानकर गुमशुदा लड़की की पहचान करने के लिये प्रयास शुरू किये गये। परिजनों ने हरियाणा पुलिस का आभार जताया है।

# सैनी सरकार का संकट बढ़ा, चौटाला ने राज्यपाल को लिखी चिट्ठी

**चंडीगढ़, 09 मई (एजेंसियां)।** जननायक जनता पार्टी (जजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने गुरुवार को हरियाणा के राज्यपाल बंडारु दत्तात्रेय को चिट्ठी लिखकर नायब सिंह सैनी सरकार से बहुमत सिद्ध करवाने का अनुरोध किया है।



चिट्ठी में श्री चौटाला ने लिखा है कि हाल में तीन निर्दलीय विधायकों ने भारतीय जनता पार्टी सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया है। उन्होंने लिखा है कि जजपा का स्पष्ट रुख है कि वह इस सरकार का समर्थन नहीं करती और किसी भी अन्य राजनीतिक दल का सरकार बनाने में समर्थन करने के लिये तैयार है।उन्होंने लिखा है कि जाहिर है, वर्तमान सरकार विधानसभा में बहुमत खो चुकी है। उन्होंने राज्यपाल से अनुरोध किया है कि वह त्वरित कार्यवाही करें।करनाल से लोकसभा चुनाव लड़ रहे पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और हिसार से चुनाव लड़ रहे रंजीत चौटाला के विधायक पद से इस्तीफे के बाद 90 सदस्यीय सदन में 88 विधायक हैं। जजपा से गठबंधन तोड़ने के बाद जब मार्च में श्री सैनी की सरकार बनी थी तो निर्दलीय विधायकों का उसे समर्थन था। निर्दलीय विधायक रंजीत चौटाला के इस्तीफे के बाद छह निर्दलीय विधायक बचे जिनमें से तीन ने सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा की है। इसके अलावा भाजपा सरकार को हरियाणा लोकविकास पार्टी के एक विधायक का समर्थन है। दूसरी तरफ विपक्षी खेमे में कांग्रेस के 30, जजपा के 10 और इंडियन नेशनल लोकदल का एक विधायक है। तीन निर्दलीय विधायकों, जिन्होंने कांग्रेस को समर्थन देने की घोषणा की थी, को मिलाकर विपक्षी खेमे के पास 44 विधायक हैं।हालांकि, श्री खट्टर और श्री सैनी का दावा है कि उनकी सरकार पर कोई संकट नहीं है और उन्होंने विपक्षी खेमे से कुछ विधायकों के संपर्क में होने का दावा भी किया है। जजपा के भी विधायक इसमें शामिल हैं, जिनके बारे में पूछने पर श्री चौटाला ने बुधवार को प्रेस वार्ता में कहा था कि विधायक पार्टी व्हिप से बंधे हैं।

# अक्षय तृतीया पर स्नान-दान से मिलेगा अक्षय पुण्य




अक्षय तृतीया को विवाह के लिए अबूझ मुहूर्त माना गया है। इसे आखा तीज भी कहते हैं। अक्षय तृतीया का पर्व वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। इस दिन बिना मुहूर्त निकाले शुभ कार्य, विवाह करना, सोना-चांदी खरीदना, नए कार्य करने से जैसे काम किए जा सकते हैं।

हिंदू धर्म में अक्षय तृतीया को एक शुभ मुहूर्त और महत्वपूर्ण तिथि माना जाता है। इस तिथि पर सभी तरह के मांगलिक और शुभ कार्य किए जा सकते हैं। अक्षय तृतीया के दिन खरीदारी करना बेहद शुभ होता है। इसी दिन भगवान विष्णु ने नर और नारायण के रूप में अवतार लिया था।

### अक्षय तृतीया पर इन कामों से मिलता है अक्षय पुण्य

इस साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 10 मई को है। इस दिन अक्षय तृतीया के साथ ही परशुराम जयंती भी मनाई जाती है।धार्मिक ग्रंथों के मुताबिक इसी तिथि से सतयुग और त्रेतायुग की शुरुआत मानी जाती है। इस दिन किया गया जप, तप, ज्ञान, स्नान, दान, होम आदि अक्षय रहते हैं। इसी कारण इसे अक्षय तृतीया के नाम से जाना जाता है। इस दिन किए गए व्रत-उपवास और दान-पुण्य से अक्षय पुण्य मिलता है। अक्षय पुण्य यानी ऐसा पुण्य जिसका कभी क्षय (नष्ट) नहीं होता है।

अक्षय तृतीया पर जल का दान जरूर करना चाहिए। साल में चार अबूझ मुहूर्त आते हैं। इन मुहूर्त में विवाह आदि सभी मांगलिक कार्य बिना शुभ मुहूर्त देखे किए जा सकते हैं। ये चार अबूझ मुहूर्त हैं- अक्षय तृतीया, देवउठनी एकादशी, वसंत पंचमी और भड़ली नवमी। ये चारों तिथियां किसी भी शुभ काम की शुरुआत के लिए सर्वश्रेष्ठ मानी गई हैं।

### अक्षय तृतीया पर कई शुभ योग का निर्माण

इस साल अक्षय तृतीया पर 10 मई को कई शुभ योग बन रहे हैं। अक्षय तृतीया के दिन गजकेसरी योग और धन योग बन रहे हैं। वहीं दूसरी ओर इस दिन सूर्य और शुक्र की मेष राशि में युति हो रही है, जिससे शुक्रादित्य योग बन रहा है। इसके साथ ही मीन राशि में मंगल और बुध की युति से धन योग, शनि के मूल त्रिकोण राशि कुंभ में होने से शश योग और मंगल के अपनी उच्च राशि मीन में रहकर मालव्य राजयोग और वृषभ राशि में चंद्रमा और गुरु की युति से गजकेसरी योग बन रहा है।

### अक्षय तृतीया शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार इस साल वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि 10 मई को सुबह 04:17 मिनट पर शुरू होगी और इसका समापन 11 मई को देर रात 02:50 मिनट पर होगा। उदयातिथि के अनुसार अक्षय तृतीया का पर्व 10 मई 2024 को मनाया जाएगा। 10 मई को अक्षय तृतीया के दिन पूजा के लिए सुबह 05:33 मिनट से लेकर दोपहर 12:18 मिनट तक का समय रहेगा।

### पितरों की तृप्ति का पर्व

अक्षय तृतीया के दिन बद्रीनाथ धाम के पट खुलते हैं। इस दिन तिल सहित कुश के जल से पितरों को जलदान करने से उनकी अनंत काल तक तृप्ति होती है। इस तिथि से ही गौरी व्रत की शुरुआत होती है, जिसे करने से अखंड सौभाग्य और समृद्धि मिलती है। अक्षय तृतीया पर गंगास्नान का भी बड़ा महत्व है। इस दिन गंगा स्नान करने या घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर नहाने से हर तरह के पाप खत्म हो जाते हैं।

### तीर्थ स्नान और अन्न-जल का दान

अक्षय तृतीया के इस शुभ पर्व पर तीर्थ में स्नान करने की परंपरा है। ग्रंथों में कहा गया है कि अक्षय तृतीया पर किया गया तीर्थ स्नान जाने-अनजाने में हुए हर पाप को खत्म कर देता है। इससे हर तरह के दोष खत्म हो जाते हैं।

इसे दिव्य स्नान भी कहा गया है। तीर्थ स्नान न कर सकें तो घर पर ही पानी में गंगाजल की कुछ बूंदे डालकर नहा सकते हैं। ऐसा करने से भी तीर्थ स्नान का पुण्य मिलता है। इसके बाद अन्न और जलदान का संकल्प लेकर जरुरतमंद को दान दें। ऐसा करने से कई यज्ञ और कठिन तपस्या करने जितना पुण्य फल मिलता है।

### दान से मिलता है अक्षय पुण्य

अक्षय तृतीया पर घड़ी, कलश, पंखा, छाता, चावल, दाल, घी, चीनी, फल, वस्त्र, सत्तू, ककड़ी, खरबूजा और दक्षिणा सहित धर्मस्थान या ब्राह्मणों को दान करने से अक्षय पुण्य फल मिलता है। अबूझ मुहूर्त होने के कारण नया घर बनाने की शुरुआत, गृह प्रवेश, देव प्रतिष्ठा जैसे शुभ कामों के लिए भी ये दिन खास माना जाता है।

### ब्रह्मा के पुत्र अक्षय का प्राकट्य दिवस

अक्षय तृतीया को युगादि तिथि भी कहते हैं। अक्षय का अर्थ है, जिसका क्षय न हो। इस तृतीया का विष्णु धर्मसूत्र, भविष्य पुराण, मत्स्य पुराण और नारद पुराण में उल्लेख है। ब्रह्मा के पुत्र अक्षय का इसी दिन प्राकट्य दिवस रहता है। दान के लिए खास दिन इस दिन अन्न व जल का दान करना शुभ माना है। खास कर जल से भरा घड़ा या कलश किसी मंदिर या प्याऊ स्थल पर जाकर रखना चाहिए। ऐसा करने से सुख-समृद्धि बढ़ती है। इस दिन प्रतिष्ठान का शुभारंभ, गृह प्रवेश व अन्य मंगलकार्य करना विशेष फलदायी रहता है।

### भगवान विष्णु ने लिए कई अवतार

अक्षय तृतीया को चिरंजीवी तिथि भी कहा जाता है, क्योंकि इसी तिथि पर भगवान विष्णु के अवतार परशुराम जी का जन्म हुआ था। परशुराम जी चिरंजीवी माने जाते हैं यानी ये सदैव जीवित रहेंगे। इसके अलावा भगवान विष्णु के नर-नरायण, हयग्रीव अवतार भी इसी तिथि पर प्रकट हुए थे।

# आज सुबह 7:15 बजे खुलेंगे बाबा केदारनाथ के कपाट




केदारनाथ उत्तराखंड राज्य में स्थित हिंदुओं के लिए सबसे पवित्र तीर्थस्थलों में से एक है। भगवान शिव को समर्पित केदारनाथ मंदिर 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है। केदारनाथ मंदिर के कपाट हर साल अक्षय तृतीया के दिन खोले जाते हैं। इस बार कपाट खुलने से पहले केदारनाथ मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। बाबा केदार की पैदल डोली यात्रा भी गौरीकुंड से केदारनाथ के लिये रवाना हो चुकी है। डोली में भगवान शिव की पिंडी स्थापित होती है। डोली को कंधे पर उठाकर श्रद्धालु केदारनाथ तक ले जाते हैं। डोली यात्रा हिंदुओं के लिए बहुत ही पवित्र माना जाता है। श्रद्धालु इस यात्रा को जीवन में एक बार जरूर करना चाहते हैं। बाबा केदार की डोली केदारनाथ पहुंचने के बाद मंदिर के गर्भगृह में स्थापित कर दी जाती है।

### कब खुलेंगे बाबा केदरनाथ के कपाट

10 मई 2024 को अक्षय तृतीया के दिन सुबह सात बजकर पन्द्रह मिनट पर केदारनाथ मंदिर के कपाट खुलेंगे।

### भव्य सजावट की खासियत

विश्व प्रसिद्ध केदारनाथ धाम के कपाट खुलने से पहले केदारनाथ मंदिर फूलों से सजने लग गया है। मंदिर को सजाने के लिये फूल भी केदारनाथ पहुंच चुके हैं। मंदिर को लगभग दस टन फूलों से सजाया जायेगा।

### बाबा केदार की डोली

बाबा केदार की डोली हिंदू धर्म और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह श्रद्धा, भक्ति और आस्था का प्रतीक है। बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली तृतीय रात्रि प्रवास गौरीकुंड में करने के बाद केदारनाथ धाम के लिये रवाना हो गई है। आज दोपहर को डोली केदारनाथ पहुंचेगी और मंदिर के भंडार गृह में विश्राम करेगी। कल सुबह अक्षया तृतीय के पावन पर्व पर सुबह सात बजकर पन्द्रह मिनट पर बाबा केदार के कपाट खोल दिये जाएंगे। भगवान केदारनाथ के कपाट खोलने की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो गई हैं। आज दोपहर तक बाबा केदार की डोली भी केदारनाथ धाम पहुंच जाएगी। बाबा केदार की डोली आज केदारनाथ मंदिर के निकट भंडार गृह में ही रात्रि प्रवास करेगी।

## 10 टन फूलों से की जा रही है सजावट

### बाबा केदार की डोली का श्रृंगार और आरती

आज सुबह गौरीकुंड में बाबा केदार की डोली का श्रृंगार करने के बाद आरती उतारी गई। जिसके बाद बाबा केदार की डोली हजारों भक्तों के साथ केदारनाथ धाम के लिये रवाना हुई।

वहीं दूसरी ओर कपाट खुलने के मौके पर केदारनाथ मंदिर को भव्य तरीके से सजाया जा रहा है। भारी संख्या में मजदूर मंदिर को सजाने में जुटे हुये हैं। मंदिर को सजाने के लिये लगभग दस टन फूल मंदिर पहुंच चुके हैं।

# फेंगशुई में लाल रिबन में बंधे तीन सिक्कों से कैसे आता है धन

फेंगशुई में, लाल रिबन में बंधे तीन सिक्कों को समृद्धि और धन आकर्षित करने के लिए एक शक्तिशाली प्रतीक माना जाता है। यह पारंपरिक चीनी सिक्कों का प्रतिनिधित्व करता है, जिन्हें समृद्धि का प्रतीक माना जाता था। लाल रिबन सौभाग्य और समृद्धि का रंग माना जाता है। यह जीवन शक्ति, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ावा देता है। इस प्रकार, लाल रिबन में बंधे तीन सिक्के तीन गुना शक्ति प्रदान करते हैं, जो धन, सौभाग्य और समृद्धि को आकर्षित करने में मदद करते हैं।

### यह कैसे काम करता है

### सिक्कों का महत्व

सिक्के धातु से बने होते हैं, जो पृथ्वी तत्व का प्रतिनिधित्व करते हैं। पृथ्वी तत्व वित्तीय स्थिरता और समृद्धि से जुड़ा होता है। तीन सिक्कों की संख्या त्रिमूर्ति का प्रतीक है, जो सृष्टि, संरक्षण और विनाश की देवी-देवताओं का समूह है। यह संतुलन और सद्भाव का प्रतीक है, जो धन आकर्षित करने के लिए आवश्यक है।

### लाल रिबन का महत्व

लाल रिबन अग्नि तत्व का प्रतिनिधित्व करता है। अग्नि



तत्व जीवन शक्ति, उत्साह और समृद्धि से जुड़ा होता है। लाल रंग सौभाग्य और भाग्य का भी प्रतीक है। यह नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करने में मदद करता है।

### लाल रिबन में बंधे तीन सिक्कों का उपयोग कैसे करें

अपने घर में रखें- आप इन सिक्कों को धन के क्षेत्र में रख सकते हैं, जैसे कि दक्षिण-पूर्व कोने में। आप इन्हें अपने वॉलेट या पर्स में भी रख सकते हैं।

उन्हें उपहार में दें- ये सिक्के शुभकामनाओं और समृद्धि के प्रतीक के रूप में उपहार में दिए जा सकते हैं।

व्यवसाय में इस्तेमाल करें- आप इन सिक्कों को अपने व्यवसाय के कैश रजिस्टर या धन भंडारण क्षेत्र में रख सकते हैं।

इस बात का खास ख्याल रखें कि सिक्कों को नियमित रूप से साफ करते रहें ताकि उनमें सकारात्मक ऊर्जा बनी रहे। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको इस प्रतीक पर विश्वास होना चाहिए। सकारात्मक सोच और आस्था ही धन और समृद्धि को आकर्षित करने में आपकी मदद कर सकती है। अपनी समृद्धि को बढ़ाने के लिए आप अन्य फेंगशुई उपायों का भी उपयोग कर सकते हैं। अपने घर को साफ और व्यवस्थित रखें। धन और समृद्धि के लिए आभार व्यक्त करें। दानी बनें और जरूरतमंदों की मदद करें। लाल रिबन में बंधे तीन सिक्के धन, सौभाग्य और समृद्धि को आकर्षित करने का एक शक्तिशाली फेंगशुई प्रतीक हो सकते हैं।

# शुक्रवार के दिन ऐसा क्या करें कि घर में लक्ष्मी जी का हो आगमन, बनी रही सुख समृद्धि



शुक्रवार के दिन लक्ष्मी मां की पूजा करने से घर में सुख, समृद्धि का वास होता है अगर मां लक्ष्मी की कृपा और आशीर्वाद चाहते हैं तो हर शुक्रवार जरुर करें यह उपाय ।

मां लक्ष्मी को कमल का फूल बहुत प्रिय हैं। इसीलिए हर शुक्रवार के दिन मां को कमल का फूल जरुर चढ़ाएं।

शुक्रवार के दिन तुलसी के पौधे के सामने दीपक जरुर जलाएं। ऐसा करने से मां लक्ष्मी और विष्णु जी दोनों की कृपा आपके घर-परिवार पर बनी रहती है।

शुक्रवार के दिन घर में सफेद चावल की खीर जरुर बनाएं और मां लक्ष्मी को खीर का भोग अवश्य लगाएं और बाद में प्रसाद के रुप में खीर सभी को दें।कोशिश करें इस दिन लक्ष्मी चालीसा का पाठ और लक्ष्मी जी की आरती जरुर करें।इस दिन घर में पोंछा लगाते समय उसमें एक चुटकी हल्दी पाउडर डाल दें। ऐसा करने से घर से नकारात्मक ऊर्जा चली जाएगी और घर में सुख-समृद्धि का आगमन होगा।

# ऐसे शत्रुओं को हमेशा रखें करीब सफलता चूमेगी आपके कदम



चाणक्य नीति में कहा गया है कि कुछ प्रकार के शत्रुओं को हमेशा अपने करीब रखना चाहिए। यह थोड़ा अजीब लग सकता है, लेकिन चाणक्य जी का मानना है कि कुछ शत्रु हमें सफलता प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं। चाणक्य जी का मानना है कि हमें अपने शत्रुओं को कमजोर नहीं समझना चाहिए। हमें उनसे सतर्क रहना चाहिए और उनसे सीखने का प्रयास करना चाहिए।

शत्रुओं के कार्यों का विश्लेषण करके, हम अपनी रणनीति में सुधार कर सकते हैं और उन्हें हराने की बेहतर योजना बना सकते हैं। चाणक्य नीति में शत्रुओं के बारे में बहुत ज्ञान और अंतर्दृष्टि है। यह हमें सिखाता है कि कैसे अपने शत्रुओं से निपटना है, उनसे सीखना है, और उनका उपयोग अपनी सफलता के लिए करना है।

वह शत्रु जो हमेशा हमें चुनौती देता है- इस प्रकार का शत्रु हमें हमेशा अपनी क्षमताओं को बेहतर बनाने और अपनी रणनीति में सुधार करने के लिए प्रेरित करता है। वे हमें आत्मनिर्भर बनने और अपनी कमजोरियों को दूर करने में मदद करते हैं।

वह शत्रु जो हमारी गलतियों का खुलासा करता है- इस प्रकार का शत्रु हमें अपनी गलतियों से सीखने और उन्हें सुधारने का अवसर देता है। वे हमें सच्चा और ईमानदार बनने में मदद करते हैं।

वह शत्रु जो हमारी कमजोरियों का पता लगाता है- इस प्रकार का शत्रु हमें अपनी कमजोरियों का पता लगाने और उन्हें दूर करने में मदद करता है। वे हमें मजबूत और शक्तिशाली बनने में मदद करते हैं।

चाणक्य नीति में कहा गया है ऐसे शत्रुओं को हमेशा अपने करीब रखें जो आपको चुनौती देते हैं, आपकी गलतियों का खुलासा करते हैं और आपकी कमजोरियों का पता लगाते हैं। वे आपको सफलता प्राप्त करने में मदद करेंगे।

हमें अपने शत्रुओं से घृणा नहीं करनी चाहिए। हमें उनका सम्मान करना चाहिए और उनसे सीखने का प्रयास करना चाहिए।

क्रोध और घृणा हमें अंधा कर सकती है और हमें गलत निर्णय लेने के लिए प्रेरित कर सकती है। हमें हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हमें अपने शत्रुओं को अपने जीवन पर नियंत्रण नहीं करने देना चाहिए। हमें हमेशा सकारात्मक दृष्टिकोण रखना चाहिए और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। हमें अपने शत्रुओं को अपने जीवन पर नियंत्रण नहीं करने देना चाहिए।



# मैं डेली लाइफ में मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हूं : प्रियंका चाहर चौधरी

एक्ट्रेस प्रियंका चाहर चौधरी ने बताया कि वह केवल काम के वक्त ही मेकअप लगाती हैं, वरना वह अपने डेली लाइफ में पूरी तरह नेचुरल रहना पसंद करती हैं।प्रियंका ने बताया, मैं हमेशा मेकअप में नहीं रहती। मैं मेकअप केवल तभी लगाती हूं जब मैं काम कर रही होती हूं।एक्ट्रेस, जिन्होंने शो उड़ारियां से तेजो सिंह विर्क के रूप में सुर्खियां बटोरीं, ने खुलासा किया कि चाहे वह एयरपोर्ट हो या मॉल या मार्केट में, वह मेकअप-फ्री रहना पसंद करती हैं।उनके पास एक ब्यूटी हैक है। उन्होंने आगे कहा, मैं बस एक काम करती हूं, मैं थोड़ी सी लिपस्टिक लगाती हूं। उस लिपस्टिक को मैं अपने गाल, माथे और पलकों पर भी लगा लेती हूं, यह ब्लश जैसा दिखता है। पूरा मेकअप ऐसे ही किया जाता है।अपनी ड्रेस चॉइस के बारे में बात करते हुए, प्रियंका ने कहा, आम तौर पर, मैं वेस्टर्न कपड़े पहनती हूं, जो मेरे लिए बहुत आरामदायक होते हैं। मुझे कुर्तियां भी बेहद पसंद हैं, वह भी बहुत आरामदायक हैं। आरामदायक कपड़े मेरा फैशन स्टेटमेंट हैं।

# रेखा ने हीरामंडी द डायमंड बाजार में सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय की तारीफ की



बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा ने वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार में सोनाक्षी सिन्हा के अभिनय की तारीफ की है।

संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा ,संजीदा शेख फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी: द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है। हीरामंडी द डायमंड बाजार में सोनाक्षी सिन्हा ने दोहरी भूमिका निभायी है। सोनाक्षी सिन्हा ने रेहाना और फरीदान की भूमिका निभायी है, जो मां बेटी होती हैं। सोनाक्षी के इन किरदारों को फैंस खूब पसंद कर रहे हैं । इस बीच रेखा ने भी सोनाक्षी की तारीफ की है।

हाल ही में हीरामंडी द डायमंड बाजार की शानदार स्क्रीनिंग हुई थीं, जिसमें पूरी स्टार कास्ट के साथ-साथ रेखा भी शामिल हुयी थी। इस दौरान उन्होंने सोनक्षी के किरदार को लेकर उनकी तारीफ की। इसका खुलासा सोनाक्षी सिन्हा ने किया है।

सोनाक्षी ने बताया कि, यदि मैं इसके बारे में सोचती हूं तो भी मैं अवाक रह जाती हूं। रेखा बहुत रोमांचित थी। उन्होंने मेरी मां से कहा था कि वह मेरी दूसरी मां है और वो मेरी बेटी है, आपकी बेटी नहीं और मुझसे बहुत प्यार करती है।

# द ग्रेट इंडियन कपिल शो में आएंगी हीरामंडी की अभिनेत्रियां, प्रोमो वीडियो आया सामने



संजय लीला भंसाली के निर्देशन में बनी वेब सीरीज हीरामंडी: द डायमंड बाजार को दर्शकों का बेशुमार प्यार मिल रहा है।इस सीरीज में सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, मनीषा कोइराला, संजीदा शेख और ऋचा चड्ढा जैसी अभिनेत्रियों मुख्य भूमिकाओं में है।इन दिनों तमाम अभिनेत्रियों सीरीज के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। अब हीरामंडी की टोली कपिल शर्मा के नए कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में नजर आएगी।शो का नया प्रोमो वीडियो सामने आ चुका है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर द ग्रेट इंडियन कपिल शो का प्रोमो वीडियो साझा किया है, जिसमें सोनाक्षी सहित सभी अभिनेत्रियां कपिल के साथ खूब मस्ती करती नजर आ रही हैं।

# सलमान खान की फिल्म सिकंदर में काम करेंगी रश्मिका मंदाना





बॉलीवुड अभिनेत्री रश्मिका मंदाना दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म सिकंदर में काम करती नजर आ सकती है।

सलमन खान ने इस साल ईद के अवसर पर अपनी नई एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर अनाउंस की थी। कहा जा रहा है कि सलमान खान एक्शन-थ्रिलर फिल्म सिकंदर का पहला शेड्यूल मई में शुरू करेंगे। इस फिल्म का निर्देशन मुरुगादॉस करेंगे।कहा जा रहा है कि सलमान खान की एक्शन ड्रामा फिल्म सिकंदर के लिए अभिनेत्री का नाम फाइनल हो गया है। रश्मिका मंदाना फिल्म सिंकदर में सलमान खान के अपोजिट काम करती नजर आ सकती हैं।

# मुनव्वर फारुकी ने रैपर स्पेक्ट्रा के साथ अपना नया गाना 'धंधो' लांच किया



बिग बॉस फेम संगीतकार मुनव्वर फारुकी ने रैपर स्पेक्ट्रा के साथ अपना नया गाना 'धंधो' लांच किया है।

संगीतकार मुनव्वर फारुकी ने हाल ही में अपनी नवीनतम कृति 'धंधो' की घो-षणा की, जो बिग बॉस 17 जीतने के बाद उनकी पहली रिलीज़ है। रैपर स्पेक्ट्रा और संगीत निर्माता सेज़ ऑन द बीट के सहयोग से बनाए गए धंधो के पोस्टर को मुनव्वर फारुकी ने सोशल मीडिया पर शेयर किया। 'धंधो' मुनव्वर फारुकी और स्पेक्ट्रा के चार साल बाद फिर से साथ आने का प्रतीक है।'धंधो' अब सभी स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर सुनने के लिए उपलब्ध है और इसे मुनव्वर फारुकी के यूटयूब पेज पर देखा जा सकता है। गाने के बारे में अपने विचार साझा करते हुए, मुनव्वर फारुकी ने कहा, मैं 'धंधो' को दुनिया के साथ साझा करने के लिए रोमांचित हूं।स्पेक्ट्रा के साथ सहयोग करना हमेशा खास होता है और मुझे उम्मीद है कि हर कोई हमारे गाने का उतना ही आनंद लेगा जितना हम लेते हैं।

## कातिलाना अदाओं से निकिता दत्ता ने बरपाया कहर

# हॉट लुक्स देखकर यूजर्स ने दिए रिएक्शंस



कबीर सिंह फेम निकिता दत्ता हमेशा अपने बोल्डनेस और हॉटनेस के कारण लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तबाही मचाने लगता है। हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट कर एक बार फिर से फैंस को अपने हुस्न का कायल कर दिया है।एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा अपने गॉर्जियस लुक्स से फैंस का दिल जीत लेती हैं। उनका हर एक लुक इंस्टा पर पोस्ट होते ही तेजी से वायरल होने लगता है।हाल ही में निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका स्टनिंग अवतार लोगों के बीच छा गया है।निकिता दत्ता ने अपने फोटोशूट के दौरान रेड कलर का बैकलेस आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो काफी हॉट एंड ग्लैमरस लग रही हैं।बालों का बन बनाकर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि एक्ट्रेस निकिता दत्ता कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

बता दें कि एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज और वीडियोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनके लुक्स पर अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं।एक यूजर ने उनकी फोटोज पर कॉमेंट्स करते हुए लिखा सो हॉट तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा सो ब्यूटिफुल।





# धर्मेंद्र ने सोशल मीडिया पर शेयर किया स्पेशल वीडियो

बॉलीवुड के हीमैन धर्मेन्द्र ने सोशल मीडिया पर स्पेशल वीडियो शेयर किया है। धर्मेंद्र सोशल मीडिया पर बेहद एक्टिव रहते हैं। वह अपने नए नए पोस्ट और ट्वीट से फैंस का ध्यान खींचते रहते हैं। इसी बीच उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने द्वारा निभाए गए कुछ किरदारों की झलक फैंस को दिखाई है।

इस वीडियो को शेयर करते हुए कैप्शन में धर्मेंद्र ने लिखा, आपके रिस्पॉन्स के लिए सभी को प्यार।इससे पहले धर्मेंद्र ने अपने दोस्तों के साथ एक तस्वीर शेयर की थी, जिसमें सुपरस्टार अपने पुराने दोस्तों रंजीत और अवतार गिल का हाथ पकड़े नजर आ रहे हैं।धर्मेंद्र ने फोटो शेयर करते हुए लिखा- गोली... गिल.... यार पुराने। अचानक मिल जाते हैं जब।

संपादकीय

# राष्ट्रीय सुरक्षा पर स्टंटबाजी

**जम्मू-कश्मीर** के पुंछ इलाके में बीती 4 मई को आतंकियों ने वायुसेना के काफिले पर हमला किया था, जिसमें एक जवान ने शहादत दी और चार घायल अब भी उपचाराधीन हैं। इस हमले को पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी ने भाजपा की 'चुनावी स्टंटबाजी' करार दिया। इससे बड़ी नालायकी और संवेदनहीनता क्या हो सकती है? यह राष्ट्रीय सुरक्षा और सेनाओं के सम्मान की अनिवार्यता का भी उल्लंघन है कि एक सरहदी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री ने ऐसा बयान दिया है। पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्कैच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को 'स्टंटबाजी' करार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर इतना खोखलापन और सियासी विरोध वाकई चिंतित करता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां करना हमारे जांबाज सैनिकों के शौर्य और शहादतों का भी अपमान है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में ही दूसरा बयान फारूक अब्दुल्ला का है। वह कई सालों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बीती 17वीं लोकसभा में भी सांसद थे। भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रहे। इसके बावजूद फारूक का पाकपरस्त और चीन-समर्थक रवैया कोई नई बात नहीं है। देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) के संदर्भ में बयान दिया था, जिस पर फारूक अब्दुल्ला ने प्रतिक्रिया दी कि उन्होंने भी चूडियां नहीं पहन रखीं। उनके पास भी एटम बम है और वह बम हम पर ही गिरेगा। फारूक ने भारत की सामरिक ताकत को खौफजदा करने की कोशिश की है। एक बार फिर उन्होंने पाकिस्तान की भाषा बोली है। हालांकि वह सीमापार आतंकवाद के अंजामों को बखूबी जानते हैं। उन्हें 1999 का 'कारगिल युद्ध' याद होगा। चलो, 1965 और 1971 के युद्धों को 'लंबा अतीत' मान लेते हैं, लेकिन पाकिस्तान को सब कुछ याद है। दुनिया ने यह भी देखा है कि युद्ध के नाम पर वहां की 'नेशनल असेंबली' (संसद) में नेताओं के हाथ-पांव किस तरह कांपने लगते हैं? जिस देश के पास खाने को रोटी नसीब नहीं है, विदेशों के कर्ज पर जिंदा है, वह एटम बम कैसे चलाएगा? बहरहाल कश्मीर में अब्दुल्ला परिवार की हुकूमत के तीन दशकों के दौरान आतंकवाद और अलगाववाद कितना फला-फूला था, यह देश अच्छी तरह जानता है। उनकी स्मृतियां भी शेष हैं। कश्मीरी पंडितों के साथ अत्याचार किए गए थे, हत्याएं की गई थीं, अंततः वे कश्मीर छोडने को विवश हुए। उसकी बुनियाद भी फारूक सरकार के दौरान रख दी गई थी। राज्य में उस दौर में 70,000 से अधिक आतंकी घटनाएं हुईं और 35,000 से अधिक कश्मीरी जवान मार दिए गए। ऐसा राजनेता आज पाकिस्तान की चूडियों और एटम बम की परोक्ष धमकी हमें दे रहा है! आज हमें 'नया कश्मीर' दिखाई दे रहा है। कश्मीर में रात 11 बजे भी 'लाल चौक' के पास घूम सकते हैं। अनुच्छेद 370 को निरस्त करने के बाद 2 करोड़ से अधिक पर्यटक 'पृथ्वी का जन्नत' देखने आए हैं। आतंकवाद के छाया पैरोकार रहे नेता बार-बार हमारे शहीदों और सैनिकों को अपमानित क्यों करते हैं? ऐसी ही हरकत मुंबई में कांग्रेस के नेता विजय वडट्टिवार ने की है। उन्होंने एक किताब के हवाले से बयान दिया है कि 26/11 आतंकी हमले के दौरान पुलिस के जांबाज अफसर हेमंत करकरे को आतंकवादी कसाब की गोली नहीं लगी थी, बल्कि वह आरएसएस समर्थक पुलिस अधिकारी की बंदूक से निकली गोली से शहीद हुए थे। इस निरर्थक बयान पर शशि थरूर जैसे बौद्धिक सांसद ने जांच की मांग की है। शहादतों पर इस तरह संदेह करने और अनाप-शनाप बयान देने से कितने वोट हासिल होंगे? देश की जनता का विवेक बखूबी यह जानता है। देश की सुरक्षा का मुद्दा राजनीति का मुद्दा नहीं है। न ही शहादतों पर थोथी बयानबाजी होनी चाहिए। चन्नी, फारूक व शशि थरूर, तीनों ने सीमाएं लांघ कर बयान दिए हैं। ऐसे बयानों से बचना चाहिए।

पुंछ के घने, गहरे, जंगलात इलाकों में सेना और सुरक्षा बलों का ऑपरेशन अब भी जारी है, आतंकियों के दो स्कैच जारी कर 20 लाख रुपए का इनाम भी घोषित किया गया है और आश्चर्य है कि इस कवायद को 'स्टंटबाजी' करार दिया गया है। कांग्रेस नेताओं को सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट हवाई आक्रमण भी फर्जी और स्टंट लगे थे। वे लगातार सरकार से सवाल पूछते रहे और व्याख्याएं करते रहे कि आतंकी अड्डे नेस्तनाबूद नहीं हुए, बल्कि हमलों की चपेट में कुछ पक्षी आ गए थे। राष्ट्रीय सुरक्षा पर इतना खोखलापन और सियासी विरोध वाकई चिंतित करता है, क्योंकि ऐसी टिप्पणियां करना हमारे जांबाज सैनिकों के शौर्य और शहादतों का भी अपमान है। जम्मू-कश्मीर के संदर्भ में ही दूसरा बयान फारूक अब्दुल्ला का है। वह कई सालों तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे।

### भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आए

# फाइव आइज का मोदी और भाजपा को लेकर अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें। भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है।

**हम** सभी जानते हैं, भारत में इस वक्त लोकसभा चुनाव का दौर चल रहा है। तीसरे चरण के बाद अब चौथे चरण की वोटिंग की तैयारी है। पूरी दुनिया की नजर भारत पर है, जिसमें कि भारत विरोधी यही चाहते हैं कि भाजपा की सत्ता केंद्र में न आए, मोदी फिर से भारत के प्रधानमंत्री न बनें। भारत पहले की तरह ही कई मोर्चों पर संघर्ष करता हुआ कमजोर दिखाई दे। अब इसके लिए भाजपा एवं मोदी से विरोध करनेवाली शक्तियां तो देश के अंदर काम कर ही रही हैं, किंतु इन दिनों ऐसी शक्तियों को विदेशों में भी पुख्ता माहौल बनाते हुए देखा जा सकता है। वस्तुतः पाकिस्तान, चीन, समेत कई देश जो भारत को सहन नहीं कर पा रहे हैं, वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करते ही थे, लेकिन अब यूरोप समेत विशेष तौर पर इंग्लैण्ड और अमेरिका जैसे विकसित देशों ने भी लगातार केंद्र की मोदी सरकार को घेरना जारी रखा है, जिसमें कि उसके सामने आज का सबसे बड़ा कोई विषय है तो वह है भारत का अल्पसंख्यक वर्ग, विशेषकर यहां की दूसरी सबसे बड़ी जनसंख्या यानी कि मुलसमान। इस संदर्भ में यह तथ्य सामने आया है कि अमेरिका के नेतृत्व वाले फाइव आइज खुफिया गठबन्धन (कनाडा, न्यूजीलैण्ड, ब्रिटेन, अमेरिका, ऑस्ट्रेलियाई ) ने मोदी सरकार के खिलाफ विशेष मोर्चा खोलकर रखा है। इन पांच देशों की सरकार समर्थक मीडिया हर दिन भारत विरोधी कोई नई रिपोर्ट प्रकाशित करती है। इन रिपोर्टों में तथाकथित सूत्रों के आधार पर मोदी सरकार को निशाना बनाया जा रहा है। वह मोदी सरकार पर लगाम कसने के लिए वामपंथी मीडिया और अपने स्वयं के वित्त पोषित ब्रॉडकास्टर को खुफिया जानकारी लीक कर रहे हैं तथा भ्रम फैलानेवाली झूठी रिपोर्ट बड़े स्तर पर स्वयं से तैयार करने के साथ ही करवा रहे हैं, जिसमें से एक नैरेटिव यह गढ़ा जा सके कि भारत में मुसलमान मोदी राज में बहुत कमजोर पड़े हैं। वे खतरे में हैं और उन पर हिन्दू नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री रहते हुए भयंकर अत्याचार हो रहे हैं। इस बात को समर्थन देने एवं जोर



देते हुए आप ऑस्ट्रेलिया के अखबार ऑस्ट्रेलियन फाइनेंशियल रिव्यू, अमेरिकी अखबार 'द वाशिंगटन पोस्ट', 'द न्यूयॉर्क टाइम्स', सीएनएन, टाइम मैगजीन, ब्रिटेन के अखबार 'द गार्जियन', बीबीसी, फ्रांस के प्रसिद्ध समाचार पत्र ले मोंड समेत अन्य कई को आप देख भी रहे थे, जिनमें कि इस प्रकार कि रिपोर्ट्स लगातार प्रकाशित की जा रही हैं। लेकिन इसी कड़ी में अब सीएनएन में शामिल हो गया है। अमेरिकन मीडिया संस्थान सीएनएन ने 'भारत के पवित्र शहर में बढ़ते हिंदू राष्ट्रवाद से मुसलमान डरे हुए हैं' (Rising Hindu nationalism leaves Muslims fearful in India's holy city) शीर्षक से एक खास लेख कम विशेष स्टोरी प्रकाशित की है। इसमें इस बार वाराणसी (काशी) प्रधानमंत्री मोदी के लोकसभा चुनाव क्षेत्र को चुना है और यह बताने की कोशिश की है कि भारत के मुसलमाना मोदी राज में बहुत डरे हुए हैं और वे नहीं चाहते कि भाजपा केंद्र में सरकार बनाने में सफल हो और मोदी फिर से सत्ता में आए। इन सभी की यही सोच है कि यदि मोदी फिर से सत्ता में आ गए तो भारत को वे हिन्दू राष्ट्र बना देंगे । सनातनी भारत में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार बहुत अधिक बढ़ जाएंगे। सीएनएन कह रहा है कि मोदी की भाजपा की जड़ें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) में हैं, जो एक दक्षिणपंथी अर्धसैनिक संगठन है जो भारत के भीतर हिंदू वर्चस्व की वकालत करता है। ऐसे में दुनिया के सबसे अधिक आबादी वाले देश में अब इसकी 200 मिलियन से अधिक मजबूत मुस्लिम आबादी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा मोदी के दोबारा चुने जाने की संभावना पर डर व्यक्त कर रहा है। वाराणसी के कई मुसलमान उपेक्षित महसूस करते हैं, यहां तक कि उनके साथ विश्वासघात होने की बात करते हैं, खासकर जब एक सदियों पुरानी मस्जिद ज्ञानवापी की बात हो। सीएनएन यहां स्थानीय मुस्लिमों के माध्यम से कहलवा रहा है कि सरकार उनके समुदाय की रक्षा करने में विफल हो रही है, आज के भारत में घृणा अपराधों से लोग असुरक्षित और भयभीत महसूस कर रहे हैं। अगर मोदी दोबारा चुने गए तो सबसे बुरा होगा। इसके लिए सीएनएन भाजपा नेता टी. राजा सिंह के भाषण, हिंदू अधिकारियों को प्रमुख सरकारी संस्थानों में शीर्ष पदों पर नियुक्ति देने, अधिकारियों द्वारा मुस्लिम संपत्तियों को ध्वस्त करने के आरोपों, मुस्लिम बहुल राज्य जम्मू और कश्मीर की विशेष स्वायत्तता अनुच्छेद 370 को हटाने और उसे सीधे दिल्ली के नियंत्रण में लाने, नागरिकता कानून को पारित करने, (जिसमें मुस्लिम प्रवासियों को शामिल नहीं किया गया), दिल्ली दंगों के लिए भी हिन्दुओं को जिम्मेदार ठहरा रहा है। इसके साथ ही ये सीएनएन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को घेरने के लिए वाशिंगटन स्थित शोध समूह इंडिया हेट लैब की की रिपोर्ट का उल्लेख भी करता है, जिसका कहना है कि भारत में मुस्लिम प्रताड़ित हैं। यह लेख कहता है कि ह्यूमन राइट्स वॉच, एमनेस्टी इंटरनेशनल और इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर ह्यूमन राइट्स सहित कई मानवाधिकार संगठनों ने धार्मिक लोगों के खिलाफ निरंतर भेदभाव की चेतावनी दी है। इसके साथ ही चुनाव प्रचार के दौरान प्रधानमंत्री मोदी जो बोल रहे हैं उसको आधार बनाकर यह बताने का प्रयास हुआ है कि मुसलमानों पर घुसपैठिए होने का आरोप लगाया जा रहा है और एक नारा संविधान खतरे में है का जोर शोर के साथ लगाया जा रहा है।

दृष्टि कोण

# स्कूल बस हादसों में मौतों का जिम्मेवार कौन ?

**देश** में स्कूल बसों में हो रहे दर्दनाक हादसों में मासूमों की मौत के लिए जिम्मेवार कौन है, यह सवाल बहुत ही महत्वपूर्ण है। स्कूल बसों के चालकों द्वारा नशे में गाड़ी चलाना, ओवर स्पीड या अन्य लापरवाही के कारण हादसों की बातें देश के कई राज्यों से आए दिन समाचारपत्रों, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और सोशल मीडिया पर पढने और देखने को मिलती हैं। इन हादसों की रोकथाम के लिए सरकार व प्रशासन के साथ माननीय न्यायालय ने भी कठोर कदम उठाए हैं, लेकिन फिर भी हादसे निरंतर गति के साथ बढ़ रहे हैं जो मासूम नन्हें बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है। माता-पिता का सपना होता है जिस कार्य को हम न कर सके, हमारे बच्चे पढ़-लिखकर पूरा करेंगे। चाहे बच्चे बड़े हों या फिर छोटे, मां-बाप के कलेजे के टुकड़े होते हैं। खासकर छोटे बच्चों को जब स्कूल भेजा जाता है तो अभिभावकों को बच्चों की फिक्र लगी रहती है। इसलिए काफी लोग अपने बच्चों के लिए स्कूल की बस लगा देते हैं, जिससे वो सेफ्टी से स्कूल आ-जा सकें, लेकिन जब उसी बस में लापरवाही की वजह से बच्चों को कुछ होता है तो मां-बाप का कलेजा मुंह को आ जाता है। यह कोई कहानी नहीं, बल्कि सच्चाई है। देश के प्रत्येक परिवार से स्कूल बसों का सम्बन्ध है क्योंकि स्कूल बसों में बच्चे शिक्षा लेने आगामी जीवन के लिए सशक्त होने लगभग इसी माध्यम से स्कूल पहुंचते हैं। चाहे उसमें छोटी कक्षाओं का जिक्र किया जाए या बड़ी कक्षाओं का, इसमें आमतौर पर छोटी कक्षाओं के बच्चों की संख्या अधिक रहती है। लेकिन दुर्भाग्यवश हर दो-तीन महीने में एक स्कूल बस की दुर्घटना कई परिवारों के चिरागों को सदा के लिए बुझा देती है। चाहे बात पंजाब के हादसों की हो या फिर हिमाचल के नूरपूर की बात हो या मध्यप्रदेश के इंदौर या अब हरियाणा के महेंद्रगढ़ की बात हो। 4 मार्च 2013 को पंजाब के जालंधर में 13 बच्चों की जान हादसे में गई थी। 6 जनवरी 2018 को इंदौर (मध्य प्रदेश) में चार बच्चों की जान गई। इसके बाद 9 अप्रैल 2018 को हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला के नूरपुर में 23 स्कूलों बच्चों सहित 27 लोगों की जान गई थी। इतने बड़े हादसों के बाद भी इन पर लगाम नहीं लगी। इसके बाद 11 जुलाई 2023 को गाजियाबाद में दो बच्चों की जान गई। 7 फरवरी




2024 को पंजाब के श्री आनंदपुर साहिब में भी बस दुर्घटना हुई थी। अब हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 06 स्कूली बच्चों की जान चली गई है। भारत के अन्य राज्यों में भी इस प्रकार के मामले देखने को मिलते हैं। इनमें जम्मू-कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हैदराबाद व कर्नाटक के भी कई मामले इस श्रेणी में शामिल हैं। आखिर स्कूल बसों में कब तक यूं ही घरों के चिराग बुझते रहेंगे, आखिर उनका जिम्मेवार कौन है? स्कूल, ड्राइवर या अभिभावक या सरकार? आखिर कौन? जांच बिठाई जाती है, पर न जाने निर्णय क्या होता है? फिर वैसी ही घटनाएं सुनने को मिलती हैं। प्रत्येक माता-पिता के लिए यह चिंता का विषय रहता है कि उनके बच्चे कब स्कूल जाते हैं। अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से लेकर वे दोपहर के भोजन में क्या खा रहे हैं, यहां तक चिंता रहती है, लेकिन स्कूल बस सुरक्षा चिंता का विषय नहीं होती। कभी बस को लेकर सवाल नहीं होता। आखिर अभिभावक के तौर पर हम इस जिम्मेवारी से कैसे पीछा छुड़ा सकते हैं? अनेकों निजी स्कूलों के खटारा वाहनों में देश का भविष्य मासूम बच्चे सफर करने को मजबूर हैं। स्कूल संचालकों द्वारा खटारा बसों, सूमो, टवेरा, ईको आदि गाडियों में बच्चों को स्कूल लाने-ले जाने के कार्य पर लगाकर मोटा मुनाफा वसूला जा रहा है। इसके अलावा स्कूल संचालक सरकार को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। बता दें कि अधिकांश स्कूलों में बच्चों को लाने-ले जाने के लिए कबाड़ हो चुकी बसें और प्राइवेट रजिस्ट्रेशन की सरकार द्वारा समय सीमा अवधि खत्म हो चुकी गाडियां लगाई हुई हैं। इन गाडियों में स्कूली बच्चों को घर से स्कूल लाने व घर ले जाने के एवज में अभिभावकों से हजारों रुपए वसूल किए जाते हैं, परंतु इन गाडियों में सुविधाओं के नाम पर ठीक से बैठने की जगह भी नहीं होती। इन वाहनों में सुरक्षा के उपकरण भी नहीं होते। इन वाहनों में क्षमता से अधिक बच्चे बिठाकर लाने-ले जाने का कार्य किया जाता है। कई बसों पर न तो कोई हेल्पलाइन नंबर लिखा होता है, न ही स्कूल का नाम, न ही कोई इमरजेंसी और हेल्पलाइन नंबर होता है। यह खटारा हो चुकी गाडियां होने के कारण रास्ते में कहीं पर भी खराब होकर खड़ी हो जाती हैं। इन गाडियों के ड्राइवर बच्चों की परवाह न करते हुए खतरनाक ड्राइविंग करते हुए नजर आते हैं। बहुत से स्कूलों में बसों पर ड्राइवर के साथ अन्य कोई भी हेल्पर बच्चों को उतारने व चढ़ाने के लिए नहीं होता है। कईयों में तो न तो ब्रेक लाइट होती है, न ही इंडीकेटर। ऐसी बसों में बच्चों को बिठाकर लाने-ले जाने के कारण उनके जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। स्कूल संचालकों की मनमर्जी के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा ऐसी कबाड़ बसों के कारण हो सकता है। ऐसा प्रतीत होता है जैसे प्रशासन आंखें मूंदे शायद किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है या फिर ऐसा कहें कि प्रशासनिक अधिकारी और स्कूल संचालकों की सांठगांठ के कारण ही बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारी इन स्कूलों के कार्यक्रमों में बतौर अतिथि उपस्थित होते रहते हैं और बड़े-बड़े उपहार उन्हें मिलते रहते हैं।

कुछ अलग

# चुनावी पारा, बंदा बेचारा

**सुबह** उठा ही था कि दरवाजे पर अखबार वाले के बदले सूरज पसीना पोंछते दिखा तो दीवार घड़ी पर नजर दौड़ाई। सुबह के सात ही बजे थे। हद है यार! सुबह के सात बजे ही सूरज अपना पसीना पोंछते हुए! अभी तो जनता आराम फरमा रही है। सुबह की ठंडी ठंडी हवा खा रही है। मैं कभी अपना तो कभी पसीने से तर सूरज का चेहरा देख ही रहा था कि सूरज ने शरद ऋतु का चांद होते अपने चेहरे का पसीना पोंछते मुझसे बड़ी विनम्रता से पूछा, 'बंधु! क्या मैं भीतर आ सकता हूं? बाहर बहुत पसीना पड़ रहा है।' उसके ये पूछने कहने पर कभी मैं उसका मुंह देखूं तो कभी अपना। ये सूरज आखिर बोल क्या रहा है? क्या ये सच्ची का सूरज होगा? अपना मन रखने के लिए तब मैंने हंसते हुए अपनी शंका का निवारण करते उससे पूछा, 'माफ करना भाई साहब! पूछते हुए लग तो बहुत बुरा रहा है पर...क्या तुम सच्ची के सूरज हो या...।' 'क्या मतलब तुम्हारा? कोई शक? बंधु! चांदों पर शक करो तो करो, पर सूरज पर शक करना अपने को घनघोर अंधेरे में धकेलना है। मैं सच्ची का सूरज हूं। एक सौ एक प्रतिशत सच्ची का।' सूरज ने एक बार फिर अपने हाथ में लिए रूमाल से अपने चेहरे का पसीना पोंछा तो मैंने पूरी सौम्यता से शिष्टाचार दिखाते उसे अंदर आने की इजाजत दी तो वह पसीना पोंछता हुआ बैठक में आ गया। कुछ देर तक इधर उधर देखने के बाद उसने मुझसे पूछा, 'बंधु! माफ करना, एसी वेसी है क्या?' कह वह इधर उधर देखने लगा। एसी ही ढूंढ रहा होगा। ये अतिथि भी न! दरवाजा पार करते ही फरमाइशों के अंबार लगा देते हैं। 'क्यों? अभी तो सुबह हुई ही है। शीतल हवा बह रही है। दूसरे सूरज को कहां एसी सो काम! काम तो हमें है जो तुम्हारी गर्मी में झुलस रहे हैं।' 'बदन बहुत जल रहा है बंधु! कुछ देर के लिए एसी चला देते तो बहुत मेहरबानी होती तुम्हारी मुझ पर।' उसने पास के सोफे पर बैठते कहा तो मुझे और भी हैरानी हुई। मंत्री का पीएस और ईमानदार? 'रूह आफजा चलेगा?' मैंने उसका मुंह ताकते एसी की तरफ से उसका ध्यान हटाते उससे यों ही पूछा तो वह तुरंत बोला, 'रूह आफजा और पूछ पूछ। वाह बंधु! क्या बात है रूह आफजा की! हलक से सीधे रूह में जा उतरता है। तुमने तो मेरे मुंह की बात छीन ली। पर पहले अपना रूमाल तो देना प्लीज! मेरे रूमाल के देखो तो पसीना पोंछ पोंछ कर क्या हाल हो गए हैं इसके।' उसने अपने रूमाल का पसीना वहीं निचोड़ रूमाल मुझे पकड़ाते कहा तो बहुत गुस्सा आया। अचानक उसकी नजर अतिथियों से छिपाकर रखे एसी पर पड़ी तो उसने उछलते हुए कहा, 'गुड! अच्छी कंपनी का है। आम आदमी को भी ब्रांडेड चीजें ही इस्तेमाल करनी चाहिएं बंधु! चाहे इमाई पर ही लेनी पड़ें। शुरू में लगती तो महंगी हैं, पर बाद में बात बात पर तंग नहीं करतीं बीवी की तरह!' 'माफ करना! एक बात जाना चाहूंगा, सूरज होकर भी तुम्हें इतना पसीना क्यों पड़ रहा है? ऊपर से सूरज होकर मुझसे रूमाल मांग रहे हो? फिर सुबह सुबह एसी ढूंढ रहे हो? आखिर ये सब हो क्या रहा है?' 'होना क्या बंधु! नेताओं के चुनावी भाषणों ने आजकल पारा इतना बढ़ा दिया है कि उनके चुनावी भाषणों के पारे के आगे मेरा पारा बेचारा होकर रह गया है। देखो तो, उनके भाषणों के प्रचंड पारे से मैं भी पसीना पसीना हुआ जा रहा हूं। इस पारे से बचने के लिए कभी कोल्ड ड्रिंक्स ले रहा हूं तो कभी फालूदा खा रहा हूं। कभी गर्मी से बचने के लिए विज्ञापनी लिरिल से नहा रहा हूं तो कभी बढ़ते चुनावी पारे में घमौरियों से बचने के लिए ठंडा ठंडा कूल कूल डरमी कूल लगा रहा हूं। इस जिंदगी में आज तक और तो सब कुछ देखा, पर ऐसा आग बरसाने वाला चुनावी पारा कभी न देखा। बंधु! उनके चुनावी भाषणों के प्रचंड पारे से जनता के तो जनता के, मेरे भी पसीने छूट रहे हैं।

देश दुनिया से

# हम लड़ रहे हैं दुनिया का सबसे महंगा चुनाव

भारत ने संसदीय लोकतंत्र को अपनाकर अपनी पुरातन राजतंत्रीय व्यवस्था को विदा कर दिया था। तब लोगों ने सोचा था कि अब बड़ी सहजता से अपने बीच के लोगों को अपना प्रतिनिधि बनाकर शासन अपने हाथ में लेकर चलाएंगे। बहुत बड़ी आशाओं और सपनों के साथ हमने आगे बढ़ाना आरंभ किया। कुछ देर पश्चात ही हमें पता चल गया कि हम गलत दिशा में आगे जा रहे हैं। क्योंकि कुछ परिवारों ने पुरानी राजतंत्रीय व्यवस्था के नए संस्करण के रूप में राजनीतिक दल आधुनिक लोकतंत्र में लड़ने वाली फौज के रूप में खड़े किए, उन पर अपना एकाधिकार किया और धीरे-धीरे देश की सारी राजनीति पर अपना शिकंजा कस लिया। शासन सत्ता को हथियाने की आपाधापी में जब भारत के लोकतंत्र ने कुछ और दूरी तय की तो कई चीजें अस्त-व्यस्त होती चली गईं। बाहुबली और धनबली लोगों ने सज्जनों का राजनीति में प्रवेश सर्वथा बाधित कर दिया।

**आजाद** भारत का पहला चुनाव 1952 में हुआ था। भारत के संविधान में दी गई व्यवस्था के अनुसार संपन्न हुए इन चुनावों में उस समय मात्र 10.50 करोड रुपए खर्च हुए थे। भारत ने संसदीय लोकतंत्र को अपनाकर अपनी पुरातन राजतंत्रीय व्यवस्था को विदा कर दिया था। तब लोगों ने सोचा था कि अब बड़ी सहजता से अपने बीच के लोगों को अपना प्रतिनिधि बनाकर शासन अपने हाथ में लेकर चलाएंगे। बहुत बड़ी आशाओं और सपनों के साथ हमने आगे बढ़ाना आरंभ किया। कुछ देर पश्चात ही हमें पता चल गया कि हम गलत दिशा में आगे जा रहे हैं। क्योंकि कुछ परिवारों ने पुरानी राजतंत्रीय व्यवस्था के नए संस्करण के रूप में राजनीतिक दल आधुनिक लोकतंत्र में लड़ने वाली फौज के रूप में खड़े किए, उन पर अपना एकाधिकार किया और धीरे-धीरे देश की सारी राजनीति पर अपना शिकंजा कस लिया। शासन सत्ता को हथियाने की आपाधापी में जब भारत के लोकतंत्र ने कुछ और दूरी तय की तो कई चीजें अस्त-व्यस्त होती चली गईं। बाहुबली और धनबली लोगों ने सज्जनों का राजनीति में प्रवेश सर्वथा बाधित कर दिया। जिन लोगों को देश का जनप्रतिनिधि बनाकर उनके माध्यम से जन सेवा और राष्ट्र सेवा कराने का सुनहरा सपना लोकतंत्र ने भारत के लोगों को दिखाया था, वे जनसेवी और राष्ट्र सेवी लोग विधानमंडलों के दरवाजे को देख भी ना पाएं, ऐसी व्यवस्था कर दी गई। 1957 के लोकसभा चुनाव आए तो अब तक का सबसे सस्ता चुनाव उस समय हमने होता हुआ देखा। उन चुनावों में केवल 5.9 करोड रुपए ही सरकारी स्तर पर खर्च हुए। इसके बाद 1962 के चुनाव में 7.3 करोड़, 1967 के चौथी लोकसभा चुनाव पर 10.8 करोड़, पांचवी लोकसभा के 1971 के चुनाव में 11.6 करोड़ रुपए खर्च हुए। इसके बाद 1977 में जब छठी लोकसभा के चुनाव हुए तो उस समय खर्चा एकदम दुगुने से भी अधिक बढ़ा। तब सरकारी स्तर पर 23 करोड़ रूपया चुनाव पर खर्च हुआ। 1980 में यह खर्च बढ़कर 54.8 करोड़, 1984-85 में 81.5 करोड़, 1989 में 154.2 करोड़ और 1991 – 92 में बढ़कर 359.1 करोड़ हो गया। यह खर्चा 1952 के चुनाव की अपेक्षा 35 गुना अधिक था। 1996 के लोकसभा चुनाव के समय इस खर्चे में वृद्धि होकर 597.3 करोड़ का खर्च हुआ। जबकि 1998 के चुनाव के समय 666.2 करोड़, 1999 के चुनाव में 947.7 करोड़, 2004 के लोकसभा के चुनाव में 1016.1 करोड़, 2009 के चुनाव पर 1114.4 करोड़, 2014 के लोकसभा चुनाव पर 3870.3 करोड़ और 2019 के लोकसभा चुनाव पर 9000 करोड़ रूपया खर्च हुआ। अब खबर आ रही है कि 2024 में संपन्न हो रहे लोकसभा चुनाव पर यह खर्च बढ़कर 1.20 लाख करोड़ का होने जा रहा है। विशेषज्ञों की मानें तो भारत में ग्राम सभा से लेकर लोकसभा तक जितना चुनाव खर्च होता है यदि सरकारी आंकड़ों के अनुसार भी उसको जोड़कर देखा जाए तो यह 10 लाख करोड़ से भी ऊपर चला जाता है। निश्चित रूप से इतनी बड़ी धनराशि हमारे देश के कई राज्यों के बजट से भी अधिक है। जिस फिजूलखर्ची की प्रतीक राजशाही से बचने के लिए हमारे संविधान निर्माताओं ने लोकशाही को देश में स्थापित किया था, क्या उसके बारे में उन्होंने कभी सोचा होगा कि यह भविष्य में जाकर इतनी महंगी हो जाएगी कि फिजूलखर्ची भी इसे देखकर अपने आप को लज्जित अनुभव करने लगेगी? इतनी बड़ी धनराशि को देखकर लगता है कि हम अपने लिए जनप्रतिनिधि नहीं चुन रहे हैं बल्कि राजा चुन रहे हैं। जिनके लिए राजकोष पर इतना अधिक भार देश की अर्थव्यवस्था को झेलना या ढोना पड़ रहा है। यह तो हुआ चुनाव खर्च, जो 5 वर्ष में आधुनिक राजा महाराजाओं के चुनाव पर हमें खर्च करना पड़ता है, इसके अतिरिक्त उनके वेतन, भत्ते सुविधा, सरकारी आवास, सुरक्षा आदि पर होने वाले खर्च को भी यदि इसमें जोड़ा जाए तो आंखें फटी की फटी रह जाती हैं। अब आते हैं समस्या के एक दूसरे पहलू पर। हमारा मानना है कि यह समस्या ही वर्तमान में भारत में व्याप्त बेरोजगारी, भुखमरी, अपराध और गरीबी को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इसको समझने पर पता चल जाता है कि वर्तमान भारत की बेरोजगारी, भुखमरी, अपराध और गरीबी की समस्याओं का मूल कारण भी यह लोकतंत्र ही बन चुका है। कहा जाता है कि लोकतंत्र इन सबसे लड़ता है, पर यदि भारत की सामाजिक समस्याओं को समझा जाए तो पता चलता है कि भारत में लोकतंत्र इन सारी समस्याओं को पैदा करता है। समझने की बात है कि भारत में ग्राम प्रधान से लेकर संसद तक के चुनाव में खड़े होने वाले लोग मोटा धन पानी की तरह बहाते हैं। इसमें दो राय नहीं हैं कि अनेक लोग भारत में इस समय ऐसे हैं जो राज्यसभा सांसद बनने के लिए कई सौ करोड़ रुपए देने को तैयार बैठे हैं।

आप का नजरिया

# इस भंवर के किनारे नहीं

**कांग्रेस** ने भले ही बागी विधायकों से निजात पा ली, लेकिन टिकटों के आबंटन में चुनावी अभियान रूठ कर बैठा रहा। लंबे अंतराल के बाद पहले तीन टिकटें और अब दो और चेहरे मिल गए, लेकिन धर्मशाला में पार्टी के भंवर अभी किनारे तक नहीं पहुंचे। पहली खेप के दो यात्री भाजपा के डिब्बे से उतरे थे, लेकिन उसके बाद अब तक घोषित पांच उम्मीदवारों में से तीन पर नया सिक्का उछाला जा रहा है। लाहुल स्पीति से अनुराधा राणा के सामने कल के कांग्रेसी और अब के भाजपाई रवि ठाकुर होंगे। ऐसे में बगावत का तीर चला चुके डा. रामलाल मार्कंडेय के पास ऐसे अस्त्र-शस्त्र रहेंगे जो किसी भी उम्मीदवार का तीया पांचा कर सकते हैं। वास्तव में अब ट्राइबल चुनाव हिमाचल की मुख्य धारा से अलग परिकल्पना का परिमार्जन है, यानी कौन किसके बगल में छुरी लेकर खड़ा है, यह अनुमान टेढ़ी खीर है। बड़सर का कांग्रेसी उधार अब एक नए चेहरे यानी सुभाष चंद को मिला है। यहां पार्टी की विरासत का वोट छीनकर इंद्रदत लखनपाल पहले ही अपनी बिसात बिछा चुके हैं, तो अब तसल्ली से चुने गए कांग्रेसी उम्मीदवार सुभाष चंद की ताजगी से अपने पुराने पेंच लड़ाएंगे। बहरहाल, कांग्रेस की करवटों में समय की सूइयां, चुनाव की पाबंदियां, सरकार की बुलंदियां और सबके सामने अपने ही रक्तचाप की हदबंदी है। प्रचार की सीमा रेखा को परास्त करती जुबानी जंग का प्रदर्शन अब होने लगा है, जबकि सियासत की भूमि पर चुनाव के पलड़े टूटे पड़े हैं। यह दीगर है कि कांग्रेस की रणनीति में नई आस्था, विश्वास और राष्ट्रीय प्रचार के झोंके प्रफुल्लित कर रहे हैं, लेकिन धर्मशाला के आंगन में विश्राम कर रही पार्टी को तैयार होने में देरी लग रही है। इसके अर्थों में पार्टी की असहजता व असमर्थता नहीं, बल्कि बागी हुए सुधीर शर्मा को पूरी तरह पस्त करने की किंकर्त्तव्यविमूढ़ता कहीं अधिक दबाव डाल रही है। जाहिर है इससे चार बार विधायक रहे सुधीर शर्मा का प्रभाव और गहरा व उनके प्रचार की सामग्री और विद्रोही हो जाएगी। विधायकों का बागीपन और उपचुनावों के विद्रोही तेवर बता रहे हैं कि कांग्रेस के आमने-सामने अपना ही परिवार का कोई न कोई हिस्सा टूट कर बिखरेगा। यह दांव बड़ा है और नुकसान भी कम नहीं होगा। जैसे कि मुख्यमंत्री का अभियान लक्ष्य लेकर चला है, कांग्रेस के अपने पहाड़, अपनी घाटियां और अपनी मंजिलें तय हैं। अपने विधायकों के जरिए जमीन जोतने की तैयारी हो, विपक्ष से छीनकर नेता बदलने की बारी हो, नए चेहरों पर दांव भारी हो या आलाकमान के लिए आनंद शर्मा जैसा दिग्गज उतारने की सूची जारी हो, कांग्रेस भाजपा के लिए राहें मुश्किल बना सकती है। ये चुनाव कांग्रेस के महल की खिड़कियों के लिए हो रहे हैं और एक मुख्यमंत्री के कार्यकाल के लिए बार-बार याद किए जाएंगे। यह राजनीतिक महत्त्वाकांक्षा की पटकथा पर लिखे हुए चुनाव हैं, इसलिए समीक्षाओं के हर पड़ाव पर काल, कत्तर्व्य और कर्मठता का वर्णन हो रहा है। कर्मठता थी, इसलिए बगावत के बावजूद कांग्रेस की सत्ता आबाद है। लोकतांत्रिक कत्तर्व्य की ढाल पर मुख्यमंत्री ने विद्रोह की लहरों से बारूद को अलग किया है। चुनावी काल में नेताओं का दलबदल, नए नेताओं का आगमन और दिग्गजों की प्रतिष्ठा का सवाल अगर छह उपचुनाव हैं, तो कांगड़ा में आनंद शर्मा, मंडी में विक्रमादित्य सिंह, कंगना व जयराम ठाकुर के लिए यह अपने-अपने प्रभुत्न की पहचान हैं।




# भारतीय स्टेट बैंक का शुद्ध मुनाफा 18 प्रतिशत बढ़कर 21,384 करोड़ रुपए हुआ, आमदनी 1.28 लाख करोड़ हुई

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।**

**देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का एकीकृत शुद्ध लाभ मार्च तिमाही में 18.18 प्रतिशत बढ़कर 21,384.15 करोड़ रुपये हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में सह 18,093.84 करोड़ रुपये था।**

शेयर बाजारों को भेजी सूचना में बैंक ने कहा कि एकल आधार पर कंपनी का मुनाफा बढ़कर 20,698.35 करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 16,694.51 करोड़ रुपये रहा था।

वित्त वर्ष 2023-24 में समेकित शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2023 में 55,648.17 करोड़ रुपये के मुकाबले 20.55 प्रतिशत बढ़कर 67,084.67 करोड़ रुपये हो गया।

चौथी तिमाही मे बैंक का कुल आय एक साल पहले की अवधि के 1.06 लाख करोड़ से बढ़कर 1.28 लाख करोड़ हो गई। बैंक का ऑपरेटिंग खर्च एक साल पहले की अवधि के 29,732 करोड़ की तुलना में अपेक्षाकृत धीमी गति से बढ़कर 30,276 करोड़ रुपये हो गई। बैंक कुल प्रावधान एक साल पहले की अवधि के 3,315 करोड़ रुपये से लगभग आधा होकर 1,609 करोड़ रुपये रह गया।

31 मार्च, 2024 की तिमाही में बैंक के सकल गैर-निष्पादित संपत्ति अनुपात में सुधार हुआ और यह 2.24 प्रतिशत हो गया। एक साल पहले की अवधि में यह 2.78 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही के अंत में 2.42 प्रतिशत थी। बंबई शेयर बाजार में इसके शेयर 1.81 प्रतिशत की बढ़त के साथ 825.10 रुपये पर पहुंच गए जबकि इस दौरान बेंचमार्क इंडेक्स में 1.15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। एसबीआई ने चौथी तिमाही के नतीजे जारी करने के साथ ही 13.70 रुपये प्रति शेयर का लाभांश देने का भी एलान किया है।

## न्यूज ब्रीफ

### डिजिटल लेनदेन में वृद्धि से टेक्नोलॉजी पर 10 फीसदी खर्च बढ़ाएंगे आधा दर्जन बैंक



**नई दिल्ली ।** डिजिटल लेनदेन में वृद्धि से बैंक अब परिचालन खर्च का 10 फीसदी हिस्सा टेक्नोलॉजी पर खर्च कर सकते हैं। आधे दर्जन बैंक अच्छी सुविधा देने के लिए खर्च बढ़ाने की योजना बना रहे हैं। टेक्नोलॉजी में दिक्कत से आरबीआई ने कई बैंकों पर जुर्माना लगाया है। बैंक पहले टेक्नोलॉजी पर कुल परिचालन खर्च का 6 से 8 फीसदी के बीच खर्च कर रहे थे। यह वैश्विक औसत 10 से 12 फीसदी की तुलना में आधा ही है। पांच बैंकरों ने कहा कि आरबीआई ने बैंकों को तकनीक से संबंधित गड़बड़ियों को कम करने का निर्देश दिया है। गार्टनर का अनुमान है कि भारत की बैंकिंग और निवेश सेवा फर्मों ने 2023 में प्रौद्योगिकी पर 11.3 अरब डॉलर खर्च किया है। अधिकांश बैंकों की कोर बैंकिंग प्रणालियां पुरानी हो चुकी हैं। इसलिए वे यह आकलन कर रहे हैं कि क्या प्रणालियाँ डिजिटल गतिविधि में वृद्धि को संभाल सकती हैं। कोर सिस्टम को अपग्रेड करेगा बढ़ा हुआ निवेश बढ़ा हुआ निवेश कोर सिस्टम को अपग्रेड करेगा। यह बैंकिंग परिचालन की रीढ़ है। साथ ही, डिजिटल धोखाधड़ी की बेहतर निगरानी, ग्राहक डेटा की सुरक्षा और ग्राहक सत्यापन के लिए तकनीक-संचालित प्रक्रियाओं पर काम करेगा। एक्सिस, आईसीआईसीआई बैंक और कोटक महिंद्रा जैसे अन्य बैंकों ने हाल ही में कहा, वे बढ़ती डिजिटल गतिविधि से निपटने के लिए आईटी खर्च बढ़ाएंगे।

### अक्षय तृतीया पर शुभ होता है कीमती चीजें खरीदना



**मुंबई ।** अक्षय तृतीया के दिन लोग कीमती चीजों में निवेश करने को शुभ मानते हैं। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन किये गए निवेश में वृद्धि होती है। इस साल अक्षय तृतीया 10 मई को मनाई जाएगी। यदि आप निवेश की शुरुआत करना चाहते हैं तो अक्षय तृतीया के दिन सोना, चांदी, घर, गोल्ड ईटीएफ, सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड, जैसे विकल्पों में निवेश कर सकते हैं। भारतीय त्योहारों पर सोना खरीदना शुभ मानते हैं। अक्षय तृतीया और अन्य त्योहारों पर सोने-चांदी की जमकर बिक्री होती है। ऐसा कहा जाता है कि इस दिन सोने के सिक्के, गहने खरीद सकते हैं, जिससे धन और खुशहाली में वृद्धि होती है। सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड भी एक बेहतर विकल्प है। यदि आप फिजिकल गोल्ड में निवेश नहीं करना चाहते हैं तो इस सरकारी बॉन्ड्स में निवेश करके सोने की कीमत पर सालाना ब्याज भी कमा सकते हैं।

### रुपया आठ पैसे की बढ़त के साथ 83.44 डॉलर पर



**मुंबई ।** रुपया शुरुआती कारोबार में आठ पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.44 पर पहुंच गया। अमेरिकी मुद्रा के कमजोर रुख से रुपये को बल मिला। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि हालांकि घरेलू शेयर बाजारों में नकारात्मक रुख तथा विदेशी पूंजी निकासी के कारण स्थानीय मुद्रा पर दबाव पड़ा और इसकी तेजी सीमित हुई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 83.49 प्रति डॉलर पर खुला और फिर शुरुआती सौदों के बाद 83.44 प्रति डॉलर पर पहुंच गया जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 83.52 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की मजबूती को परखने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 105.51 पर रहा।

# चालक दल की कमी के कारण और 85 उड़ानें रद्द 20 रूट्स पर एयर इंडिया संचालित करेगा परिचालन

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।**

**चालक दल की कमी के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस ने 85 उड़ानें रद्द कर दीं और कहा कि उड़ानों की बाधाओं को कम करने के लिए एयर इंडिया इनके 20 उड़ान मार्गों पर सेवाएं संचालित करेगी। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन के विरोध में एयर इंडिया एक्सप्रेस के चालक दल के एक वर्ग के सदस्य बीमार पड़ने की बात कहकर छुट्टी पर चले गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप से 90 से अधिक उड़ानें रद्द कर दी गईं। हालांकि इस बीच दिल्ली स्थित मुख्य श्रमायुक्त के दफ्तर में एयर इंडिया एक्सप्रेस के यूनियन और प्रबंधन के बीच बातचीत शुरू हो गई है।**




एयरलाइन ने एक बयान में कहा, हम 283 उड़ानों का परिचालन करेंगे। हमने सभी संसाधन जुटा लिए हैं और एयर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर परिचालन का संचालन कर हमारी मदद करेगी। हालांकि, हमारी 74 उड़ानें रद्द हैं और हम अपने मेहमानों से आग्रह करते हैं कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले यह जांच कर लें कि उनकी उड़ान व्यवधान से प्रभावित है या नहीं।

विमानन कंपनी ने कहा कि यदि उनकी उड़ानें रद्द होती है या उनमें तीन घंटे से अधिक की देरी होती है तो यात्री बिना किसी शुल्क के पूर्ण वापसी या बाद की तारीख में अपना टिकट पुनर्निर्धारित (रीशिड्यूल) करने का विकल्प चुन सकते हैं। रद्द की गई उड़ानों की संख्या 74 है, जो एयरलाइन की निर्धारित दैनिक उड़ानों का लगभग 20 प्रतिशत है।

इससे पहले दिन में सूत्रों ने बताया कि एयरलाइन ने चालक दल के उन 25 सदस्यों को टर्मिनेशन नोटिस जारी किया है, जिन्होंने बीमार होने की सूचना दी थी और अन्य कर्मियों को ड्यूटी पर लौटने को कहा गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा कि वह कुछ लोगों के खिलाफ उचित कदम उठा रही है।

एयरलाइन ने कहा, हम किसी भी चिंता को दूर करने की प्रतिबद्धता के साथ अपने चालक दल के सहयोगियों के साथ संपर्क जारी रखेंगे। हम कुछ व्यक्तियों के खिलाफ उचित कदम उठा रहे हैं क्योंकि उनके कार्यों से हमारे हजारों मेहमानों को गंभीर असुविधा हुई है।

एयर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने कहा, एयर इंडिया एक्सप्रेस इस अप्रत्याशित स्थिति से हमारे मेहमानों को होने वाली असुविधा को कम करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। हम 283 उड़ानों का परिचालन करेंगे। हमने सभी संसाधन जुटा लिए हैं और एयर इंडिया हमारे 20 मार्गों पर परिचालन कर हमारी मदद करेगी। हालांकि, हमारी 85 उड़ानें रद्द हैं और हम अपने मेहमानों से आग्रह करते हैं कि वे हवाई अड्डे पर जाने से पहले यह जांच लें कि उनकी उड़ान व्यवधान से प्रभावित है या नहीं। यदि उनकी उड़ान रद्द हो जाती है, या 3 घंटे से अधिक देरी हो जाती है, तो वे वाट्सएप (+91 6360012345) या पर टिया पर बिना किसी शुल्क के पूर्ण धनवापसी या बाद की तारीख में पुनर्निर्धारित करने का विकल्प चुन सकते हैं।

### एयर इंडिया एक्सप्रेस यूनियन और प्रबंधन की बैठक जारी

एयर इंडिया एक्सप्रेस यूनियन और प्रबंधन की बैठक दिल्ली के द्वारका स्थित मुख्य श्रमायुक्त के कार्यालय में हो रही है। एयर इंडिया एक्सप्रेस प्रबंधन के मुख्य मानव संसाधन अधिकारी (सीएचआरओ) बैठक में भाग ले रहे हैं। इससे पहले चालक दल के सदस्यों के काम पर नहीं आने के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस ने भी 85 से अधिक उड़ानें रद्द दीं। इससे भी बड़े पैमाने पर एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ानें रद्द की गईं थीं।

# प्याज-टमाटर और आलू की कीमत बढ़ी अप्रैल में शाकाहारी थाली 8 प्रतिशत महंगी, मांसाहारी खाने का ऐसा है हाल



**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।**

प्याज, टमाटर व आलू के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली 8 फीसदी महंगी हो गई है। क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार, इस साल अप्रैल में शाकाहारी थाली 27.4 रुपये की रही, जो एक साल पहले समान अवधि में 25.40 रुपये थी। इस साल मार्च में 27.3 रुपये रही थी। क्रिसिल की जारी रिपोर्ट के अनुसार, एक साल पहले की तुलना में इस साल अप्रैल में प्याज का भाव 41 फीसदी, टमाटर का 40 फीसदी और आलू का 38 फीसदी बढ़ गया। रबी की फसल खराब होने से प्याज की आवक कम हो गई, जिससे दाम बढ़ गए। पश्चिम बंगाल में भी आलू की फसल खराब हो गई। सब्जियों की कीमत 28 फीसदी बढ़ी है।

### मांसाहारी : 56.30 रुपये

मांसाहारी थाली अप्रैल में 58.90 रुपये से चार फीसदी सस्ती होकर 56.3 रुपये आ गई है। चिकन की कीमतें सालाना आधार पर 12 फीसदी गिरी हैं। हालांकि, मार्च की तुलना में यह तीन फीसदी महंगी हो गई है। चावल और दालों की महंगाई भी अप्रैल में 10 फीसदी से ज्यादा बढ़ी है।

### भारत इंटरनेट मामले में टॉप 20 देशों में शामिल, चीन से चंद फासला, पाक कोसों दूर

**नई दिल्ली ।** करीब 10 साल पहले जब मोबाइल इंटरनेट स्पीड में भारत और पाकिस्तान दोनों ही देश टॉप 100 देशों की लिस्ट से बाहर हुआ करते थे। लेकिन इन 10 साल में भारत ने मोबाइल और ब्रॉडबैंड इंटरनेट स्पीड के मामले में लंबी छलांग लगाते हुए टॉप 20 देशों की लिस्ट में शामिल हो गया है, और अब भारत चीन से बस चंद कदमों की दूरी पर है, जबकि पाकिस्तान अभी भी टॉप 100 की लिस्ट से बाहर है। उकला की ग्लोबल इंटनरेट स्पीड रैकिंग की बात करें, तो मार्च 2024 में भारत मोबाइल इंटरनेट स्पीड रैकिंग में 16वें पायदान पर पहुंच गया है। भारत ने फरवरी 2024 के मुकाबले मार्च 2024 के मुकाबले एक पायदान का इजाफा किया है। चीन भारत से चंद कदम दूर 7वें पायदान पर है। हालांकि चीन की मोबाइल इंटरनेट रैकिंग में पिछले माह के मुकाबले एक पायदान की गिरावट दर्ज की गई है।

# फॉक्सवैगन ने किया समर कार केयर कैंप का ऐलान



**मुंबई, 09 मई (एजेंसियां)।**

फॉक्सवैगन ने भारत में समर कार केयर कैंप का ऐलान किया है, जो मुई महीने कंपनी के 142 सर्विस सेंटर पर आयोजित किया जाएगा। कैंप के तहत ग्राहक प्रशिक्षित पेशेवरों द्वारा किए गए कॉम्प्लिमेंटरी 40-पॉइंट वाहन चेकिंग का लाभ उठा सकते हैं। गर्मी के मौसम में ड्राइविंग के दौरान गाड़ियों में आने वाली समस्याओं का पता लगाया जा सकेगा। कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर केयर गाइडलाइन भी जारी की है।

कंपनी वैल्यू ऐडड सर्विसेज के तौर पर समर कार केयर कैंप में आकर्षक फायदे भी दे रही है, जिससे स्वामित्व अधिक किफायती और सुविधाजनक हो गया है। कंपनी ने विस्तारित वारंटी पैकेज की कीमतों में भी बदलाव किया है, जो 1 मई से लागू हैं। इसके अलावा कई आकर्षक सर्विस और कार देखभाल पैकेजों के साथ सर्विस कैम, असिस्टेंस के माध्यम से डोरस्टेप सर्विस और मोबाइल सर्विस यूनिट जैसी सुविधाओं की पेशकश करती है।

# गूगल सीईओ की क्लासमेट ने कड़ी मेहनत से किए अपने सपने साकार, 2020 में संभाली टिंडर की कमान

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।**



शर्मिष्ठा दुबे जमशेदपुर की रहने वाली हैं। लोयोला स्कूल में पढ़ाई के बाद उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) खड़गपुर से बीटेक किया। गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई उनके क्लासमेट थे। वह उस बैच में अकेली महिला थीं। हाल में सोशल मीडिया पर आईआईटी खड़गपुर दीक्षांत समारोह के उन दिनों की एक तस्वीर भी वायरल हुई थी जिसमें शर्मिष्ठा पिचाई के साथ दिखती हैं। यह तस्वीर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अनन्या लोहानी नाम की एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर ने शेयर की थी। उनके पिता आईआईटी, खड़गपुर में सुंदर पिचाई के ही बैच में थे। शर्मिष्ठा दुबे कई लोगों को प्रेरित करती हैं। वह इस बात का उदाहरण हैं कि कड़ी मेहनत और समर्पण से हर सपने को साकार किया जा सकता है। दुबे ने 1998 में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स में इंजीनियर के तौर पर काम करते हुए अपने पेशेवर सफर की शुरुआत की। उसके बाद वह सप्लाई चेन मैनेजमेंट सॉफ्टवेयर कंपनी टेक्नोलॉजीज में शामिल हो गईं।

साल 2006 में शर्मिष्ठा दुबे मैच डाट कॉम से जुड़ गईं। उन्होंने यहां मैच ग्रुप अमेरिका की प्रेसीडेंट, चीफ प्रोडक्ट ऑफिसर और द प्रिंसटन रिव्यू की ईवीपी जैसी कई भूमिकाओं में काम किया। दुबे ने 2013-2014 तक टूयटर डाट कॉम लिए इवीपी के रूप में भी सेवाएं दीं। 2017 में शर्मिष्ठा को टिंडर का सीओओ नियुक्त किया गया। फिर मार्च 2020 में वह इसकी सीईओ बन गईं। कोरोना महामारी के दौरान उन्होंने 3 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के इस समूह का नेतृत्व किया।

# कोटक बैंक 400 इंजीनियर हायर करेगा: इससे बैंक का आईटी इंफ्रा मजबूत होगा, आरबीआई ने नए क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगाई थी

**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।**

कोटक महिंद्रा बैंक इस साल करीब 400 इंजीनियर हायर करेगा। हाल ही में आरबीआई ने आईटी इंफ्रा में कमी के कारण बैंक के नए क्रेडिट कार्ड और ऑनलाइन चैनलों से अकाउंट खोलने पर रोक लगाई है। बैंक अब इंजीनियरों को हायर कर अपने आईटी इंफ्रा को मजबूत करना चाहता है। बैंक के चीफ टेक्नोलॉजी ऑफिसर मिलिंद नागनूर ने बताया कि बैंक पिछले दो साल में 500 से ज्यादा इंजीनियरों को हायर कर चुका है। उन्हें गूगल और अमेजन जैसी कंपनियों के साथ-साथ पेटीएम और फोनपे जैसी कंपनियों से लिया गया है। नागनूर और भवनीश लाठिया को 2022 में हायर किया था नागनूर कोटक की सबसे हाई-प्रोफाइल टेक हाइरिंग है। उनके साथ कस्टमर एक्सपीरियंस हेड भवनीश लाठिया को भी 2022 में हायर किया था। नागनूर अमेरिका स्थित फिनटेक कंपनी अर्ली वार्निंग सर्विसेज में काम कर चुके हैं।




जबकि लाठिया ने लगभग दो दशक अमेजन में बिताए हैं। आरबीआई ने तीन और बड़ी बातें कही थीं... आरबीआई को बैंक के आईटी इन्वेंट्री मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट, वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सिक्योरिटी और डेटा लीक प्रिवेंशन स्टैटजी जैसे क्षेत्रों में गंभीर कमियां मिली थी। लगातार दो साल तक ऐसा देखा गया, लेकिन बैंक कोई ठोस कदम नहीं उठा पाया। मजबूत आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर के अभाव में बैंक के कोर बैंकिंग सिस्टम और इसके ऑनलाइन और डिजिटल बैंकिंग चैनल में पिछले दो साल में लगातार आउटेज देखा गया। लेटेस्ट आउटेज 15 अप्रैल को हुआ था, जिससे ग्राहकों को असुविधा हुई। अब लगाए गए प्रतिबंधों की समीक्षा बैंक के एक्सटर्नल ऑडिट के बाद की जाएगी। इस एक्सटर्नल ऑडिट के लिए बैंक को आरबीआई की पहले से मंजूरी लेनी होगी।

बैंक को आरबीआई के इन्सपेक्शन और एक्सटर्नल ऑडिट में बताई गई सभी कमियों को भी दूर करना होगा।

### आरबीआई के कार्रवाई के बाद 11 प्रतिशत गिरा कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर

पिछले महीने 24 अप्रैल को आरबीआई ने बैकिंग रेगुलेशन एक्ट 1949 के सेक्शन 35 की तहत अपनी पावर का इस्तेमाल करते हुए कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ कार्रवाई की थी। आरबीआई की कार्रवाई के बाद बैंक के शेयर में में भारी गिरावट देखने को मिली थी।

### बैंक ऑफ बड़ौदा को बॉब वर्ल्ड से नए ग्राहक जोड़ने की मिली अनुमति




**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंक ऑफ बड़ौदा को करीब सात महीने बाद बॉब वर्ल्ड एप्लिकेशन के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने की अनुमति दे दी। आरबीआई ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक को उसके मोबाइल ऐप बॉब वर्ल्ड के जरिये नए ग्राहक जोड़ने से 10 अक्टूबर, 2023 को रोक दिया था। यह कदम कुछ सुपरवाइजरी चिंताओं के बाद उठाया गया था। पिछले सप्ताह आरबीआई ने ईकॉम और इंस्टा ईएमआई कार्ड के जरिये कर्ज देने पर बजाज फाइनेंस पर भी प्रतिबंध हटा दिया था। बैंक ऑफ बड़ौदा ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा कि हम सूचित करना चाहते हैं कि आरबीआई ने आठ मई, 2024 के अपने पत्र के माध्यम से बैंक को बॉब वर्ल्ड पर उपरोक्त उल्लिखित प्रतिबंधों को तत्काल प्रभाव से हटाने के अपने निर्णय से अवगत कराया है। बैंक अब लागू दिशानिर्देशों और मौजूदा कानूनों या विनियमों के अनुरूप इस ऐप के जरिये ग्राहकों को जोड़ने के लिए स्वतंत्र है। बैंक ने कहा कि अब वह बॉब वर्ल्ड ऐप पर नए ग्राहकों को शामिल करना दोबारा शुरू कर देगा। इसके साथ ही उसने कहा कि वह नियामकीय दिशानिर्देशों का पालन और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



# मुझे नहीं लगता कि हमने कभी इस तरह से लक्ष्य का पीछा करने की उम्मीद की होगी : ट्रैविस हेड

**हैदराबाद, 09 मई (एजेंसियां)।**

सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के स्टार बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने जिस तरह से साथी सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के साथ आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स (एसआरएच) के खिलाफ राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में166 रन के लक्ष्य को 9.4 ओवर में हासिल कर लिया, उसकी उन्हें कभी उम्मीद नहीं थी। हेड ने कुछ आश्चर्यजनक क्रिकेट शॉट्स के साथ 16 गेंदों में अर्धशतक बनाया और अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए सिर्फ 33 गेंदों में 89 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने अपने सलामी जोड़ीदार अभिषेक शर्मा के साथ मिलकर 166 रनों की शुरुआती साझेदारी की और एलएसजी के 27 की तुलना में पावर प्ले में 107 रन बनाए। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में हेड ने स्वीकार किया, मुझे नहीं लगता कि हमने कभी इस तरह से पीछा करने की उम्मीद की होगी। यह पहली पारी में एक कठिन विकेट की तरह लग रहा था, ऐसा लग रहा था कि यह पकड़ में था और धीमी पिच थी। मुझे लगता है, एक बल्लेबाज के रूप में यह जानते हुए, आप जानते हैं कि पावरप्ले महत्वपूर्ण है। (हम) इसे अधिकतम करने की कोशिश कर रहे थे और हम खूबसूरती से खेले, हम रेट से आगे निकलने में सक्षम थे, जो अच्छा है और एक बार जब हम पहले दो या तीन ओवरों में आगे बढ़ गए, तो यह जितना संभव हो उतना अधिकतम करने की कोशिश करने के बारे में था और मुझे लगा कि हमने अपना लक्ष्य चुन लिया है और बहुत अच्छा खेला। एसआरएच ने पहले नई गेंद से एलएसजी को रोककर और फिर केवल 9.4 ओवर में 166 रन का सनसनीखेज पीछा करके एलएसजी की चुनौती को नष्ट कर दिया, जो किसी भी टी20 में 10 ओवर का उच्चतम स्कोर है। सभी टी20 क्रिकेट में, पावरप्ले में केवल सात बार 100 या उससे अधिक का स्कोर बनाया गया है, एसआरएच के पास दो शीर्ष स्कोर हैं, दोनों आईपीएल 2024 में। आप हमेशा प्रदर्शन करना चाहते हैं, आप हमेशा निरंतरता बनाए रखना चाहते हैं, आप हमेशा कोशिश करना चाहते हैं और अपना काम करते रहना चाहते हैं; यह टी20 क्रिकेट में हमेशा नहीं होने वाला है (लेकिन) मुझे लगा कि हम जिस तरह से खेल रहे हैं वह शानदार है। उतार-चढ़ाव आते रहेंगे, हमें यह अच्छा लगा कि बल्लेबाजी करते हुए दबाव में आने के बाद हम स्कोर का पीछा करने में सफल रहे। हेड ने कहा, पूरे सीज़न में कई बार हमने लक्ष्य का पीछा किया है, हम दबाव में आ गए हैं। काम करने में सक्षम होना, और लक्ष्य का पीछा करना, (यह बहुत अच्छा लगता है)। अगले दो मैचों के घरेलू मैदान पर होने का इंतजार है। हेड और अभिषेक ने आईपीएल में तीन शतकीय साझेदारियां की हैं, जिनमें से दो पावरप्ले में आईं। एसआरएच आईपीएल 2024 में एक से अधिक शतकीय ओपनिंग साझेदारी वाली एकमात्र टीम है। हेड ने ओपनिंग साझेदारी के बारे में कहा, यहां आना और योगदान देना अच्छा है।

## न्यूज ब्रीफ

### ब्राजील फुटबॉल परिसंघ ने बाढ़ के बाद 3 शीर्ष स्तरीय क्लबों के मैच स्थगित किये



**नई दिल्ली।** ब्राजील के राज्य रियो ग्रांडे डो सुल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद, तीन शीर्ष स्तरीय क्लबों-- इंटरनेशियल, ग्रेमियो और जुवेंट्यूड-- ने ब्राजीलियाई फुटबॉल परिसंघ से अपने मैच अगले 20 दिनों तक स्थगित करने का अनुरोध किया है क्योंकि वे सभी बाढ़ग्रस्त राज्य से बाहर हैं और ऐसे समय में फुटबॉल मैचों की मेजबानी करने की स्थिति में नहीं हैं। सीबीएफ ने आधिकारिक तौर पर अनुरोध पर सहमति व्यक्त की है और राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में रियो ग्रांडे डी सुल की टीमों से जुड़े और 27 मई, 2024 तक निर्धारित सभी मैच, घर या बाहर, स्थगित कर दिए गए हैं। स्टेडियम में जरूरतमंद लोगों की सहायता के लिए उचित बुनियादी ढांचे की कमी के कारण खाली होने से पहले ग्रेमियो फुटबॉल क्लब ने जरूरतमंद लोगों के लिए एरेना डो ग्रेमियो के दरवाजे खोल दिए। बाद में एरेना डो ग्रेमियो की भी तस्वीरें ऑनलाइन सामने आईं, जिसमें व्यापक बाढ़ के कारण क्षति हुई। रियो ग्रांडे डो सुल में सार्वजनिक आपदा की स्थिति के कारण, संघीय और राज्य सरकारों द्वारा आदेशित, चरम मौसम की घटनाओं के परिणामस्वरूप, सीबीएफ रियो ग्रांडे डो सुल की आबादी के साथ अपनी पूर्ण एकजुटता व्यक्त करता है और इस बात को पुष्ट करता है कि वर्तमान ध्यान उनकी तत्काल और आपात स्थिति से निपटने पर केंद्रित किया गया है। सीबीएफ, राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं की आयोजन इकाई के रूप में, और अपने संस्थागत कार्यों के साथ-साथ मानवीय प्रयासों के प्रति चौकस है, जिसकी इस समय आवश्यकता है, अधिकारियों को अपने अप्रतिबंधित समर्थन की पुष्टि करता है ताकि सभी उपायों और कार्यों को लाभ के लिए अपनाया जा सके। रियो ग्रांडे डो सुल की जनसंख्या, जिनकी मदद सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### एलएसजी के मालिक कैप्टन केएल राहुल पर भड़के: 10 विकेट से हार के बाद मैदान पर ही कैप्टन और कोच से बातचीत की, वीडियो वायरल

**मुम्बई ।** आईपीएल में 8 मई को लखनऊ सुपर जॉयंट्स को सनराइजर्स हैदराबाद ने 10 विकेट से हराया। हार के बाद एलएसजी के मालिक संजीव गोयनका ने कैप्टन केएल राहुल और कोच जस्टिन लैंगर से मैदान पर ही बातचीत की। इस बातचीत का वीडियो सामने आया है, जिसमें गोयनका केएल राहुल पर भड़कते हुए नजर आ रहे हैं। वीडियो वायरल हो गया है। सोशल मीडिया पर यूजर्स और क्रिकेट फैंस गोयनका पर नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। एक यूजर ने कहा कि केएल राहुल जैसे प्लेयर के साथ इस तरह की बातचीत गलत है। एक यूजर बोला कि ये बातचीत मैदान की बजाय टीम मीटिंग में की जा सकती थी। मैच के बाद केएल राहुल बोले- हार के बाद फैसले पर सवाल होते हैं मैच के बाद केएल राहुल ने कहा कि जब आप एक बार हारने लगते हैं तो आपके लिए गए फैसलों पर सवाल खड़ा किया जाने लगता है। हमने 40-50 रन कम बनाए। पावर प्ले में विकेट भी गंवाए। आयुष और निकोलस ने अच्छी बैटिंग कर हमें 166 रन तक पहुंचाया।



### विराट कोहली इस पीढ़ी के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज हैं और ये बात उन्हें सबसे अलग बनाती है युवराज सिंह ने किया बड़ा खुलासा

**नई दिल्ली।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए उन्हें इस पीढ़ी का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज करार दिया। युवी ने कहा कि विराट कोहली किसी से भी ज्यादा वर्ल्ड कप मेडल जीतने के हकदार हैं। कोहली छठी बार टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेंगे और उनकी कोशिश टीम के साथ खिताब जीतने की होगी। विराट कोहली ने पहली बार 2012 में टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लिया था। 2023 वनडे वर्ल्ड कप में कोहली के करियर ने नई ऊंचाई भरी, जहां उन्होंने सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड स्थापित किया। स्टार बल्लेबाज ने प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता जबकि उनके शतक जमाने की संख्या समय के साथ कम हुई। युवराज सिंह ने आईसीसी से बातचीत करते हुए विराट कोहली के बारे में काफी बाते कही। युवी का मानना है कि विराट कोहली उनमें से एक हैं, जिन्हें वर्ल्ड कप मेडल की बहुत जरुरत है। बता दें कि विराट कोहली इस समय आईपीएल 2024 में आरसीबी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की तैयारी में जुटे हुए हैं। विराट क्यों हैं सबसे जुदा युवराज सिंह ने बताया कि आखिर विराट कोहली में ऐसी क्या बात है, जो उन्हें सबसे जुदा बनाती है। युवी ने खुलासा किया, नेट्स पर जब भी कोहली बैटिंग करता है तो ऐसे खेलता है कि मानो मैच में खेल रहा हो।



# रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने धर्मशाला में लगाया जीत का चौका

## पंजाब को 60 रन से पीटा, प्लेऑफ की रेस में अब भी बरकरार



**धर्मशाला, 09 मई (एजेंसियां)।**

विराट कोहली (92), रजत पाटीदार (55) की तूफानी अर्धशतकीय पारियों और उसके बाद गेंदबाजो के शानदार प्रदर्शन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 58वें मैच में पंजाब किंग्स को 60 रनों से हराकर प्ले ऑफ से किया बाहर कर दिया है। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब किंग्स को जीत के लिए 242 रनों का लक्ष्य दिया था।

यहां हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की शुरुआत खराब रही और उसने तीसरे ओवर में ही कप्तान फाफ डुप्लेसी (9) का विकेट गवां दिया। उन्हें विधवत कावेरप्पा ने आउट किया। इसके बाद पांचवें ओवर में विधवत कावेरप्पा ने विल जैक्स (12) को भी शशांक के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। विराट कोहली और रजत पाटीदार ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिये 76 रनों की साझेदारी की। पाटीदार ने 23 गेंदों में तीन चौके और छह छक्कों की मदद से तूफानी अंदाज में 55 रन बनाये। वहीं विराट कोहली ने 47 गेंदों में सात चौके और छह छक्के लगाते हुए 92 रनों की पारी खेली। दिनेश कार्तिक (18), महिपाल लोमरोर (शून्य) पर आउट हुये। कैमरन ग्रीन 27 गेंदों में पांच चौके और एक छक्का लगाते हुए (46) रन बनाये। उन्हें आखिरी गेंद पर हर्षल ने आउट किया। आरसीबी ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 241 रनों का स्कोर खड़ा किया।

पंजाब किंग्स की ओर से हर्षल पटेल को तीन विकेट मिले। विधवत कावेरप्पा ने दो विकेट लिये। अर्शदीप सिंह और सम करन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी पंजाब किंग्स की शुरुआत खराब रही और उसने पहले ही ओवर में प्रभसिमरन सिंह (6) का विकेट गवां दिया। इसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रूसो ने पारी को संभाला। दोनों के बीच 65 रनों की साझेदारी हुई। छठे ओवर में बेयरस्टो 16 गेंदों (26) रन बनाकर आउट हुये। राइली रूसो ने 27 गेंदों में नौ चौके और तीन छक्के लगाते हुए सर्वाधिक 61 रनों की पारी खेली।

शशांक सिंह 19 गेंदों में (37), जितेश शर्मा (5), लियम लिविंगस्टंग (शून्य) , कप्तान सैम करन 16 गेंद में (22), आशुतोष शर्मा (8), हर्षल पटेल (शून्य) और अर्शदीप सिंह चार रन बनाकर आउट हुये।

राहुल चाहर पांच रन बनाकर नाबाद रहे। मोहम्मद सिराज ने आखिर तीन विकेट झटकते हुए पंजाब किंग्स की पूरी टीम 17ओवर में 181 रन पर सिमटते हुये अपनी टीम को 60 रनों से जीत दिला दी। आरसीबी की ओर से मोहम्मद सिराज ने तीन विकेट लिये। स्वप्रिल सिंह और लॉकी फर्ग्युसन और कर्ण शर्मा ने दो-दो विकेट लिये।

# डायमंड लीग से ओलंपिक की तैयारी शुरू करेंगे नीरज चोपड़ा, किशोर जेना करेंगे डेब्यू



**नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)।**

ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा दोहा डायमंडल लीग के एक दिवसीय पहले चरण के जरिये पेरिस ओलंपिक की अपनी तैयारियां शुरू करेंगे। मौजूदा विश्व और एशियाई खेल चैम्पियन भारत के भालाफेंक स्टार चोपड़ा का सामना पूर्व विश्व चैम्पियन ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स और ओलंपिक तथा विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता चेक गणराज्य के याकूब वालेश से होगा।

एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता भारत के किशोर जेना डायमंड लीग में पदार्पण करेंगे। उनका सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन 87.54 मीटर है जबकि चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ 89.94 मीटर है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। यूरोपीय चैम्पियन जर्मनी के जूलियन वेबर भी दस खिलाड़ियों में शामिल है जो लीग में उतरेंगे। इसके बाद लीग का दूसरा चरण 19 मई को मोरक्को में होगा।

चोपड़ा यहां गत चैम्पियन भी हैं जिन्होंने 2023 में वालेश और पीटर्स को हराया था। चोपड़ा ने भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा,''सफलता टीमवर्क पर निर्भर करती है। मेरे कोच और फिजियो का अपार योगदान है। कोच मेरी तकनीक की समीक्षा करते हैं और बताते हैं कि मेरे अनुकूल क्या होगा। हमारे पास स्ट्रेंथ ट्रेनिंग विशेषज्ञ भी है।

पीटर्स ने 2022 में यहां 93.07 का थ्रो फेंका था । वहीं तोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता वालेश 2023 डायमंड लीग चैम्पियन है और यहीं पर 2022 में उन्होंने 90.88 मीटर का थ्रो फेंका था। चोपड़ा ने डायमंड लीग के तीन अलग अलग चरण जीते हैं और 2022 में चैम्पियंस ट्रॉफी हासिल की थी।

इसके बाद चोपड़ा तीन साल में पहली बार भारत में खेलेंगे। वह 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में राष्ट्रीय फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भाग लेंगे। जेना भी इसमें हिस्सा लेंगे। पुरूषों के क्वालीफाइंग दौर के भालाफेंक मुकाबले 14 मई को और फाइनल 15 मई को होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### तेजी से...

उनके भरोसे छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्ययन के अनुसार 1950 में भारत में हिंदुओं की संख्या कुल आबादी में 84 फीसदी थी जो 2015 में घटकर 78 फीसदी रह गई। इस अवधि में यानी 65 वर्षों में मुस्लिमों की संख्या कुल आबादी के 9.84 फीसदी से बढ़कर 14.0 फीसदी पर पहुंच गई। 1950 और 2015 के बीच, भारत में मुस्लिम आबादी की हिस्सेदारी में 43.15 फीसदी की वृद्धि हुई, ईसाइयों की संख्या में 5.38 फीसदी की वृद्धि हुई वहीं सिखों में 6.58 फीसदी की वृद्धि हुई। इस दौरान बौद्धों की संख्या में भी मामूली वृद्धि देखी गई।

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी हिंदू आबादी में कमी के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने दावा किया कि पार्टी की मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के कारण मुस्लिम आबादी बढ़ रही है। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि जनसंख्या में असंतुलन होना चिंता का विषय है। मुस्लिमों की आबादी बढ़ रही है। वहीं हिंदुओं की आबादी घटती जा रही है। इन सबके पीछे कांग्रेस की मुस्लिम तुष्टिकरण है। मौर्या ने कहा, कांग्रेस पार्टी ने मुस्लिम लीग की तरह काम किया है। इसके कारण देश में जनसंख्या असंतुलन हुआ है। इसलिए देश को समान नागरिक संहिता (यूसीसी) की आवश्यकता है। हिंदुओं की तरह, मुसलमान केवल एक व्यक्ति से शादी करेंगे। यह नहीं कि हम पांच और हमारे पांच के फॉर्मूले से संतुलन बिगड़े और फिर देश में एक और पाकिस्तान की मांग उठने लगे। यह सब होने से रोकने के लिए यूनिफॉर्म सिविल कोड जरूरी है।

**देश को दोबारा खंडित होने से बचाना होगा**

नई दिल्ली, 09 मई (एजेंसियां)। अखिल भारतीय संत समिति के महामंत्री स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने कहा, हम लगातार यह कह रहे हैं कि देश में हिंदुओं की आबादी तेजी से घट रही है, जबकि मुसलमानों की आबादी बेहिसाब तरीके से बढ़ रही है। कुछ राजनीतिक दल अवैध बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं को लाकर भी इस देश में मुसलमानों की आबादी बढ़ा रहे हैं। चिंता की बात है कि जब किसी देश की मूल आबादी की तुलना में किसी दूसरे वर्ग की आबादी बढ़ती है तो देश के टुकड़े-टुकड़े हो जाते हैं। पूरी दुनिया के इतिहास में इस तरह के उदाहरण भरे हुए हैं। स्वयं भारत ने इसी तरह के कारण से विखंडन की त्रासदी झेली है। इसलिए, मेरा मानना है कि यदि भारत देश को दोबारा खंडित होने से बचाना है तो देश में एक समान जनसंख्या नियंत्रण कानून लाना होगा। स्वामी ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दाखिल कर पूरे देश में एक समान जनसंख्या कानून लाने की मांग भी की थी।स्वामी ने कहा, हमने देश के अलग-अलग हिस्सों में बेहिसाब तरीके से मुसलमान आबादी के बढ़ने का प्रश्न उठाते हुए सर्वोच्च न्यायालय से यह मांग की थी कि पूरे देश में हर वर्ग, हर धर्म के लोगों के लिए एक समान जनसंख्या नियंत्रण कानून लाया जाए। हमारी सर्वोच्च न्यायालय से प्रार्थना थी कि वह इस संदर्भ में केंद्र सरकार को निर्देश दे। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा था कि कानून बनाना केंद्र सरकार का काम है। वह इस मामले में उसे कोई आदेश नहीं दे सकता। लेकिन केंद्र सरकार इस पर अभी तक कोई कानून नहीं लाई है। मेरा स्पष्ट मानना है कि यदि देश को विखंडित होने से बचाना है तो देश में अविलंब जनसंख्या नियंत्रण कानून लाया जाए।उन्होंने कहा, इस मुद्दे पर कांग्रेस क्या बोलेगी? सच्चाई यह है कि कांग्रेस की गहरी साजिश के कारण ही इस देश में हिंदुओं की आबादी घटी है। पहले तो इंदिरा गांधी ने कहा अपनी आबादी घटाओ, और जब हिंदुओं ने अपनी आबादी घटा ली तो आज उन्हीं के पोते राहुल गांधी कह रहे हैं, जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। यानी पहले तो कांग्रेस ने साजिश कर हिंदुओं की आबादी घटा दी, और अब मुसलमानों को उनकी ज्यादा आबादी के आधार पर ज्यादा आरक्षण देने की बात कर रहे हैं। सीधे तौर पर यह दिखाई देता है कि कांग्रेस ने देश के हिंदुओं के साथ एक साजिश रची और आज उसी का परिणाम हमारे सामने दिखाई दे रहा है। देश के हिंदू समाज को यह सोचना चाहिए कि उसके साथ क्या हो रहा है? जब मदरसों में मुसलमान बच्चों को यह शिक्षा दी जाएगी कि नसबंदी कराना इस्लाम के खिलाफ है, और हिंदू बच्चे को उसके स्कूल में यह बताया जाएगा कि आबादी बढ़ने से गरीबी-बेरोजगारी बढ़ती है तो दोनों की आबादी में एक संतुलन कैसे आएगा। दुर्भाग्य यह है कि आज देश में दो अलग-अलग कानून चल रहे हैं। इसका समाधान निकाले बिना जनसंख्या-बेरोजगारी-गरीबी जैसी समस्या का समाधान नहीं हो सकता।

### जनसंख्या कानून...

तो यह आंकड़े कितने आधिकारिक हैं और कितने मान्य हैं। इस पर सरकार को अपना रुख स्पष्ट करना चाहिए।अखिल भारतीय संयुक्त हिंदू सनातन महासभा के सचिव आचार्य देवेंद्र शुक्ला कहते हैं कि यह बहुत ही चिंता का विषय है। अगर हिंदुओं की आबादी इस कदर घट रही है, तो अब केंद्र सरकार को इस पर कड़े फैसले लेने होंगे। आचार्य कहते हैं कि अगर हिंदुस्तान में हिंदुओं की आबादी ही कम हो जाएगी, तो हमारी सनातन परंपरा के ध्वजवाहक फिर कहां ढूंढ़े जाएंगे। मुसलमानों की बढ़ती आबादी पर उनका कहना है कि अब केंद्र सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून लागू करना चाहिए, ताकि जनसंख्या पर नियंत्रण हो सके।भाजपा सांसद साक्षी महाराज ने कहा, इसके स्पष्ट मायने हैं कि या तो हिंदू मारे जा रहे हैं या फिर उनका धर्मांतरण कराया जा रहा है। साक्षी महाराज ने मांग की है कि देश में जल्द ही जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाना चाहिए। यह कानून राष्ट्रहित में है। साक्षी महाराज का कहना है कि वह हिंदू और मुसलमान की बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन जो रिपोर्ट आई है वह बहुत ही आहत करने वाली है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्षी पार्टियों पर हमलावर होते हुए भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश करार दे दिया।

प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट पर हंगामा मचा हुआ है, लेकिन उस पर कई तरह के सवाल भी खड़े होते हैं। इस रिपोर्ट में 1950 से लेकर 2015 तक की आबादी का अध्ययन बताया गया है। इस रिपोर्ट को पब्लिक डोमेन में होना चाहिए, ताकि उसको देश के सभी लोग जान सकें और पढ़ सकें। दूसरा महत्वपूर्ण मुद्दा यह है कि अगर यह रिपोर्ट 2015 की है, तो इसे नौ सालों बाद 2024 में क्यों जारी किया गया। इस पर सरकार को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। क्या इस रिपोर्ट के आधार पर केंद्र सरकार की कुछ योजनाएं बनी हैं या नहीं? क्योंकि अभी जनगणना होनी बाकी है। ऐसे में इस तरह की किसी रिपोर्ट की जनसंख्या के लिहाज से जारी किए गए आंकड़े कितने आधिकारिक माने जाएंगे, इस पर भी स्थिति स्पष्ट होनी चाहिए।

### तेलंगाना में...

अमित शाह ने टिप्पणी की कि कांग्रेस की हालत इतनी खराब है कि उसे चुनाव लड़ने के लिए उम्मीदवार नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि भोंगिर में कांग्रेस ने एक ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारा, जिसने राहुल गांधी के जाली हस्ताक्षर किए थे और उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि चूंकि पार्टी को कोई उम्मीदवार नहीं मिला, इसलिए पार्टी ने उनसे चुनाव लड़ने का अनुरोध किया।उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस झूठ फैलाकर चुनाव लड़ रही है। वे कह रहे हैं कि अगर मोदी जी दोबारा आए तो आरक्षण खत्म कर देंगे। 10 साल तक उन्होंने पूर्ण बहुमत की सरकार चलाई, लेकिन आरक्षण खत्म नहीं किया। अमित शाह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने तेलंगाना में एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीन लिया और मुसलमानों को चार फीसदी कोटा दे दिया। उन्होंने कहा, भाजपा को 10 से अधिक सीटें दीजिए, हम 4 प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण खत्म कर देंगे और एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण बढ़ा देंगे। गृह मंत्री ने कांग्रेस, भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और मजलिस ए इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एमआईएम) को मुस्लिम तुष्टिकरण का त्रिकोण करार दिया। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि कांग्रेस और बीआरएस ओवेसी को नहीं रोक सकते। वे तुष्टिकरण की एबीसी हैं। ए से असदुद्दीन औवेसी, बी से बीआरएस और सी से कांग्रेस।अमित शाह ने आरोप लगाया कि ये दल रामनवमी जुलूस, हैदराबाद मुक्ति दिवस का जश्न नहीं मनाने देते और सीएए का भी विरोध करते हैं। उन्होंने कहा, वे तेलंगाना को कुरान और शरिया के आधार पर चलाना चाहते हैं। उन्होंने दावा किया कि वे तीन तलाक को वापस लाना चाहते हैं। राम मंदिर निर्माण और धारा 370 को हटाए जाने का जिक्र करते हुए अमित शाह ने कहा कि पीएम मोदी ने जो भी वादे किए वो पूरे किए। उन्होंने तेलंगाना में विधानसभा चुनाव में किए गए वादों को लागू नहीं करने के लिए कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि हम जानना चाहते हैं कि किसानों का 2 लाख रुपए तक का कर्ज माफ करने, प्रत्येक किसान को 15,000 रुपए वार्षिक वित्तीय सहायता, प्रत्येक कृषि मजदूर को 12,000 रुपए सालाना, चावल और गेहूं पर 500 रुपए बोनस देने के राहुल गांधी के वादों का क्या हुआ। छात्रों के लिए 5 लाख रुपए तक का ऋण, कॉलेज जाने वाली लड़कियों के लिए स्कूटी और हर तहसील में एक अंतरराष्ट्रीय स्कूल का क्या हुआ?

### पीएम मोदी...

रिपोर्ट के अनुसार, आने वाले कुछ वर्षों में भारत कम से कम 6 प्रतिशत की वार्षिक दर से वृद्धि करने की स्थिति में है, लेकिन विश्लेषकों का कहना है कि अगर देश आर्थिक महाशक्ति बनना चाहता है तो उसे आठ फीसदी या उससे अधिक की वृद्धि का लक्ष्य रखना चाहिए। सतत वृद्धि भारत को दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की श्रेणी में ऊपर पहुंचा देगा। कुछ पर्यवेक्षकों का अनुमान है कि दक्षिण एशियाई देश 2027 तक अमेरिका और चीन के बाद तीसरे नंबर पर आ जाएगा। रिलायंस इंडस्ट्रीज और अडाणी समूह ने जीवाश्म ईंधन और स्वच्छ ऊर्जा से लेकर मीडिया तथा प्रौद्योगिकी तक के क्षेत्रों में व्यवसाय स्थापित किए हैं। इन दोनों समूह में से हर एक का मूल्य 200 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक है।

### चक्रव्यूह में ...

चंद्रबाबू नायडू में कड़ी टक्कर है। पिछला चुनाव अकेले लड़ी टीडीपी को इस बार भाजपा के साथ जन सेना का सहारा है। सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी पांच साल के कार्यों खास तौर पर डायरेक्ट बेनिफिट स्कीमों दम पर जीत का दंभ भर रही है। खास यह है कि दोनों राष्ट्रीय दल भाजपा एवं कांग्रेस दक्षिण के दिग्गजों के वारिसों के सहारे आंध्र में सियासी जमीन तलाश रहे हैं। भाजपा एनटी रामाराव की बेटी डी पुरंदेश्वरी और कांग्रेस वाईएस राजशेखर रेड्डी की बेटी शर्मिला की अगुवाई में ताल ठोक रही है। वाईएस शर्मिला सीएम जगन रेड्डी की सगी बहन हैं। भाई को ललकार रहीं शर्मिला ने आंध्र के सियासी अखाड़े को और रोचक बना दिया है।टीडीपी, जनसेना व भाजपा गठबंधन प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी, चंद्रबाबू नायडू के पूर्व के कार्यों और जगन सरकार की नाकामियों को लेकर मैदान में है। भ्रष्टाचार, महंगाई और कानून-व्यवस्था को लेकर सरकार पर हमलावर गठबंधन पवन कल्याण की सभाओं में उमड़ रही युवाओं की भीड़ से उत्साहित है। उधर, सीएम रेड्डी सभाओं में लोगों से कह रहे हैं- यदि पांच साल में आपको कोई फायदा हुआ है तो ही मुझे वोट देना। वाईएसआरसीपी का दावा है कि आंध्र के 80 फीसदी लोगों के खातों में सरकार ने किसी न किसी स्कीम के माध्यम से सीधा पैसा डाला है। वॉलंटियरों के जरिए घर-द्वार सेवाओं से भी एक बड़े तबका जुड़ा है। यही वजह है कि घोषणापत्र में वाईएसआरसीपी ने इन्हीं स्कीमों को आगे बढ़ाने का वायदा किया है। पार्टी से जुड़े वाईएस साई बाबा कहते हैं-पूरे देश में किसी सीएम में इतनी हिम्मत नहीं, जो यह कह सके कि फायदा नहीं मिला है तो वोट मत देना।चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी को प्रमुख कम्मा समुदाय का समर्थन मिलता रहा है। नायडू कम्मा समुदाय से हैं। लेकिन इस बार अभिनेता व नेता पवन कल्याण के साथ आने से एनडीए को कापू का भी समर्थन मिल सकता है। जन सेना के प्रमुख पवन खुद को इस समुदाय के प्रतिनिधि के रूप में भी पेश कर रहे हैं। अभिनेता पवन कल्याण कांग्रेस के पूर्व केंद्रीय मंत्री और पूर्व सुपरस्टार चिरंजीवी के भाई हैं। चिरंजीवी ने जन सेना को समर्थन का एलान किया है। वाईएसआरसीपी को रेड्डी समुदाय का समर्थन मिलता रहा है। सत्ता में रहते जगन रेड्डी ने इस बार एससी, एसटी और अल्पसंख्यकों के साथ बीसी को भी अपने पाले में करने की कोशिश की है। गौरतलब है कि आंध्र की राजनीति में कम्मा, कापू और रेड्डी समुदाय का खासा प्रभाव है।आंध्र प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव एक साथ होते रहे हैं। पिछले ट्रेंड को देखें तो जिस पार्टी ने विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की, लोकसभा की सीटें भी उसी के खाते में गईं। साल 2014 के चुनाव में टीडीपी ने अविभाजित आंध्र प्रदेश में 16 लोकसभा सीटें जीतीं, जबकि वाईएसआरसीपी को नौ सीटें मिलीं। विधानसभा चुनाव भी चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली टीडीपी के पक्ष में रहा। 2019 के चुनाव में वाईएसआरसीपी ने विधानसभा की 175 सीटों में से 151 पर जीत दर्ज की। लोकसभा की 25 सीटों में से 22 सीटें भी उसे ही मिलीं। मजबूत क्षेत्रीय पार्टियों के चलते आंध्र के मतदाता अभी तक केंद्र व राज्य के लिए अलग-अलग वोट करते नहीं दिखे हैं।कभी आंध्र प्रदेश में एकछत्र राज करने वाली कांग्रेस अब यहां खाता खोलने के लिए जद्दोजहद कर रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में नोटा से भी कम 1.31 फीसदी वोट लेने वाली कांग्रेस ने इस बार 25 में से 23 सीटों पर प्रत्याशी उतारे हैं लेकिन अपनी खोई जमीन पाने के लिए उसे कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। 2019 में आंध्र की सभी 25 लोकसभा सीटों पर लड़ी भाजपा को एक फीसदी से भी कम वोट मिले थे। इस बार वह टीडीपी और जन सेना पार्टी का दामन थाम कर इस धान के कटोरे में कमल खिलाने के प्रयास में है।आम तौर पर राजनीतिक दल चुनाव में बड़े नेताओं, फिल्म स्टार और सेलेब्रिटीज को स्टार प्रचारक बनाते हैं। पर, आंध्र में सत्तारूढ़ वाईएसआरसीपी ने गृहिणियों, किसानों और ऑटो चालक को स्टार प्रचारक बनाया है। बाकायदा चुनाव आयोग को ऐसे 12 लोगों की सूची सौंपी गई है। पार्टी का कहना है कि ये स्टार प्रचारक आंध्र के पांच करोड़ लोगों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनके दम पर अंतिम आदमी तक पार्टी का संदेश पहुंचाने की रणनीति है।

### जैसा को तैसा...

उन्हें अकबरुद्दीन से यह पूछना चाहिए था कि 15 मिनट के लिए पुलिस हट जाए तो क्या वे सारे हिंदुओं को मार डालेंगे? अकबरुद्दीन का जब यह बयान आया तो पुलिस क्या कर रही थी? त्वरित कार्रवाई क्यों नहीं की? चुनाव आयोग तब क्या कर रहा था? क्या ऐसे बयानों के लिए कानून में अनुमति है? पठान ने अकबरुद्दीन से उस समय ये सवाल नहीं पूछे थे, इसलिए अभी का उनका सवाल बेईमानी और मिलीभगत से भरा हुआ है।ठीक ऐसी ही बेईमानी एआईएमआईएम नेता असदुद्दीन ओवैसी ने भी प्रदर्शित की। ओवैसी ने प्रधानमंत्री को संबोधित करते हुए कहा, नवनीत राणा को 15 सेकेंड दे ही दीजिए। अगर कोई खुलेआम ऐसा कह रहा है तो ऐसा ही सही। प्रधानमंत्री आपके हैं, आरएसएस आपका है, सब कुछ आपका है। आपको कौन रोक रहा है? हम भी देखना चाह रहे हैं कि क्या आपके अंदर कोई इंसानियत बची है? असदुद्दीन ओवैसी ने यही आक्रोश भरे तर्क और सवाल अकबरुद्दीन से क्यों नहीं पूछे थे? तब यह क्यों नहीं पूछा था कि उसके अंदर कोई इंसानियत बची है या नहीं?

# हर बड़ा माफिया-अपराधी समाजवादी पार्टी का शागिर्द : योगी






### खीरी, धौरहरा और सीतापुर सीटों के लिए किया चुनाव प्रचार

**लखीमपुर खीरी, सीतापुर, 09 मई (एजेंसियां)।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को खीरी, धौरहरा और सीतापुर लोकसभा सीटों के लिए धुआंधार प्रचार किया। उन्होंने समाजवादी पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि हर बड़ा माफिया और अपराधी सपा का शागिर्द है। सपा रामभक्तों पर गोलियां चल-वाती थी और आतंकी धमाके करने वालों के केस वापस लेती थी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत आकार ले रहा है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि आज सुरक्षा में सेंध लगाने वालों को यह पता है कि ऐसा करने से पहले यमराज जीवन की डोर काट ले जाएंगे। सीएम योगी ने खीरी लोकसभा सीट के लिए पार्टी प्रत्याशी अजय मिश्रा टेनी, धौरहरा लोकसभा सीट के लिए रेखा वर्मा और सीतापुर लोकसभा सीट के लिए प्रत्याशी राजेश वर्मा के पक्ष में मतदान की अपील की।

लखीमपुर खीरी के गोला में खीरी लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में यूपी में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। उन्होंने कहा कि समाजव-ादी पार्टी के मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। सीएम योगी गुरुवार को गोला में खीरी लोकसभा सीट के लिए चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं। एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का लाभ देने वाले रामभक्त हैं।

दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा देश को बांटने की साजिश रच रही है। एक तरफ कांग्रेस के कार्यकाल में जहां देश की सीमाएं असुरक्षित थीं, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम पर थे वहीं दूसरी तरफ सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी और आतंकियों के केस वापस लेती थी। मगर इस बार पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे।

लखीमपुर खीरी के मोहम्मदी में धौरहरा लोकसभा सीट के लिए चुनावी रैली को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव एक निर्णायक मोड़ पर आ चुका है। अब तक तीन चरणों में आधा चुनाव सम्पन्न हो चुका है।

वहीं बचे चरणों ने पहले से ही रुझान तय कर दिये हैं। पूरे देश का रुझान है कि फिर एक बार मोदी सरकार। देश की जनता जनार्दन जो राम को लाए हैं, हम उनको लाने की बात कह रही है। इस बार देश में पहली बार देखने को मिल रहा है कि किसी सरकार ने 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया और उसके बाद भी जनता जनार्दन पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाजपा के प्रत्याशियों को जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने जा रही है। भारत की जनता यह कृतज्ञता इसलिए जाहिर कर रही है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के विकास, कल्याण और सम्मान के लिए काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए भारत का निर्माण करके वर्तमान और भावी पीढ़ी के भविष्य को उज्ज्वल करने का काम किया है।

सीतापुर के बिसवां में जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूरा चुनाव रामभक्तों व रामद्रोहियों के बीच रह गया है। जनता-जनार्दन और रामभक्त कह रहे हैं कि जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे, जबकि रामद्रोही कह रहे हैं कि मंदिर बेकार बना है। इसे बनाने की आवश्यकता ही नहीं थी। भारत के अंदर मंदिर की क्या आवश्यकता थी।

सीएम ने तंज कसा कि भगवान राम का मंदिर उत्तर प्रदेश के अयोध्या में नहीं तो क्या काबुल-कंधार, लाहौर और कराची में बनेगा। अयोध्या श्रीराम की पावन जन्मभूमि और कोटि-कोटि सनातन धर्मावलंबियों की आस्था की भूमि है। अयोध्या हमारा पवित्र धाम है। आज की अयोध्या त्रेतायुग के रामायण काल की याद दिलाएगी और काशी में सतयुग के दर्शन होंगे। सीएम ने कहा कि सरकार नैमिषारण्य के लिए भी बड़ी कार्ययोजना लेकर आ चुकी है। फोरलेन कनेक्टिवटी कार्य प्रारंभ हो चुका है। यहां यात्री विश्रामालय बनेंगे, गोमती नदी का रिवर फ्रंट के रूप में विकास होगा, मंदिरों का पुनरुद्धार और सौंदर्यीकरण, हर व्यापारी का पुनर्वास, नए होटल-रेस्तरां खुलेंगे। इलेक्ट्रिक बस को लखनऊ से जोड़ने की सेवा प्रारंभ कर चुके हैं। हेलीकॉप्टर की सुविधा से भी जोड़ने जा रहे हैं। धीरे-धीरे लखनऊ से बाहर मेट्रो भी वहां तक पहुंचेगी। सीएम ने सुरक्षा के बेहतरीन वातावरण का उदाहरण देते हुए कहा कि रेडिको खेतान ने भी यहां एक हजार करोड़ के निवेश के साथ सैकड़ों नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार के द्वार खोला। ईडी के एक अधिकारी ने नौकरी छोड़कर नौजवानों के भविष्य के लिए आपको बेहतरीन कैंपस उपलब्ध कराया।

### यूपी में सक्रिय रहा चुनाव आयोग और शासन का निगरानी तंत्र

# इस चुनाव में नोटों से ज्यादा चला मौत का सामान

**लखनऊ, 09 मई (एजेंसियां)।**

खतरनाक नशीली दवाओं (ड्रग्स) ने इस बार चुनाव में इस्तेमाल होने वाले काले धन का रूप ले लिया है। दो हजार रुपए का नोट बंद होने के बाद नकद लाना-ले जाना खतरों से भरा है। यही वजह है कि इस चुनाव में नोटों की जगह ड्रग्स ने ले ली है। यह पहला चुनाव है, जिसमें केवल उत्तर प्रदेश में ही 238 करोड़ रुपए की ड्रग्स पकड़ी जा चुकी है और नकदी केवल 34 करोड़ जब्त हुई है।




लोकसभा चुनाव की आचार संहिता 16 मार्च को लगी थी। चुनाव आयोग की मनी पावर वॉच टीम ने महज 13 अप्रैल तक ही 4650 करोड़ रुपए की नकदी, शराब, ड्रग्स वगैरह जब्त की, जो 75 साल के संसदीय चुनाव के इतिहास में सबसे ज्यादा था। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि 2019 के लोकसभा चुनावों के सातों चरणों में 3475 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे।

गंभीर बात यह है कि कुल जब्त की गई राशि में से करीब आधी ड्रग्स और कोकीन जैसे घातक मादक पदार्थों के रूप में है। पिछले चुनाव की तुलना में इस बार ड्रग्स की जब्ती सबसे ज्यादा है। पिछले पूरे चुनाव के दौरान देशभर में जहां 1239 करोड़ की ड्रग्स पकड़ी गई थी। वहीं इस बार केवल तीन चरणों के चुनाव में यूपी में ही 238 करोड़ की ड्रग्स जब्त की जा चुकी है।

नकद की जब्ती पिछले चुनाव के मुकाबले आधी से भी ज्यादा घट गई। पकड़ी गई ड्रग्स में अफीम, चरस, गांजा से लेकर ब्राउन शुगर तक शामिल हैं। इनकी कीमत 50 हजार रुपए से लेकर दो करोड़ रुपए किलो तक है। कैश के बजाय ड्रग्स की धरपकड़ में अप्रत्याशित तेजी की मुख्य वजह दो हजार रुपए के नोट हैं, जो बंद कर दिए गए हैं। पहले चुनाव में इस्तेमाल होने वाले कालेधन को पहुंचाने का जरिया दो हजार के नोट थे। केवल दस गड्डी में ही बीस लाख रुपए आसानी से पहुंच जाते थे। पांच सौ के नोटों को लाखों-करोड़ों में ले जाना खतरे से खाली नहीं है।

इस बार चुनाव आयोग की टीमें डाटा इंटेलिजेंस और तकनीक के आधार पर ज्यादा काम कर रही हैं। ऐसे में ड्रग्स ने कैश की जगह ले ली। एक किलो मादक पदार्थ को किसी भी रूप में एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाया जा सकता है। गंतव्य में इसके एवज में कैश दे दिया जाता है। आयोग ने ड्रग्स की रिकॉर्ड जब्ती को गंभीरता से लिया है।

30 मार्च तक 17 करोड़ कैश, 23 करोड़ की शराब और 38 करोड़ की ड्रग्स सीज की गई थी। 15 अप्रैल तक 24 करोड़ कैश, 36 करोड़ की शराब और 56 करोड़ की ड्रग्स सीज की गई। 30 अप्रैल तक 32 करोड़ कैश, 46 करोड़ की शराब और 218 करोड़ की ड्रग्स सीज की गई और 7 मई तक 34 करोड़ कैश, 49 करोड़ की शराब और 238 करोड़ रुपए की ड्रग्स सीज की गई।

मार्च में भगवतीपुर के पिंडरा गांव में एसटीएफ ने म्याऊं-म्याऊं ड्रग की बड़ी खेप पकड़ी थी। इसकी कीमत करीब 30 करोड़ रुपए थी। इसकी कीमत 2 करोड़ रुपए प्रति किलो है। म्याऊं-म्याऊं नाम का ये ड्रग कोकीन या हेरोइन की तरह प्राकृतिक नशीला पदार्थ नहीं है, बल्कि एक सिंथेटिक ड्रग है।

इसका असली नाम मेफेड्रोन है। इसे कुछ खास पौधों के कीड़े मारने के लिए एक सिंथेटिक खाद के तौर पर तैयार किया गया था। बाद में इसे नशे के तौर पर इस्तेमाल किया जाने लगा। सीज किए गए मादक पदार्थों में अफीम, चरस, गांजा से लेकर करोड़ों में बिकने वाले ऐसे ड्रग्स भी हैं।

# ताज की खूबसूरती की दीवानी हुई मिस यूनिवर्स शेन्निस पलासियोस

### 45 मिनट तक रुकीं...

**आगरा, 09 मई (एजेंसियां)।**

मिस यूनिवर्स-2023 शेन्निस पलासियोस ने ताज का दीदार किया। जब उन्होंने मुख्य गेट से प्रवेश किया तो पर्यटकों की भीड़ उन्हें देखने कि लिए जुट गई। फ्रैंस उनके साथ सेल्फी लेते भी नजर आए। कड़ी सुरक्षा के बीच मिस यूनिवर्स ने ताज की खूबसूरती को निहारा।

मिस यूनिवर्स 2023 शेन्निस पलासियोस ने करीब 45 मिनट तक ताज को निहारा। इस दौरान पर्यटन पुलिस के साथ-साथ थाना ताजगंज पुलिस का कड़ा पहरा रहा। इस दौरान मिस यूनिवर्स ने ताज की खूबसूरती के साथ इतिहास को जानने में भी दिल-चस्पी दिखाई। उन्होंने ताज के साथ जमकर फोटोग्राफी की।




बता दें 'मिस यूनिवर्स 2023' का खिताब अपने नाम करने वाली शेन्निस पलासियोस पहली निकारागुआन महिला हैं। इससे पहले वे कई खिताब जीत चुकी हैं।

शेन्निस अपने देश की राजधानी में पली-बढ़ी हैं और एक अनुभवी प्रतियोगिता प्रतियोगी हैं। उन्होंने 2016 में अपनी सौंदर्य प्रतियोगिता की शुरुआत की, तब उन्होंने मिस टीन निकारागुआ 2016 का खिताब जीता। उन्होंने मिस वर्ल्ड निकारागुआ 2020 का भी खिताब जीता और 2022 में सैन जुआन, प्यूर्टो रिको में आयोजित मिस वर्ल्ड 2021 प्रतियोगिता में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। वह शीर्ष 40 फाइनलिस्ट का हिस्सा थीं।

# इलेक्टोरल बांड के खुलासे में पाक साफ निकली बसपा, भाजपा की गारंटी हवा-हवाई : मायावती

**कन्नौज 09 मई (एजेंसियां)।**

लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के लिए प्रचार करने पहुंचीं बसपा प्रमुख मायावती ने इलेक्टोरल बांड का हवाला देकर अपनी पार्टी को पाक साफ़ बताया है। भाजपा और कांग्रेस को मिले बांड का हवाला देते हुए कहा कि बसपा कभी धन्ना सेठों से पैसे नहीं लेती, यह बात सुप्रीम कोर्ट के खुलासे से साफ़ हो चुका है। बसपा अपने कार्यकर्ताओं और उम्मीदवारों से मिले आर्थिक सहयोग से ही गतिविधियों को संचालित करती है। कन्नौज, फर्रुखाबाद और इटावा की संयुक्त चुनावी सभा में पहुंचीं बसपा प्रमुख ने भाजपा, कांग्रेस और सपा पर कई सियासी हमले किए। उन्होंने कहा कि पहले कांग्रेस की सरकारों ने गलत नीतियां अपनाई, उससे वो केंद्र और प्रदेश सरकार से बाहर हुई।



अब उसी रास्ते पर भाजपा भी चल रही है। भाजपा की सरकार में दलित, शोषित, वंचित, मुस्लिम, धार्मिक, अलसंख्यक वर्ग परेशान है, लेकिन सरकार ध्यान नहीं दे रही है। इससे लोगों में नाराजगी है।

इनकी कथनी और करनी में फ़र्क़ है। इसलिए यह तय हो गया है कि इस चुनाव में भाजपा केंद्र की सत्ता में आस-ानी से वापस नहीं होने जा रही है। बसपा के नेतृत्व में सभी वर्गों का सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय की तर्ज पर ध्यान दिया जाएगा। किसी का शोषण नहीं होगा। बसपा ने चार बार यूपी की सरकार में जो कल्याणकारी काम किए, उसे अब दूसरे प्रदेशों की सरकार नकल करके चल रही हैं। केंद्र में मौका मिला तो यूपी के उसी मॉडल की तर्ज पर केंद्र में भी सरकार चलाई जाएगी। कहा कि सपा की सरकार में प्रदेश में दलित और वंचित वर्ग से भेदभाव हुआ। सपा की सरकार ने दलित महापुरुषों के नाम से बनाए गए जिलों, संस्थानों और पार्कों का नाम बदल दिया। इसलिए उन्हें अब इस वर्ग से वोट मांगने का कोई अधिकार नहीं है।

बसपा प्रमुख ने केंद्र की भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इनका अच्छे दिन का वादा हवा-हवाई साबित हुआ। इसी तरह गारंटी की बात भी महज दिखावा है। उनकी बातों में नहीं आना है। इन लोगों की हवा-हवाई बातों से भरा हुआ घोषण पत्र जाति किया है। बाद में यह घोषणा पत्र की बातें भूल जाते हैं। बसपा की ओर से कभी भी घो-षणा पत्र जारी नहीं होता है। बिना घोषणा पत्र के ही चार बार प्रदेश में सरकार बनी है। बसपा ने किसी के भी घोषण पत्र से ज्यादा काम किया है। बसपा सरकार में हुए काम को जनता आज भी याद करती है।


### दरगाह है या कामाख्या देवी का मंदिर?

# फतेहपुर सीकरी के लिए आगरा की अदालत में दाखिल हुई नई याचिका

**आगरा, 09 मई (एजेंसियां)।**

आगरा के सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन में फतेहपुर सीकरी में स्थित सलीम चिश्ती की दरगाह को कामाख्या माता का मंदिर और जामा मस्जिद को कामाख्या माता मंदिर परिसर बताते हुए नया दावा दायर किया गया है। यह नया दावा अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने दायर किया है।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि केस में माता कामाख्या, आस्थान माता कामाख्या, आर्य संस्कृति संरक्षण ट्रस्ट, योगेश्वर श्रीकृष्ण सांस्कृतिक अनुसंधान संस्थान ट्रस्ट, क्षत्रिय शक्तिपीठ विकास ट्रस्ट और अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह वादी हैं। प्रतिवादी संख्या एक उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ़ बोर्ड, विपक्षी संख्या दो प्रबंधन कमेटी



दरगाह सलीम चिश्ती, विपक्षी संख्या तीन प्रबंधन कमेटी जामा मस्जिद है।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि वर्तमान में विवादित संपत्ति भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीन एक संरक्षित स्मारक है, जिस पर सभी विपक्षीगण अतिक्रमणी हैं। फतेहपुर सीकरी का मूल नाम सीकरी है जिसे विजयपुर सीकरी भी कहते थे। ये सिकरवार क्षत्रियों का राज्य था और विवादित संपत्ति माता कामाख्या देवी का मूल गर्भ गृह व मंदिर परिसर था। यहां की प्रचलित ऐतिहासिक कहानी के अनुसार फतेहपुर सीकरी को अकबर ने बसाया जोकि झूठ है। बाबर ने अपने बाबरनामा में सीकरी का उल्लेख किया था और वर्तमान में बुलंद दरवाजे के नीचे दक्षिण पश्चिम में एक अष्टभुजीय कुआं/बाओली है और दक्षिण पूर्वी हिस्से में एक गरीब घर है, जिसके निर्माण का वर्णन बाबर ने किया है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अभिलेख भी यही मानते हैं।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि डीबी शर्मा जोकि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधीक्षण पुरातत्वविद रहे हैं उन्होंने अपने कार्यकाल में फतेहपुर सीकरी के बीर छबीली टीले की खुदाई की, जिसमें उन्हें सरस्वती और जैन मूर्तियों मिलीं, जिनका काल 1000 ईस्वी के लगभग था। डीबी शर्मा ने अपनी पुस्तक 'आर्कियोलॉजी ऑफ़ फ़तेहपुर सीकरी- न्यू डिस्कवरीज़' में इसका विस्तार से वर्णन किया है। इसी पुस्तक के पेज संख्या 86 पर वाद संपत्ति का निर्माण हिन्दू व जैन मंदिर के अवशेषों से बताया है। वहीं अंग्रेज अधिकारी ईबी हावेल ने वाद संपत्ति के खंभों व छत को हिन्दू शिल्पकला का बताया है और मस्जिद होने से इनकार किया है।

अधिवक्ता अजय प्रताप सिंह ने बताया कि खानवा युद्ध के समय सीकरी के राजा राव धामदेव थे। खानवा युद्ध में जब राणा सांगा घायल हो गए तो राव धामदेव धर्म बचाने के लिए माता कामाख्या के प्राण प्रतिष्ठित विग्रह को ऊंट पर रखकर पूर्व दिशा की ओर गए और उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के सकराडीह में कामाख्या माता के मंदिर को बनाकर इस विग्रह को पुनः स्थापित किया। उस तथ्य का उल्लेख राव धामदेव के राजकवि विद्याधर ने अपनी पुस्तक में किया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# बाचुपल्ली में दीवार गिरने के मामले छह लोग गिरफ्तार

## हादसे में छह श्रमिकों सहित सात की हुई थी मौत

**हैदराबाद, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बाचुपल्ली में एक निर्माणाधीन स्थल पर मंगलवार को दीवार गिरने के मामले में पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिसमें सात लोगों की मौत हो गई थी। साइबराबाद पुलिस ने लापरवाही के आरोप में बिल्डर अरविंद रेड्डी, साइट इंजीनियर सतीश, प्रोजेक्ट मैनेजर फ्रांसिस, ठेकेदार राजेश और दो अन्य को गिरफ्तार किया।



पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धारा 304-खख (लापरवाही से मौत) के तहत मामला दर्ज किया। भारी बारिश के बाद मंगलवार शाम को एक निर्माणाधीन अपार्टमेंट परिसर की दीवार गिरने से छह श्रमिकों और एक चार वर्षीय लड़के की मौत हो गई। यह घटना मेडचल मल्काजगिरी जिले के बाचुपल्ली में रेणुका येलम्मा मंदिर कॉलोनी में हुई। पुलिस के अनुसार, 30 से 40 फीट ऊंची दीवार गिर गई, जिससे ओडिशा और छत्तीसगढ़ के प्रवासी निर्माण श्रमिकों की मौत हो गई। परिसर की दीवार को सहारा देने वाली छह फुट चौड़ी मिट्टी की बाधा भारी बारिश के बाद टूट गई, जिससे दीवार अस्थायी शेड पर गिर गई।

रात भर चले बचाव अभियान के बाद पुलिस ने बुधवार सुबह सात शव बरामद किए। मृतकों की पहचान राम यादव (44), गीता बाई (40), हिमांशु (4), शंकर गौड़ (18), श्रीपति महेजी (23), बिंद्रेश भवानी चौहान (30) और खुशी (20) के रूप में हुई है। प्रवासी श्रमिक एक पांच मंजिला अपार्टमेंट इमारत की साइट पर काम कर रहे थे और वहां अस्थायी शेड में रह रहे थे।

# कांग्रेस और बीआरएस भ्रष्टाचार की जननी : अन्नामलाई



**हैदराबाद, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रमुख के. अन्नामलाई ने कांग्रेस और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को भ्रष्टाचार की जननी बताया और कहा कि इसके विपरीत केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 10 साल का शासन भारतीय लोकतंत्र में भ्रष्टाचार के बिना काम करने का पहला उदाहरण है।उन्होंने आरोप लगाया, अब कांग्रेस और अतीत में बीआरएस को देखें, वे भ्रष्टाचार की जननी थे। अन्नामलाई ने एक जनसभा में कहा पिछले दस वर्षों में भारत ने कुछ ऐसा हासिल किया है जो किसी भी लोकतांत्रिक सरकार ने हासिल नहीं किया है। उन्होंने कहा, अब हर कोई भारत को नंबर एक अर्थव्यवस्था बनने को लेकर आश्वस्त है। यह पहली बार है कि हम भारतीय लोकतंत्र को भ्रष्टाचार के बिना काम करते हुए देख रहे हैं।उन्होंने श्री मोदी की भरपूर प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री भावना को दिशा देने और यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रहे हैं कि देश एक कदम आगे रहे। फिलहाल हम 3.8 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हैं, श्री मोदी का दृष्टिकोण दुनिया का नंबर एक देश बनने का है।






फ्रेंड्स ग्रुप कमाठीपुरा मंगलहाट द्वारा अमावस्या के उपलक्ष्य में छाछ का वितरण किया गया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, शिवा, राजू, अजय, यश अग्रवाल, नितिन एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# राजा सिंह और जी नागेश पर आदर्श आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज

**निर्मल, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** गोशामहल विधायक टी राजा सिंह, आदिलाबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार जी. नागेश और पार्टी के एक स्थानीय नेता महेंद्र पर बुधवार शाम को खाना-पुर में एक चुनावी रैली को संबोधित करते समय आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) का उल्लंघन करने का मामला दर्ज किया गया। खानापुर इंस्पेक्टर सईदराव ने कहा कि वीडियो निगरानी टीम के प्रभारी राजू से मिली शिकायत के आधार पर, शहर के एक जंक्शन पर पुलिस द्वारा निर्धारित समय से अधिक समय तक रैली आयोजित करने के लिए राजा सिंह, नागेश और महेंद्र के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।पुलिस ने बताया कि शाम 7.20 बजे तक चली बैठक में विधायक और अन्य नेता शामिल हुए। बैठक शाम 4 बजे से 6 बजे के बीच आयोजित करने की अनुमति दी गई थी। पुलिस ने राजनीतिक दलों को सलाह दी कि वे अपनी रैलियां पुलिस द्वारा दी गई अवधि के भीतर पूरी करें और जनता को असुविधा से बचाएं।





आगापुरा मेंठाकुर राजेंद्र सिंह द्वारा महाराणा प्रताप जन्मोत्सव समारोह आयोजित किया गया। जिसमे बजरंगसेना के अध्यक्ष लक्ष्मण राव ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। मुख्य अतिथि ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर एडवोकेट धीरेंद्र सिंह, ठाकुर गणेश सिंह, ठाकुर रंजीत सिंह, भाजपा नेता रघुनन्दन सिंह, राजेंद्र सिंह, बजरंग सिंह, यश ठाकुर, राजेंद्र सिंह आगापुरा, राजाराम और राजशेखर मौजूद रहे।

# जीएसआई की सभी समस्याओं का समाधान करेंगे : ललन प्रसाद



**हैदराबाद, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** डॉ. ललन प्रसाद सिंह, उप महानिदेशक तेलंगाना इकाई ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण दक्षिणी क्षेत्र के एडीजी एवं विभागाध्यक्ष का पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर ऑल इंडिया जीएसआईएस सीएसटी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन के क्षेत्रीय सचिव मधिरा सत्यनारायण के नेतृत्व में उन्हें शॉल और फूल माला से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए मधिरा सत्यनारायण ने जीएसआई में लंबे समय से एससीएसटी को आ रही समस्याओं का समाधान करने को कहा।

इस मौके पर नये प्रभारी एडीजी व विभागाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण करने वाले डॉ. ललन प्रसाद सिंह ने कहा कि जीएसआई की सभी समस्याओं का समाधान करेंगे। उन्होंने कहा कि भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण, दक्षिणी क्षेत्र के सभी अधिकारी एवं कर्मचारी एवं स्टाफ सदस्य जीएसआई के विकास के लिए प्रयास किये जाने चाहिए।

कार्यक्रम में अखिल भारतीय जीएसआई अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति कर्मचारी कल्याण संगठन की क्षेत्रीय सचिव मधिरा सत्यनारायण, एसोसिएशन के प्रतिनिधि ई. चंद्रैया, बी. आनंद कुमार, बी.के. अमरनाथ, एम. चेक्रेश्वर, बी. विजय लक्ष्मी, ए. मेघराज, जी. यदागिरि, डी. दयानंद, ए महेश, के. अनिल कुमार, राजा कुमार राजा और अन्य ने भाग लिया।

# अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और मजबूत सरकार चुनें : भजन





**हैदराबाद, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मेडचल स्थित श्रीनिवास कल्याण मण्डपम में प्रवासी भारतीय समेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मुख्य अथिति के रूप में उपस्थित हुए। कैलाश प्रजापति ने बताया कि प्रवासी समाज एवं मारवाड़ी युवा मंच मेडचल द्वारा आयोजित किया गया। जिस में राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने अपने सम्बोधन में मतदाताओं से आह्वान किया कि ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में मतदान करें और करवाएं और अच्छी सरकार को चुनें।

कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्व एमएलसी राम चंद्र राव, मधु-सूदन गोली , विक्रम रेड्डी, विजय सुराना, जिग्नेश गोकानी और अन्य प्रवासी पदाधिकारियों का मार्गदर्शन और सहयोग रहा। इस कार्यक्रम में पधारे सभी सनातन धर्म प्रेमियों के लिए भोजन की व्यवस्था रखी गई।

इस अवसर पर मल्काजगिरि प्रत्याशी ईटेला राजेंद्र, राजस्थान प्रदेश के पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़, ओम प्रकाश बडना मंत्री राजस्थान सरकार, मेडचल ज़िला अध्यक्ष विक्रम रेड्डी, तेलंगाना भाजपा के कोषाध्यक्ष विजय सुराना, युवा नेता हनुमंत धनवा, लक्ष्मीकान्त शर्मा, भीकाराम गुर्जर, सो-हनलाल काड़ेल, सोहन सिंह राजपुरोहित, अविनाश देवड़ा, शांतिलाल सुतार, राजेंद्र प्रजापति, विजय कुमार, बहादुर गुर्जर, राजीव अचारीय, हनुमान कच्छवा, शंकर सिंह, नन्दा रेड्डी, जयेश सोलंकी, सुरेश देवड़ा, शेषमाल सिरवी, प्रकाश सिरवी, सोहनलाल मोहनलाल सिरवी, ओम प्रकाश प्रजापति एवं अन्य उपस्थित हुए।

# इफको ने मारुत ड्रोन के साथ कृषि क्षेत्र में की साझेदारी

**हैदराबाद, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।** इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) ने आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में पांच लाख एकड़ कृषि भूमि क्षेत्र में ड्रोन स्प्रे का संचालन करने के लिए मारुत ड्रोन के साथ साझेदारी की है। हैदराबाद स्थित ड्रोन प्रौद्योगिकी निर्माता कंपनी ने गुरुवार को यहां एक विज्ञप्ति में कहा कि यह सहयोग दोनों तेलुगु राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में कृषि उत्पादकता एवं दक्षता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।इस समझौते के अंतर्गत, मारुत ड्रोन इफको कृषि उत्पादों द्वारा विकसित कृषि आदानों की एक श्रृंखला का प्रबंधन करने के लिए अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग करेगा। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरणीय प्रभाव में कमी लाते हुए फसल पैदावार में सुधार लाना है, अंततः स्थायी कृषि प्रथाओं में योगदान देना है।



इस साझेदारी की प्रमुख विशेषताओं में से एक ग्रामीण उद्यमियों के बीच ड्रोन प्रौद्योगिकी की मांग को बढ़ावा देना है जो पहले से ही इसमें निवेश कर चुके हैं। किसानों को ड्रोन एक सेवा (डीएएएस) प्रदान करके, यह सहयोग स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाता है और स्वरोजगार के अवसरों को बढ़ावा देता है। इसके अतिरिक्त, इच्छुक व्यक्ति कृषि ड्रोन की प्राप्ति के लिए सरकारी सब्सिडी का लाभ उठा सकते हैं, इस पहल में अपनी भागीद-ारी को सुविधाजनक बना सकते हैं और भुगतान-प्रति-एकड़ के आधार पर किसानों को ड्रोन सेवाएं प्रदान करने में सक्षम बना सकते हैं।

मारुत ड्रोन के सह-संस्थापक और सीईओ प्रेम कुमार ने कहा, यह सहयोग खेती के तरीकों में एक आदर्श बदलाव को दर्शाता है, जिससे किसानों का कीटनाशकों के साथ सीधे संपर्क को कमी आती है, जिससे उनके स्वास्थ्य की रक्षा होती है। इसके अलावा, ड्रोन का उपयोग शारीरिक रूप से लगने वाले समय से बहुत कम समय में कार्यों को पूरा करता है और श्रमिकों की कमी को पूरा करता है, जिससे परिचालन दक्षता में बहुत वृद्धि होती है।

# देहदान से भी अधिक पुण्यकर्म है मतदान

- 1946 के जनमत संग्रह में वोट नहीं डालने वाले लोगों ने क्या पाप किया, उसे आज तक पीढ़ियां भुगत रही हैं।
- 2024 के लोकसभा चुनाव में वोट नहीं डालने वाले लोगों का पाप, पीढ़ियां कितने दर्दनाक तरीके से भुगतेंगी इसकी कल्पना करें।
- तब कट्टर कत्लेआम और धर्मांध बलात्कार की परिणति में पाकिस्तान बना।
- अब क्या बनेगा???
- हम चेतते क्यों नहीं???
- हम वोट क्यों नहीं देते???
- पीढ़ियां पुरखों से ये सवाल पूछती रहेंगी और कोसती रहेंगी।
- भविष्य के इन सवालों से बचें, आलस छोड़ें, वोट डालने निकलें...



जय हिंद

ROCKRAFT™

Kreated by Nature, Krafted for You....

EXPERIENCE CENTER FOR
**LUXURY NATURAL STONE**

7-3-45/A, GAGAN PAHAD
OPPOSITE TO INDIAN PETROL PUMP
MANDAL - RAJENDRA NAGAR, RR DISTRICT-500052.

# घोषणाएं कर उन्हें पूरा न करना कांग्रेस की फितरत रही : ईटेला राजेंद्र

* चुनाव प्रचार के दौरान भाजपा प्रत्याशी ने गिनाईं मोदी सरकार की उपलब्धियां
* मोदीजी ने संकल्प पत्र में किए गए अपने प्रत्येक वादे को समयबद्ध पूरा किया
* मल्काजगिरि को बनाऊंगा देश का नंबर वन संसदीय क्षेत्र, करूंगा भरपूर विकास
* भारत राष्ट्र समिति डूबता जहाज, उसे वोट करना अपना अमूल्य वोट बेकार करना है





**हैदराबाद, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मल्काजगिरि संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी ईटेला राजेंद्र ने गुरुवार को जबरदस्त चुनाव प्रचार अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने कई बस्तियों का भ्रमण किया और लोगों से आत्मीयता के साथ बातचीत की। भाजपा प्रत्याशी ईटेला का लोगों ने जगह-जगह जोरदार स्वागत किया और उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने का आश्वासन भी दिया। भाजपा प्रत्याशी ईटेला राजेंद्र ने चुनाव प्रचार अभियान के तहत आज एलबी नगर विधानसभा क्षेत्र के चम्पापेट में आर्य वैश्य असोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी शामिल हुए। इस अवसपर उन्होंने कहा की संसदीय परंपराओं पर उनकी बहुत ही अच्छी पकड़ है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि संसद में जनसमस्याएं कैसे उठाई जाती हैं और उनका निराकरण कैसे करवाया जाता है यह भी उन्हें बहुत अच्छी तरह से आता है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि वह एलबी नगर सहित समस्त मल्काजगिरि संसदीय क्षेत्र का भरपूर विकास करूंगा। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में मल्काजगिरि संसदीय क्षेत्र का इतना विकास होगा कि वह देश भर में सबसे अधिक विकसित संसदीय क्षेत्र के रूप में अपना नाम दर्ज कराएगा। प्रचार अभियान के तहत भाजपा प्रत्याशी ईटेला राजेंद्र नंदनवनम में भी घर घर प्रचार किया और बस्ती के लोगों से मिले। इस दौरान बस्ती के निवासियों ने उनका जोरदार स्वागत



किया तथा उनकी जीत सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। इससे पहले भाजपा प्रत्याशी ने नगौल डिवीजन में शिवागंगा से कालोनी में भी प्रचार किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि इतने काम समय में इतने अधिक लोगों का जो अपार समर्थन मिल रहा है जो वह उनके लिए बहुत ही ख़ुशी की बात है। चुनाव प्रचार अभियान के तहत हबसीगुड़ा में बैंक के सेवानिवृत्तकर्मचारियों द्वारा आयोजित कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। कार्यक्रम में उद्योगपति सुधाकर गंडे, गम्पा नागेश्वर राव, दुर्गा प्रसाद, फिल्म सेंसर बोर्ड सदस्य श्रीनिवास राजू, अधिवक्ता आनंद सहित कई गणमान्य लोग भी कार्यक्रम मर शामिल हुए। इससे पहले हयातनगर स्थित बंजारा कालोनी में बहुत बढ़िया कार्यक्रम हुआ। बंजारा बस्ती के लोग कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में भाजपा रंगरेड्डी जिले के इंचार्ज, रंगारेड्डी कार्पोरेटर्स, नरसिम्हा रेड्डी, चिन्तला, सरिता सुरेंद्र यादव सहित भारी संख्या में लोग शामिल हुए। इस दौरान ईटेला राजेंद्र ने बस्ती के लोगों से खुलकर बातचीत की। चुनाव प्रचार अभियान के तहत ईटेला राजेंद्र ने कहा कि तेलंगाना में जनता कांग्रेस के कुशासन और भ्रष्टाचार से त्रस्त है। इससे आजिज आकर अब जनता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रत्याशियों को प्रचण्ड बहुमत देने का मन बना चुकी है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से पहले देश को भ्रष्टाचार, आतंकवादी घटनाएं, तुष्टिकरण की राजनीति और घोटालों का आए दिन सामना करना पड़ता था लेकिन नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में परिस्थितियां बदलीं तथा देश विकास के पथ पर अग्रसर होता चला गया।उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने घर-घर शौचालय, किसान सम्मान निधि, हर घर नल से जल, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी विभिन्न योजनाओं तथा कार्यक्रमों से सहित सभी वर्गों को राहत पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से देश के पूर्व प्रधानमंत्री ने कहा था कि संसाधनों का सबसे अधिक प्रयोग मुस्लिम वर्ग के कल्याण के लिए किया जाए जबकि श्री मोदी इस तरह की तुष्टिकरण की राजनीति नहीं करते हैं। वह दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को आगे ले जाते हुए सबके लिए समान रुप से काम करते हुए दुनिया में देश का नाम रोशन कर रहे हैं।

ईटेला राजेंद्र कहा कि कांग्रेस भाजपा लोग बाबा साहब अम्बेडकर के बनाए संविधान के अनुसार कार्य करती है लेकिन कांग्रेस ने हमेशा उनको जलील किया तथा कभी कांग्रेस पार्टी से टिकट भी नहीं दिया। रियासतों को एकीकरण करने वाले सरदार वल्लभ भाई पटेल को भी कांग्रेस भूल गई। कांग्रेस को राष्ट्र की चिंता ना होकर केवल एक ही परिवार की चिंता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी घोषणा पत्र में केवल घोषणा ही करती है तथा किसी भी वादे को पूरा नहीं करती है जबकि मोदीजी ने संकल्प पत्र में किए गए अपने प्रत्येक वादे को समयबद्ध पूरा किया है।

ईटेला राजेंद्र ने कहा कि पीएम मोदी ने महिलाओं के 12 करोड़ शौचालय बनवाए। विपक्षी पार्टियां महिलाओं से कहा रही हैं कि वे मोदी को वोट न दें और महिलाएं विपक्षी पार्टियों से सवाल कर रही हैं कि हम मोदी को वोट क्यों न दें। महिलाओं ने भी मोदी को जिताने का मन बना लिया है। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि मोदी सरकार ने 2 हजार करोड़ की लागत से सिकंदराबाद, नामपल्ली काचीगुडा रेलवे स्टेशनों का विकास किया। अपने पुराने दिनों को याद करते हुए भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि उस समय मुझे बहुत दुःख हुआ जब मैं छात्रावासों का निरीक्षण करने गया तो देखा कि छात्रों को जो चावल खाने को दिया जा रहा है वह बहुत ही घटिया किस्म का है। वह मैं ही था जिसने छात्रावासों में बेहतर चावल उपलब्ध करवाया था। उन्होंने कहा कि तेलंगाना का स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए कोरोना के दौरान मैंने देखा कि कोई भी कोरोना मरीजों तक नहीं जा रहा है वह मैं ही था जो कोरोना मरीजों से मिला और उनकी जितनी मदद हो सकती थी मैंने की। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि बीते दस वर्षो से देश में शांति रही। पाकिस्तान में की गई सर्जिकल स्ट्राइक को देखते हुए पूरी दुनिया ने पीएम मोदी का लोहा माना। आज कोई भी देश भारत को आंख दिखाने की हिम्मत नहीं कर सकता। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि भारत राष्ट्र समिति एक डूबता जहाज है ऐसे में उसे वोट देना अपने वोट को बर्बाद करना है। भाजपा प्रत्याशी ने कहा कि अगर आप मुझे जिताते हैं तो मलकाजगिरी संसदीय क्षेत्र की सभी समस्याओं का समाधान करूंगा। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि रेवंत रेड्डी सुबह से लेकर सोने तक और खाने से लेकर उठते-बैठते हर समय झूठ बोलते हैं। ईटेला राजेंद्र ने कहा कि अगर रेवंत रेड्डी में नैतिकता होती तो वह लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार के लिए आने से पहले विधानसभा चुनाव में जनता से किए गए अपने सभी वादों को पूरा करते। भाजपा प्रत्याशी ने आरोप लगाया कि रेवंत रेड्डी को अब खुद याद नहीं होगा कि उन्होंने विधानसभा चुनाव के दौरान जनता से क्या वादे किए थे और क्या गारंटियां दी थीं। ईटेला ने कहा कि गारंटी सिर्फ विधानसभा चुनाव जीतने के लिए दी गईं थी। अब वह फिर लोगों से झूठा वादा कर रहे हैं पर जनता कांग्रेस की वादा खिलाफी को अच्छी तरह से पहचान गई है। अब तेलंगाना और मल्काजगिरि की जनता कांग्रेस को कड़ा सबक सिखाएगी। उन्होंने कहा कि मैंने जनप्रतिनिधि रहते हुए विकलांग, महिलाओं, आशा वर्कर, आरटीसी वर्कर्स, ग्राम पंचायत वर्कर्स से मुलाकात कर मैंने उनकी समस्याओं का समाधान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मोदी सरकार ने 2 लाख 23 हजार आवास गरीबों के लिए केसीआर सरकार के दौरान मंजूर किए थे पर केसीआर ने उन आवासों को नहीं बनवाया। उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सभी गरीबों को मकान भाजपा देगी। ईटेला ने कहा कि रेवंत रेड्डी राहुल गांधी को प्रधानमंत्री बनाने की बात कर रहे हैं जबकि वह अपने ही वादों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं।

## 25 बीआरएस विधायक 5 जून को कांग्रेस में शामिल होंगे : कोमाटिरेड्डी

**हैदराबाद, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मंत्री कोमाटिरेड्डी वेंकट रेड्डी ने दावा किया कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के 25 विधायक 5 जून को सत्तारूढ़ कांग्रेस में शामिल होंगे। कांग्रेस नेता ने भविष्यवाणी की कि बीआरएस को चुनाव में राज्य से दो से अधिक लोकसभा सीटें नहीं मिलेंगी और पार्टी खाली हो जाएगी क्योंकि लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के तुरंत बाद 25 विधायक कांग्रेस में शामिल हो जाएंगे। वेंकट रेड्डी ने यह भी दावा किया कि लोकसभा चुनाव में छह बीआरएस उम्मीदवारों ने कांग्रेस में शामिल होने के लिए उनसे संपर्क किया था। मंत्री ने यह विश्वास भी जताया कि कांग्रेस राज्य की 17 लोकसभा सीटों में से 12 सीटें जीतेगी।



उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने उन्हें 15 सीटों का लक्ष्य दिया है। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से 12 सीटें जीत रहे हैं। कुछ सीटों पर कड़ी प्रतिस्पर्धा है। हम उनका भी पता लगा लेंगे। प्रेस से मिलिए कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि रेवंत रेड्डी अगले 10 साल तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे।कांग्रेस नेता ने कहा कि परिसीमन प्रक्रिया से राज्य में विधानसभा सीटों की संख्या मौजूदा 119 से बढ़कर 154 हो जाएगी। उन्हें विश्वास है कि परिसीमन के बाद कांग्रेस 125 सीटें जी-तेगी। वेंकट रेड्डी ने बीआरएस नेता के. कविता पर दिल्ली शराब घोटाले में अपनी संलिप्तता से तेलंगाना का नाम खराब करने का भी आरोप लगाया। बताते चलें कि नवंबर 2023 में हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के हाथों सत्ता गंवाने वाली बीआरएस पहले ही सत्तारूढ़ दल के हाथों अपने तीन विधायक खो चुकी है।






## मिधानि ने अपने एमपीएचसीसी की दूसरी वर्षगांठ मनाई

**हैदराबाद, 09 मई (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

रक्षा मंत्रालय का सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम (पीएसयू) मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि), हैदराबाद ने बुधवार को कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत स्थापित अपने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (एमपीएचसीसी) की दूसरी वर्षगांठ मनाई। यह एक अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधा है जो आम जनता, विशेषकर बीपीएल के लिए सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती है। इस उपलक्ष्य में नए चिकित्सा उपकरणों और सुविधा की पहली मंजिल के विस्तार का उद्घाटन किया गया। नए चिकित्सा उपकरण और विस्तारित सुविधा का उद्घाटन मिधानि के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजय कुमार झा ने निदेशक वित्त एन गौरी शंकर राव, निदेशक एवं उत्पादन टी मुत्तु कुमार, महाप्रबंधक(वित्त एवं लेखा) तथा एमपीएचसीसी ट्रस्ट अध्यक्ष श्रीमती के मधुबाला, सीएमओ डॉ. पी वीरा राजू, एजीएम एचआर वी हरि कृष्ण, डीजीएम क्रय एमबी इंदु, डीजीएम वित्त के. विजय सिंह और मिधानि के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। उल्लेखनीय है कि एमपीएचसीसी में 2022 के प्रतिदिन 20 रोगियों की संख्या से बढ़कर 2024 में 100 रोगियों की संख्या तक पहुंच गई। पंजीकृत रोगियों की कुल संख्या लगभग 14000 है और जिनमें



से 13000 गरीबी रेखा से नीचे हैं और बाकी गैर-बीपीएल रोगी हैं। एमपीएचसीसी ने इन दो वर्षों में लगभग 20,000 मरीजों की देखभाल की है और यह संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।

एमपीएचसीसी समय-समय पर स्थानीय अस्पतालों के सहयोग से विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रम जैसे नेत्र शिविर, कार्डियोलॉजी शिविर, हड्डी रोग शिविर, स्त्री रोग शिविर आदि आयोजित करता है। अब तक 8 नेत्र शिविर आयोजित किए गए हैं और कॉर्पोरेट नेत्र अस्पतालों के सहयोग से कुल 30 रोगियों का मोतियाबिंद सर्जरी का निःशुल्क इलाज किया गया है। इसके अलावा, केराली गांव, विकाराबाद गांवों में आउटडोर मेडिकल कैंप आयोजित किए गए, जिसमें सामान्य चिकित्सा, आर्थोपेडिक, कार्डियोलॉजी, स्त्री रोग, ईएनटी शामिल थे जहां 300 से अधिक लोगों ने एमपीएचसीसी की सेवाओं का लाभ उठाया। एमपीएचसीसी बीपी, शुगर और एनीमिया जैसी पुरानी बीमारियों के लिए मुफ्त दवाओं की आपूर्ति भी करता है और अब तक 1200 लोग इस सेवा का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। एमपीएचसीसी के पास एक अच्छी तरह से स्थापित प्रयोगशाला सुविधा और प्राथमिक स्वास्थ्य समस्याओं के लिए छह बिस्तरों वाला कैजुअल्टी/डे केयर सेंटर भी है।






स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.